CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

लखनऊ, बुधवार 15 अक्टूबर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 345 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी की सुरक्षा पेज 2




केएल राहुल का अर्धशतक, भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता खेल टाइम्स



बिहार विधानसभा चुनावः पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी सम्पादकीय



गाजा में इजरायल ने मचाई 13 परमाणु बमों जितनी तबाहीः यूएन पेज 12


## भारत एक महान देश, मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्तः ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ**

शर्म अल शेख, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है और मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त वहीं शीर्ष पर हैं।

उन्होंने शानदार काम किया है। ट्रम्प ने यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल-शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान दिया, जो गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद मिस्र में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में ट्रम्प ने पीएम मोदी को अपना बहुत अच्छा मित्र करार दिया और भारत की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा कि भारत एक महान देश है और उसके शीर्ष पर मेरा एक बहुत अच्छा मित्र है, जिसने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। बता दें कि इस दौरान खास बात यह रही कि जब ट्रम्प पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उनके पीछे ही खड़े थे। मोदी की तारीफ करते समय ट्रम्प ने शहबाज की ओर भी देखा। इस पर शरीफ ने मुस्कुराते हुए ट्रम्प की बात का स्वागत किया।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वर्षों की पीड़ा और रक्तपात के बाद, गाजा में युद्ध समाप्त हो गया है। अब मानवीय सहायता पहुंच रही है, जिसमें सैकड़ों ट्रक भरकर भोजन, चिकित्सा उपकरण और अन्य सामग्री शामिल है, जिसका अधिकांश भुगतान इस कमरे में बैठे लोगों द्वारा किया जा रहा है। नागरिक अपने घरों को लौट रहे हैं। बंधकों का पुनर्मिलन हो रहा है... एक नए और खूबसूरत दिन को उगते देखना बहुत ही सुंदर है और अब पुनर्निर्माण शुरू हो रहा है। इस दौरान ट्रम्प ने गाजा शांति शिखर सम्मेलन में कहा कि यह मध्य पूर्व से परे दुनिया के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि गाजा का समर्थन लोगों के उत्थान के लिए ही किया जाना चाहिए। लेकिन हम अतीत में हुए रक्तपात, घृणा या आतंक से जुड़ी किसी भी चीज को वित्तपोषित नहीं करना चाहते। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि गाजा के पुनर्निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि इसे विसैन्यीकृत किया जाए और गाजा में लोगों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए एक नए ईमानदार नागरिक पुलिस बल की स्थापना की जाए।

## दिल्ली-NCR में ग्रैप-1 लागू

- बढ़ते प्रदूषण को लेकर उठाया गया कदम
- 211 दर्ज किया गया एक्यूआई, लगेंगी पाबंदियां

**नई दिल्ली।** राजधानी में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण मंगलवार से लागू कर दिया गया है।

मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 211 (खराब श्रेणी) में दर्ज किया गया। इसके अलावा, आईएमडी के पूर्वानुमान में भी आने वाले दिनों में एक्यूआई के खराब श्रेणी में बने रहने की भविष्यवाणी की गई है। आमतौर पर ग्रैप-1 तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता है। ग्रैप-1 लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयले और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा पेट्रोल के पुराने और डीजल वाहनों के संचालन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। साथ ही निर्माण और विध्वंस गतिविधियों में धूल शमन उपायों और सीएंडडी कचरे के ठोस पर्यावरण प्रबंधन पर निर्देशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सितम्बर में थोक महंगाई दर घटकर 0.13 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** सितम्बर महीने में थोक महंगाई दर में मामूली गिरावट देखी गई। इस दौरान खाने-पीने की चीजों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी दिखी। इसके असर से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) घटकर 0.13 प्रतिशत पर पहुंच गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई। थोक महंगाई दर अगस्त में 0.52 प्रतिशत तथा पिछले वर्ष सितम्बर में 1.91 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सितम्बर 2025 में थोक महंगाई के सकारात्मक रहने का कारण खाद्य उत्पादों, गैर-खाद्य वस्तुओं, परिवहन उपकरणों और कपड़ों के विनिर्माण कीमतों में वृद्धि है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सितम्बर में 5.22 प्रतिशत की गिरावट दिखी। अगस्त में इसकी कीमतें 3.06 कम हुई थी। इस दौरान सब्जियों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की कीमतों में सितम्बर में 24.41 प्रतिशत की नरमी आई।

### कर्नाटक में मालूर विस का चुनाव रद्द पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के मालूर विधानसभा का चुनाव रद्द करने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को रोक लगाते हुए पुनर्मतगणना का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाले कांग्रेस विधायक नानजेगौड़ा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने चुनाव याचिका में सात मुद्दे तय किए थे, लेकिन एक पर भी फैसला नहीं सुनाया। इस दलील पर शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उक्त आदेश पर रोक लगाई।

### वरिष्ठ पुलिस अफसरों के घर गिफ्ट ले जाने पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दीपावली के अवसर पर कोई भी पुलिसकर्मी या अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर उपहार, मिठाई या फूल लेकर न जाए। पुलिस कमिश्नर कार्यालय से जारी इस सर्कुलर में कहा गया है कि इस निर्देश का उल्लंघन अनुशासनहीनता मानी जाएगी और इसे प्रतिकूल दृष्टि से देखा जाएगा। यह आदेश जिला पुलिस उपाधीक्षक (डीसीपी) मुख्यालय-द्वितीय बी. भारत रेड्डी द्वारा जारी किया गया है।

### नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों ने किया दो आतंकियों को ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी सतर्कता के बीच सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों को भारी बर्फबारी के कारण पहाड़ी दर्रे बंद होने से पहले ऐसी कोशिशों में बढ़ोतरी की आशंका है।

# यूपी के 14.82 लाख राज्य कर्मियों को दिवाली गिफ्ट

## योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है।

प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रुपये का लाभ मिलेगा। दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन- प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें।



यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है: सीएम योगी

### सीएम योगी महिलाओं को देंगे निःशुल्क सिलेंडर का उपहार

- आज लोकभवन सभागार में योजना का करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित परिवारों को राहत देते हुए दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का निर्णय लिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार में इस योजना का शुभारंभ करेंगे और पात्र महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का उपहार सौंपेंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में की गई थी, ताकि वे ग्रामीण और वंचित परिवार जो अब तक लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले जैसे पारंपरिक ईंधन का उपयोग कर रहे थे, उन्हें एलपीजी जैसे स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिल सके। इस योजना ने ग्रामीण भारत की रसोई को न केवल धुएं से मुक्त किया, बल्कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को भी कम किया।

## भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं पाक

### पहलगाम जैसी हरकत दोहराई, तो अंजाम होंगे भयावह

**पाकिस्तान को चेतावनी**




- पश्चिमी सेना के कमांडर का ऐलान
- ऑपरेशन सिंदूर 2.0 होगा ज्यादा घातक,
- कैसे ध्वस्त किए थे पाक में आतंकी ठिकाने डीजीएमओ ने दिखाए सबूत

**जम्मू/नई दिल्ली।** पश्चिमी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 पहले से अधिक घातक और शक्तिशाली होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है, लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर कोशिश कर सकता है।

पत्रकारों से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि इस बार जो कार्रवाई होगी वह पहले से कहीं ज्यादा घातक होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। पाकिस्तान की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अब भी जारी है, और भारतीय सेना इसके खिलाफ पूरी तरह तैयार है। जनरल कटियार के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के कई पोस्ट और एयरबेस तबाह कर दिए थे। लेकिन वह फिर से कोई साजिश कर सकता है। हमें सतर्क रहना होगा और हम पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान फिर से पहले जैसी हरकत करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन उसमें हमारे सामने खुलकर लड़ने की हिम्मत नहीं है। भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए तैयार है। इसके -**शेष पृष्ठ दो पर**

### कुछ देश खुलेआम अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे: राजनाथ

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों के प्रमुखों के सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लिए, शांति स्थापना कभी भी एक विकल्प नहीं रही, बल्कि एक आस्था का विषय रही है। हमारी आजादी के आरंभ से ही, भारत अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के संयुक्त राष्ट्र के मिशन में उसके साथ मजबूती से खड़ा रहा है। हम सभी जानते हैं कि शांति स्थापना एक सैन्य मिशन से कहीं बढ़कर है, यह एक साझा जिम्मेदारी है। यह हमें याद दिलाता है कि संघर्षों और हिंसा से ऊपर मानवता है, जिसे बनाए रखने की जरूरत है और इसीलिए जब युद्ध और अभाव से त्रस्त लोग ब्लू हेल्मेट्स को देखते हैं, तो उन्हें यह एहसास होता है कि दुनिया ने उन्हें त्यागा नहीं है।

## देश में इस बार 110 साल की तीसरी सबसे तेज ठंड पड़ेगी

### हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में इस बार तेज ठंड पड़ेगी, क्योंकि ऊपरी हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा समय से दो महीने पहले ही बर्फ से ढक गया है। पिछले दिनों आए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पूरे हिमालय पर तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कम बना हुआ है। इस वजह से ताजा बर्फ फिलहाल पिघल नहीं रही। यह अच्छा संकेत है।

दिसम्बर में ला नीना सक्रिय हो रहा है, जो प्रशांत महासागर के तापमान के सामान्य से ठंडा होने की एक मौसमी घटना है। इसके कारण भारत में अच्छी बारिश और ज्यादा ठंड पड़ती है। ऊपरी हिमालय यानी 4 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में औसत तापमान माइनस 15डिग्री सेल्सियस या उससे भी कम रहता है। ला नीना के कारण उत्तर, मध्य और पूर्वी भागों में औसत तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। मध्य प्रदेश में ठंड ने समय से पहले दस्तक दे दी है। भोपाल में मिनिमम टेम्परेचर 15.8डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है। भोपाल में यह तापमान पिछले 26 साल में अक्टूबर के पहले पखवाड़े में तीसरी बार इतना कम रिकॉर्ड हुआ है। इधर, राजस्थान में दिन और रात के तापमान में अंतर नजर आने लगा है। सीकर में रात का मिनिमम टेम्परेचर 15डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के ऊपरी हिस्सों पर पहाड़ों पर बर्फ जमने लगी है। डा. मेहता के मुताबिक ताजा बर्फबारी ने ग्लेशियरों की सेहत दुरुस्त होने के भी संकेत दिए हैं। हिमालय पर तापमान कम होने के चलते इस बार बर्फ पिघल नहीं रही। इससे ग्लेशियर 5 साल के लिए रिचार्ज हो जाएंगे। पूरे उत्तर भारत की नदियों के स्रोत नहीं सूखेंगे। सिक्किम, कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल से लेकर नेपाल तक पूरे उच्च हिमालय पर सफेद बर्फ की चादर बिछी हुई है।



- मप्र-राजस्थान में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

## चलती बस में लगी भीषण आग

### 10 से 12 लोगों के जिंदा जलने की आशंका

**जैसलमेर।** जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक निजी बस मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग की चपेट में आ गई। हादसे में तीन बच्चों और चार महिलाओं समेत करीब 15 यात्री झुलस गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से झुलसे यात्रियों को जोधपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में प्रथम दृष्ट्या करीब 10 से 12 लोगों के जिंदा जल जाने की आशंका है। जैसलमेर हादसे पर सीएम भजनलाल ने दुख जताया है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

।।शुभ मुहूर्त आया- होण्डा साथ लाया।।
धनतेरस व दीपावली की बुकिंग करने पर पायें निश्चित उपहार
पहले आओ......पहले पाओ.........
पहली बार ऐसे बम्पर ऑफर का लाभ उठायें
धनतेरस व दीपावली की शुरूआत की 200 बुकिंग पर पायें आकर्षक उपहार और Honda की Shine100 बाईक जीतन का सुनहरा मौका
जल्दी करें कहीं यह बम्पर ऑफर का मौका हाथ से छूट ना जाये।
HONDA
धनतेरस बुकिंग पर स्क्रैच कूपन द्वारा निश्चित उपहार



अंश होण्डा
जानसठ रोड, निकट एस.डी. इंजिनियरिंग कॉलेज मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)
9634444261, 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### न्याय पाने को भटक रहा है पूरन कुमार का परिवार: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। वे दर दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है। उन्होंने लिखा- हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने हाल ही में जातिगत उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उनका परिवार न्याय के लिए भटक रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### दीपावली के मद्देनजर नेपाल सीमा पर अलर्ट

**बस्ती।** दीपावली के पर्व एवं अयोध्या दीपोत्सव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी ने मंगलवार को कहा कि बस्ती परिक्षेत्र का सिद्धार्थनगर जिला नेपाल सीमा से सटा हुआ है। सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान निरन्तर चौकसी बरत रहे हैं। 20 अक्टूबर को अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस दौरान बस्ती जिले में भी सुरक्षा के लिए अलर्ट जारी किया गया है। सीमा से सटे सभी थाने, चौकियां सतर्क रहेंगी और हर आने-जाने पर पैनी निगाह रखेंगी।

### नगरों में तीव्र गति से बदल रहा विकास का स्वरूप

# यूपी में बनेगी व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नगरों के तीव्र गति से बदलते विकास स्वरूप को देखते हुए अब एक व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति की आवश्यकता है। यह नीति केवल भवनों के पुनर्निर्माण तक सीमित न रहकर शहरों के समग्र पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त करेगी।

हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं। इनके पुनर्जीवन के लिए ऐसी नीति आवश्यक है, जो आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय करे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को आवास विभाग की बैठक में कहा, नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। नीति में ऐसे प्रावधान किए जाएं, जिनसे निवास योग्य, सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगरों का निर्माण सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नीति में भूमि पुनर्गठन, निजी निवेश को प्रोत्साहन, पारदर्शी पुनर्वास व्यवस्था और प्रभावित परिवारों की आजीविका की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। हर परियोजना में 'जनहित सर्वोपरि' की भावना हो तथा किसी की संपत्ति या जीविका पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिए न्यायसंगत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। सीएम योगी ने कहा, नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की सिंगल विंडो अप्रूवल प्रणाली व पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। निवेशकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश, प्रोत्साहन और सुरक्षा दी जाए, ताकि निजी क्षेत्र पुनर्विकास में सक्रिय भागीदारी कर सके। साथ ही हर परियोजना में हरित भवन मानक, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के प्रावधान अनिवार्य किए जाएं। नगरों की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुराने बाजारों, सरकारी आवास परिसरों, औद्योगिक क्षेत्रों और अनधिकृत बस्तियों के लिए क्षेत्रवार अलग रणनीति तैयार की जाए।



■ हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं: सीएम योगी

### ग्राम पंचायतों की समृद्धि आत्मनिर्भर भारत की नींव: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। इन इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्एक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले।

## सूचना का अधिकार सिर्फ कागजों पर जिंदा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जनता के शासन प्रशासन के कामकाज की जानकारी लेने वाले सूचना के अधिकार कानून को सिर्फ काग. जों पर जिंदा रखा है, लेकिन इसे व्यावहारिक रूप से खत्म कर दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इसको लेकर एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में विस्तार से लेख लिखकर कहा है कि यह कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का क्रांतिकारी विचार था, लेकिन जनता के इस अधिकार को मोदी सरकार ने किस तरह से ध्वस्त कर दिया है, उसका विवरण इस लेख में है। खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने लेख के बारे में जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया, कागज़ों पर तो आरटीआई जिंदा है, लेकिन व्यवहारिक तौर से मोदी सरकार ने इस क्रांतिकारी विचार की मशीनरी को ध्वस्त कर दिया है, जिसने कानून के जरिए ताकतवर लोगों को कमजोर लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया था। मैं मोदी सरकार द्वारा आरटीआई कानून को कुचले जाने पर लिख रहा हूं।



## उप्र में आठ सालों के दौरान 256 दुर्दांत अपराधी ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले आठ सालों में 256 दुर्दांत अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। इस दौरान 18 पुलिसकर्मी भी वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने मिशन शक्ति 5-0 के तहत पिछले बीस दिनों में एक दर्जन से अधिक मुठभेड़ों में कई अपराधियों को मार गिराया, जबकि कई को हॉफ एनकाउंटर में दबोचा। पुलिस ने बीते सोमवार को मेरठ में एक बच्ची के साथ दरिंदगी के मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश शहजाद उर्फ निक्की को ढेर किया, जबकि कुछ दिन पहले बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले बदमाशों को करारा जवाब दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश पुलिस ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड कार्रवाई करते हुए एनकाउंटर में 256 दुर्दांत अपरधियों को मुठभेड़ में ढेर कर यमलोक पहुंचाया है। इस दौरान पुलिस ने कुल 15,726 मुठभेड़ की कार्रवाइयां कीं, जिनमें 31,960 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एनकाउंटर की कार्रवाई में 10,324 अपराधी घायल हुए। वहीं अपराधियों से लोहा लेते हुए 18 पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ ज़ोन में दर्ज की गईं, जहां पुलिस ने 4,453 कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 8,312 अपराधी दबोचे गए जबकि 3,131 अपराधी घायल हुए। वहीं 85 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मार गिराया गया। इस दौरान 461 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए। एनकाउंटर कार्रवाई ने पूरे प्रदेश में मेरठ जोन पहले स्थान पर रहा है। इसी तरह, वाराणसी ज़ोन में 1,108 मुठभेड़ हुई, जिनमें 2,128 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 27 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया। इस दौरान 688 अपराधी और 99 पुलिसकर्मी घायल हुए।

■ राज्य के 18 पुलिसकर्मी भी इस अवधि में मुठभेड़ों में वीरगति को प्राप्त हुए

# आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी सुरक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां ने वाई श्रेणी की सुरक्षा लेने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार की ओर से लिखित आदेश नहीं मिलता, तब तक वह सुरक्षा स्वीकार नहीं करेंगे।

जेल से रिहा होने के बाद आजम ने कहा कि उन्हें सुरक्षा दिए जाने की कोई आधिकारिक जानकारी या दस्तावेज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से उन्होंने कहा है कि पहले वह सरकार का आदेश लेकर आएं, तभी वह इस व्यवस्था को मानेंगे। सपा नेता ने कहा कि जब एक बार के विधायक को केंद्र सरकार के कमांडो मिल सकते हैं, तो मुझे केवल वाई श्रेणी की सुरक्षा क्यों दी गई है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि वाई श्रेणी की सुरक्षा में गाड़ी और अन्य खर्च का प्रावधान होता है, जिसका खर्च वह देने की स्थिति में नहीं हैं। जेल से बाहर आने के बाद से आजम लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं।

अब सुरक्षा को लेकर दिया गया यह बयान एक बार फिर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। सपा नेता पूर्व में 27 माह तक सीतापुर जेल में रहे थे। उस वक्त जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद उनको सुरक्षा वापस दे दी थी,लेकिन उस वक्त सपा नेता ने सुरक्षा वापस कर दी थी। 23 माह बाद जेल से रिहा होने के सपा नेता आजम खां को पूर्व में दी गई वाई श्रेणी की सुरक्षा को वापस कर दिया गया है। वह छह पुलिस कर्मियों की निगरानी में चौबीस घंटे रहेंगे। सपा नेता आजम खां दस बार के विधायक, एक बार के लोकसभा सदस्य व राज्यसभा के सदस्य के साथ ही पांच बार प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। 2012-2017 तक कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां की मुश्किलें भाजपा सरकार आने के बाद 2019 से बढ़नी शुरू हुई थीं। उन पर कानूनी शिकंजा कसता चला गया। एक के बाद एक सौ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हुए। डूंगरपुर, यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व डकैती के साथ ही मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए। 23 माह पहले उन्हें बेटे के जन्म प्रमाणपत्र के मामले में कोर्ट से सजा हुई थी, जिसके बाद बेटे अब्दुल्ला आजम खां व पत्नी डॉ. तजीन फात्मा के साथ जेल चले गए थे।

हालांकि अब सभी जमानत पर रिहा हो चुके हैं। उनको डूंगरपुर केस में भी सजा हो चुकी है। फिलहाल 23 माह बाद 23 सितम्बर को सीतापुर जेल से रिहा हो गए थे। जेल जाने से पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, जिसे अब वापस कर दिया गया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक वाई श्रेणी की सुरक्षा के तहत पांच पुलिस कर्मियों की एक गारद आवास पर तैनात होगी, जबकि तीन सुरक्षा कर्मी सपा नेता के साथ रहेंगे। वहीं एसपी विद्या सागर मिश्र ने कहा कि सपा नेता को पहले से ही वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। इसे खत्म नहीं किया गया था। अब फिर से सुरक्षा दे दी गई है।



■ पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ सपा नेता ने कहा: लिखित आदेश न मिलने तक नहीं लूंगा सुविधा



सेंसेक्स 82029.98
निफ्टी 25145.50



सोना रु. 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 184100
प्रति किलो




# वैश्विक तनाव से लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव के मद्देनजर मंगलवार को भारत समेत दुनिया के सभी देशों में शेयर बाजारों में गिरावट रही। सुबह लगभग 250 अंक की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स अंत में 297.07 अंक (0.36 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,029.98 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक में लगभग 800 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 81.85 अंक यानी 0.32 प्रतिशत नीचे 25,145.50 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को भी बाजार में गिरावट रही थी। कारोबारियों के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को देखते हुए निवेशकों ने शेयरों से पैसे निकालकर सोना और डेट में निवेश किया। इससे शेयर बाजार दबाव में रहे। बाजार में बिकवाली चौतरफा रही और एनएसई के सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, रियलिटी, फार्मा, धातु, एफएमसीजी, सार्वजनिक बैंक और स्वास्थ्य सेक्टरों पर अधिक दबाव रहा।



एनएसई में जिन 3,197 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 2,266 के शेयर लुढ़क गए। वहीं 836 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए जबकि 95 के अपरिवर्तित रहे। मझौली और छोटी कंपनियों पर अधिक दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.92 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.89 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य सात के हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस में सबसे अधिक 1.80 प्रतिशत, बीईएल में 1.76, टाटा स्टील में 1.71 और टीसीएस में 1.56 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 1.40 फीसदी, ट्रेंट का 1.38, एशियन पेंट्स का 1.22 और एक्सिस बैंक का 1.08 फीसदी गिरकर बंद हुआ। सनफार्मा, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स आईटीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.25 प्रतिशत की तेजी रही।

आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 2.58 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 1.73 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.62 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.98 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26 प्रतिशत नीचे था।

## स्वास्थ्य और सावधि जीवन बीमा की खरीद में जबरदस्त वृद्धि

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा को कर मुक्त करने के बाद इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। ऑनलाइन बीमा कंपनी पॉलिसीबाजार ने मंगलवार को बताया कि सितम्बर 2025 की तुलना में अक्टूबर में मांग में औसत वृद्धि ने कोरोना महामारी के दौरान देखी गई वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है। उसके प्लेटफॉर्म पर स्वास्थ्य बीमा की मांग में 1.7 गुना और सावधि (निश्चित समय के लिए) जीवन बीमा की मांग में 1.8 गुना वृद्धि हुई है। पीबी फिनटेक समूह के ज्वाइंट ग्रुप सीईओ सरबवीर सिंह ने कहा जीएसटी कटौती की घोषणा ने छिपी हुई मांग को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर कर शून्य करने के सरकार के फैसले को एक प्रगतिशील सुधार बताया, जो अनगिनत परिवारों को आश्वस्त करता है और उद्योग को पूरे आत्मविश्वास के साथ देश के हर कोने तक तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# चावल, चीनी मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमत में लगभग टिकाव रहा। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया जबकि चीनी महंगी हुई।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 39 रिंगिट घटकर 4,460 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपए बढ़कर 3,855.64 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव 2,853 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रही। आटे की कीमत आठ रुपए बढ़ी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 13 रुपए और सोया तेल की 31 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं सूरजमुखी तेल के दाम कमोबेश स्थिर रहे। वनस्पति 30 रुपए और मूंगफली तेल 87 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 23 रुपए महंगी हुई। तुअर दाल 193 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मूंग दाल की औसत कीमत तीन रुपए प्रति क्विंटल घट गई, जबकि उड़द दाल के भाव में टिकाव रहा। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत से युद्ध...** लिए हमें खासकर पूर्व सैनिकों और जनता के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि जब तक पाकिस्तान की सोच नहीं बदलती, तब तक इस तरह की हरकतें होती रहेंगी, लेकिन भारतीय सेना हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर है। वहींभारतीय सेना के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि अगर हम मुरीदके की बात करें, तो यह लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य आतंकी ठिकाना है। स्क्रीन पर जो भारतीय वायुसेना की स्ट्राइक दिख रही है, वह वहीं की है। इसमें पहले और बाद की तस्वीरें हैं, जिनमें कुछ अहम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह किया गया है। उन्होंने बताया कि ये हमले सात मई की सुबह के शुरुआती घंटों में किए गए थे। इन स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसके अलावा, बहावलपुर में भी ऐसे ही हमले किए गए। उन्होंने वहां की पहले और बाद की सैटेलाइट तस्वीरें दिखाईं, जिनमें साफ देखा जा सकता है कि रॉकेट और मिसाइलें कहां जाकर लगीं। लेफ्टिन जनरल राजीव घई ने कहा कि इन इलाकों में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच का खुला गठजोड़ साफ दिखाई दिया। यह इतनी स्पष्टता से दिखा कि हमें भी हैरानी हुई कि उन्होंने कोई एहतियात नहीं बरती। तस्वीरें खुद सारी कहानी बयान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित एक आतंकी को मारे गए आतंकियों की जनाजे की नमाज पढ़ाते हुए देखा गया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान सेना की चार कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) और कई अन्य बड़े अधिकारी भी इस जनाजे में शामिल हुए थे। डीजीएमओ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या 1980 के दशक के अंत में शुरू हुई थी। तबसे अब तक 28 हजार से ज्यादा आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक से अब तक अल्पसंख्यक समुदाय के एक लाख से अधिक लोगों को घाटी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिनमें करीब 60 हजार परिवार शामिल हैं। इस पूरे दौर में 15,000 से अधिक निर्दोष नागरिकों और 3,000 से ज्यादा सुरक्षा बलों के जवानों की जान जा चुकी है।

## आत्महत्या करने वाले केरल के युवक के मुद्दे पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने केरल में आरएसएस के लोगों के कथित दुर्व्यहार के बाद एक युवक के आत्महत्या करने की घटना के विरोध में मंगलवार को यहां प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि संघ की शाखाएं अब शोषण का अड्डा बन गई हैं। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि प्रदर्शन के लिए सगठन के सदस्य बड़ी संख्या में सुबह से उनके कार्यालय पर पहुंच गए थे। प्रदर्शन शुरु होने से पहले ही वहां युवकों का जमवाड़ा हो गया था और जैसे ही युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने यात्रा शुरु करने की इजाजत दी बड़ी संख्या में युवक हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए संगठन के मुख्यालय के बाहर एकत्रित हो गए।

## उप्र: कफ सिरप बनाने में हो रही अनदेखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में कफ सिरप बनाने के मानकों की अनदेखी हो रही है। कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए हैं। यह खुलासा हुआ है विभिन्न फर्मों की जांच में। अब केंद्रीय टीम भी उत्तर प्रदेश में निगाह गड़ा दी है। सोमवार को इस टीम ने हापुड़ में पांच नमूने लिए। यह टीम अन्य जिलों में भी रैंडम जांच करेगी। राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में भी जांच अभियान चलाया गया है। प्रदेश में मौजूद कफ सिरप बनाने वाली 37 कंपनियों में 17 सिरप निर्माण में लगी हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने इनकी जांच की। निर्मित सिरप के साथ ही कच्चे माल के भी नमूने लिए गए हैं। अब तक विभिन्न कंपनियों करीब 780 नमूने लैब में भेजे गए हैं। इनकी जांच शुरू हो गई है। इस बीच विभिन्न जिलों से आई जांच रिपोर्ट का आकलन किया गया, तो नतीजे चौकाने वाले मिले हैं। कंपनियों में स्वच्छता के मानकों की अनदेखी पाई गई है। निर्धारित उपकरणों का अभाव, कई जरूरी दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। ऐसे में लखनऊ, सहारनपुर, मथुरा और अलीगढ़ की एक-एक कंपनी में सिरप निर्माण कार्य रोक दिया गया है। अन्य को नोटिस जारी किया गया है। सिरप और कच्चे माल के नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए एफएसडीए की केंद्रीय टीम सोमवार से उत्तर प्रदेश में पहुंच गई है। हापुड़ में सिरप निर्माण में लगी फर्म की जांच की गई। मौके से पांच नमूने लिए गए हैं। आयुक्त और उप आयुक्त स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में गठित यह टीम स्थानीय औषधि निरीक्षक के साथ अलग-अलग जिलों में जाएगी। निर्माण में लगी कंपनी के साथ ही मेडिकल स्टोर से भी कफ सिरप के नमूने लेगी। इन नमूनों की जांच के बाद संबंधित निर्माता फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ में बरामद कोडिन कफ सिरप का बाजार पूरे प्रदेश में फैला है। पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया था कि उनके कारोबार के केंद्र में दवा से ज्यादा नशे में प्रयोग करने वाले हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने लखनऊ के मेडिकल स्टोरों से मिले दस्तावेजों की पड़ताल की, तो कई जिलों में यहां से बड़ी खेप पहुंची है।

■ कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने अपने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाजपा से सावधान रहें, जातीय भेदभाव व अपराध चरम पर: अखिलेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी समाज में नफरत और विघटन फैलाने का काम कर रही है।

उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा से सभी लोगों को सतर्क रहना होगा, क्योंकि प्रदेश में अपराधियों और प्रशासन की गहरी सांठ-गांठ के कारण कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य और शिक्षा पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जातीय उत्पीड़न और भेदभाव चरम पर है तथा यह पार्टी मूल रूप से जातिवादी सोच से प्रेरित है। समाजवादी पार्टी मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने गोमती नदी सहित प्रदेश की अन्य नदियों की दुर्दशा के लिए मुख्यमंत्री को सीधे जिम्मेदार ठहराया। कहा कि समाजवादी सरकार ने गोमती रिवर फंट बनाकर सफाई की व्यवस्था की थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। अब जब सरकार विदाई की कगार पर है, तो मुख्यमंत्री गोमती सफाई का दिखावा कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और दलितों पर अत्याचार की घटनाएं सबसे अधिक हैं। भाजपा सरकार फर्जी एनकाउंटरों का सहारा लेकर कानून व्यवस्था सुधारने का भ्रम फैलाना चाहती है, जबकि सुधार अच्छे अधिकारियों की तैनाती से ही संभव है। जातीय आधार पर तैनातियां होने से अपराध नियंत्रण असंभव है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई 1090 वीमेन पावर लाइन की सराहना सुप्रीम कोर्ट तक ने की थी, लेकिन भाजपा ने उसे भी समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में न्याय की उम्मीद व्यर्थ है। प्रदेश के भविष्य के लिए इस सरकार को हटाना आवश्यक है। गरीबों को इलाज नहीं मिल पा रहा, अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है और सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण दवा व इलाज उपलब्ध नहीं हैं। समाजवादी सरकार में गरीबों का इलाज पूरी तरह मुफ्त था और फिर से समाजवादी सरकार बनने पर गरीबों के लिए मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। दिव्यांगों को सुविधा के लिए इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर दी जाएगी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल, सांसद श्री छोटेलाल खरवार, विधायक श्री राममूर्ति वर्मा, प्रदीप यादव, अताउर रहमान, अमिताभ बाजपेई, आनंद यादव सहित बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देवां शरीफ उर्स में अखिलेश यादव की ओर से पेश होगी चादर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देवां शरीफ में सूफी संत हाजी वारिश अली शाह का वालषक उर्स इन दिनों पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ चल रहा है। देशभर से हजारों श्रद्धालु दरगाह पर मत्था टेकने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से भी उर्स के अवसर पर हाजी वारिश अली शाह की दरगाह पर चादर पेश की जाएगी। श्री अखिलेश यादव की ओर से चादर लेकर विधायक अताउर्रहमान, प्रदेश सचिव कय्यूम प्रधान, बाबा मुजम्मिल शाह, अकील अहमद, ऐजाज अहमद, मोहम्मद सईद और मौलाना तारिक देवां शरीफ रवाना हो गए हैं। ये सभी प्रतिनिधि उर्स में शरीक होकर दरगाह पर चादर पेश करेंगे और अमन, सलामती तथा खुशहाली की दुआ करेंगे।

# बंदर ने की 500 रुपये के नोटों की बारिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के गंगानगर जोन के सोरांव तहसील में मंगलवार सुबह एक बंदर ने पेड़ पर चढ़कर 500-500 रुपए के नोट लुटाए। पेड़ से नोटों की बारिश होते देख लोग उसे बटोरने लगे।

बंदर के पेड़ से नोटों की बारिश का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोरांव तहसील के आजाद सभागार के सामने एक युवक ने बाइक खड़ी की थी, वह किसी जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए तहसील आया था।बाइक की डिग्गी में उसने एक झोले में रुपए रखे थे,वह बाइक के आस-पास ही मौजूद था।युवक के जरा ओझल होते ही एक बंदर बाइक के करीब पहुंच गया। बंदर ने बाइक की डिग्गी खोली और एक बैग निकाल लिया। लोग जब बैग वापस लेने के लिए दौड़े तो उसे लेकर वह नजदीक के पीपल के पेड़ पर चढ़ गया, लोग बैग लौटाने के लिए नीचे से शोर मचाते और ईंट पत्थर मारते रहे, लेकिन बंदर ने बैग लौटने के बजाय बैग खोला और बैग के अंदर रखे पॉलिथीन से रुपए निकाले।

पेड़ पर बैठकर बंदर मजे से 500-500 रुपए के नोटों की बारिश करने लगा। पेड़ के नीचे मौजूद लोगों ने नोट बटोरे, आस-पास मौजूद लोगों ने जो नोट बटोरे थे उसे युवक को वापस कर दिया, इसके बाद युवक ने कहीं जाकर राहत की सांस ली, युवक की एक छोटी सी लापरवाही उसे बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचा सकती थी,हालांकि युवक ने अपनी पहचान बताने से इंकार कर दिया है।

# फसल को बीज जनित रोग व कीटों से बचाने के लिए बीज शोधन आवश्यक: कृषि अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने जनपद के सभी किसानों से अपील किया कि रबी फसलों के बीजों की बुवाई से पूर्व बीज शोधन एवं भूमि शोधन अवश्य करें, बीज शोधन से फसलें स्वस्थ रहती हैं तथा बीज जनित रोगों और कीटों से बचाव संभव होता है।

उन्होंने बताया कि अस्वस्थ बीजों से फसलों की पैदावार प्रभावित होती है, इसलिए किसान बुवाई से पहले बीज को विभिन्न रासायनिक दवाओं से उपचारित करें यथा-गेहूं के बीजों को फफूंदी से बचाने के लिए कार्बेन्डाजिम, मैनकोजेब, टेबुको नाजोल या थीरम दवाओं का उपयोग 75 ग्राम प्रति 50 किलोग्राम बीज की दर से करें तथा इसी प्रकार चना, मसूर, मटर, अरहर आदि दलहनी फसलों के बीजों का शोधन टेबुकोनाजोल या कार्बेन्डाजिम से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भूमि शोधन के लिए ट्राइकोडरमा-हरजिएनम का 2 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 (डब्लू0पी0) या विविडा जैव-फफूंदनाशी 2.5 से 3 किला. ग्राम प्रति एकड़ की दर से 60 किलोग्राम सड़ी हुई गोबर की खाद में मिलाकर बुवाई से पहले खेत में प्रयोग करना चाहिए। इससे मिटी में पनपने वाले हानिकारक फफूंद, कीट एवं रोगों का प्रभाव कम होता है।

क्रम में उन्होंने बताया कि किसान बीज व भूमि शोधन संबंधी जानकारी तथा फसलों की सुरक्षा उपायों के लिए विभाग द्वारा संचालित समग्र कृषि निगरानी एवं निवारण प्रणाली से जुड़ सकते हैं तथा इसके लिए मोबाइल नम्बर 9452247111 या 9452257111 पर अपना नाम, ग्राम, ब्लॉक एवं फसल का विवरण एस0एम0एस0 या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजें। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा किसानों को नियमित रूप से फसल सुरक्षा, रोग निदान एवं उपचार संबंधी सलाह दी जाती है।

## नवगठित कार्यकारिणी में उमेश प्रताप सिंह अध्यक्ष बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है, जिसमें उमेश प्रताप सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि नई टीम में संगठन विस्तार और शिक्षकों से संवाद को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की मूल धुरी है और भाजपा सरकार ने सदैव शिक्षकों के सम्मान व हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

# मौलाना कल्बे जवाद पर हमले से आक्रोश

## यूपी शिया वक्फ बोर्ड अध्यक्ष अली जैदी बोले: 'अमन तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा'



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी साहब पर हुए हमले ने पूरे प्रदेश में गहरी नाराजगी और चिंता पैदा कर दी है। इस घटना की हर वर्ग के लोगों ने कड़ी निंदा की है।

यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने बयान जारी करते हुए कहा कि मौलाना साहब पर हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि समाज में भाईचारे, अमन और इंसाफ की आवाज पर हमला है। अली जैदी ने कहा कि मौलाना कल्बे जवाद ने हमेशा देश और समाज में शांति, एकता और सद्भाव का संदेश दिया है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व लगातार नफरत फैलाने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हऐसे लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस हमले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि समाज में कानून व्यवस्था का विश्वास कायम रह सके। अली जैदी ने सरकार से यह भी आग्रह किया कि प्रदेशभर में वक्फ संपत्तियों और धार्मिक स्थलों पर हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, क्योंकि इन पर हो रहा कब्जा धार्मिक सौहार्द के लिए खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौलाना कल्बे जवाद हमेशा गरीबों, मजलूमों और दबे-कुचले लोगों की आवाज रहे हैं, इसलिए उन पर हमला पूरी कौम और इंसाफ के हक में उठाई गई आवाज पर हमला है। अंत में अली जैदी ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की कि वे शांति, भाईचारा और एकता बनाए रखें और किसी भी अफवाह से दूर रहें। उन्होंने कहा कि कानून पर भरोसा रखें, दोषियों को सजा जरूर मिलेगी।

# अवैध पटाखा बिक्री व भंडारण करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजार शुक्ल अमेठी।** थाने की पुलिस ने अवैध रूप से पटाखा निर्माण कर बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है,

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार दीपावली के ख्रष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार 14अकटूबर को थाना बाजारशुक्ल पुलिस देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेलकग हेतु क्षेत्र में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 01 व्यक्ति बेंचने हेतु पटाखे लेकर आया है व पटाखे लिए रामलीला मैदान के पास खड़ा है।

उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा लिए हुए अभियुक्त रूपेश गुप्ता पुत्र जयशंकर गुप्ता निवासी कस्बा व थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष को 23 डिब्बा फुलझरी, 70 पैकेट ज्वाला फुलझरी, 45 ताज कंपनी फुलझरी, 08 पैकेट वरा जिनल, 28 पैकेट छोटी फुलझरी, 06 माचिस आधी तूफान, 05 डिब्बा रोल कैप, 14 पैकेट छोटी फुलझरी, 11 पैकेट मीडियम फुलझरी, 04 पैकेट चुटपुट, 07 पैकेट रोल कैप पटाखों के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली कि गिरधारी होटल के पास 01 व्यक्ति पटाखे लिए खड़ा है। सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा लिए हुए अभियुक्त कमल गुप्ता पुत्र रामगोपाल गुप्ता निवासी कस्बा व थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी को मीडियम फुलझरी 8 डब्बी, अनार 05 डब्बा, छोटी फुलझरी 25 डिब्बी, सांप 06 पैकेट, सांप 09 डिब्बा, छोटी फुलझरी 08 पैकेट पटाखों के साथ गिरफ्तार किया गया। पटाखा बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा न सके। थानाध्यक्ष अभिनेश कुमार ने बताया कि पटाखा बनाने और उसकी बिक्री करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दीपावली के अवसर पर देशी उत्पादों की बढ़ी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज, अमेठी के परिसर में आयोजित स्वदेशी मेला के छठे दिन भी जनसामान्य ने बढ़-चढ़कर स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी की।

दीपावली पर्व के निकट आते ही मेले में रौनक और बढ़ गई है। मेले में लोगों ने मिटी के दीपक व अन्य उत्पाद, पारंपरिक कपड़े, हैंडीक्राफ्ट, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, इत्र और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खूब खरीददारी की। स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प और स्वदेशी उत्पादों में लोगों की विशेष रुचि देखी गई। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्ख्रतिक विभाग द्वारा आयोजित सांस्ख्रतिक प्रस्तुतियां रहीं। कलाकारों ने आल्हा, भजन और कीर्तन जैसी लोकधाल्र्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रोताओं ने इन प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की और कलाकारों को उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि मेला के सातवें दिन, अर्थात् 15 अक्टूबर 2025 को ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवं आईसीडीएस विभाग की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्वयं सहायता समूहों के संचालन, मिशन शक्ति और महिला सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त सांस्ख्रतिक कलाकारों द्वारा अपराह्न 1:00 बजे न्नुड़ नाटक के माध्यम से महिला उद्यमिता एवं सशक्त नारी की भूमिका पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। मेले में प्रत्येक दिन स्थानीय उत्पादों के साथ-साथ सांस्ख्रतिक गतिविधियों की प्रस्तुति से न केवल आमजन का मनोरंजन हो रहा है, बल्कि ह्वोकल फॉर लोकलह्व की भावना को भी नई ऊर्जा मिल रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

## जिला वृक्षारोपण, गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक हुई आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण, गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाए गए पौधों की सिंचाई व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी ली जिस पर प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाये जा रहे हैं तथा समय-समय पर पौधों की सिंचाई भी कराई जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जो पौधे सूख गए हैं या नष्ट हो गए हैं उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं तथा उनकी सुरक्षा को लेकर भी समुचित उपाय किए जाएं। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई की भी व्यवस्था संबंधित विभागीय अधिकारी सुनिश्चित कराएं।

जिला गंगा समिति की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला गंगा समिति द्वारा गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वासन के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया की नदियों के किनारे एवं घाटों पर नियमित सफाई हो तथा नदियों में कचरा आदि ना डाला जाए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों के जल की भी गुणवत्ता जांच कर लें, नदियों के किनारे पिकनिक स्पॉट, पार्क, धाल्र्मक स्थल इत्यादि का विकास कराया जाए। औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले कचरा वेस्टेज को नदी व जलाशयों इत्यादि में ना फेंके तथा उसका मानक अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित कराएं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिलाधिकारी में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

# जिसके ऊपर भगवान की कृपा होती है उसके ऊपर सभी कृपा करते हैं: आचार्य शांतनु महाराज





**राम धीरज यादव**

**तिलोई अमेठी।** श्रीमदभागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर पूज्य महाराज जी नें कहा कि जिसके ऊपर भगवान की ख्रपा होती है उसके ऊपर सभी ख्रपा करते हैं।

महाराज अंग की कथा सुनाते हुए महाराज जीने कहा कि इनका बेटा वेन हुआ जो बहुत दुराचारी था जिससे परेशान होकर अंग अपने ही राज्य में एक गुफा में जाकर छिप गए इसलिए व्यक्ति को उत्तम संस्कारी संतान का निर्माण करना चाहिए अन्यथा बुढ़ापे में ऐसे ही रोना पड़ता है, महाराज पृथु की कथा सुनाते हुए कहा कि महाराज पृथु बडे ही धर्मात्मा राजा हुए जिनके प्रताप के कारण ही इस धरा का नाम पृथ्वी पड़ा, महाराज पृथु नें यज्ञ किया फलस्वरूप भगवान से 10000 कान मांग लिया क्योंकि 2 कानों से भगवान की कथा सुनने से मन नहीं भरता महाराज जीनें कहा कि जिन कानों से भगवान की कथा नहीं प्रवेश करती है वो कान सांप के बिल के समान है, सतत्कुमारों नें महाराज पृथु को उपदेश देते हुए कहा कि आत्म वस्तुओं सें संग करो, महाराज पृथु तें दक्षिणा स्वरूप अपना सम्पूर्ण राज्म दान में दिया जिसे सनत्कुमारों नें स्वीकार करके पुनः महाराज पृथु को वापस दे दिया। प्राचीनवहि की कथा सुनाते हुए महाराज जी नें कहा कि पशु बलि किसी भी दृष्टि से ठीक नही है इसलिए सबको शाकाहारी रहना चाहिए। पुरंजनों पाख्यान सुनाते हुए महाराज जी नें कहा कि जीवात्मा और परमात्मा में क्या सम्बन्ध है इसका ज्ञान होना चाहिए। ऋषभदेव की कथा सुनाते हुए महाराज जी नें बताया की यहीं से जैन मत का प्रारम्भ हुआ। जड़भरत जी की कथा सुनाते हुए महाराज जी नें कहा कि आत्मा अजर अमर है इसे कोई नष्ट नहीं कर सकता है। इसके पश्चात शुकदेव जी नें नरको का वर्णन किया है जिससे बचने का उपाय केवल भगवान का नाम है इसके उदाहरणस्वरूप शुकदेव जी नें अजामिलोपाख्यान सुनाया है इसके बाद विश्वरूप की कथा सुनाई जिसे देवताओं का गुरु बनाया गया जिनका वध इन्द्र द्वारा कर दिया गया जिसके कारन इन्द्र को ब्रह्म हत्या का पाप लगा जिसे इन्द्र नें चार स्थानों पर बांट दिया पहला ऊसर भूमि दूसरा स्त्रियों में रज के रूप में तीसरा जल में झाग के रूप में चौथा वृक्षों में गोंद के रूप में इसके पश्चात हिरण्यकशिपु की कथा सुनाई जिसका अन्त करने के लिए भगवान को नृसिंह भगवान के रूप में अवतार लेना। पड़ा इसी का पुत्र प्रलाद जी भगवान के परम भक्त हुए उनके पिता द्वारा विभिन्न प्रकार की यातना देनें के बाद भी भगवान के प्रति उनका विश्वास नहीं डिगा सका अन्त में भगवान स्वयं खम्भे में से प्रकट होकर हिरण्यकशिपु का अन्त किया। इसके पश्चात महाराज जी नें भगवान के हरि अवतार की कथा सुनाई है जिसका अर्थ यह है कि ये संसार बनें का साथी है इसके बाद महाराज जी नें समुद्रमन्थन की कथा सुनाई है जब दैत्य अमृत लेकर भागने लगे तब भगवान ने मोहिनी अवतार लेकर सभी दैत्यों को मोहित कर लिया और सभी देवता अमृत पी गए। राजा बलि से पृथ्वी कोमुक्त करने के लिए भगवान ने वामन रूपधारन किया है और वामन भगवान ने तीन पग में ही नाप लिया है और सम्पूर्ण पृथ्वी को ही दानस्वरूप मांग लिया। इसके बाद भगवान राम की कथा सुनाई है और उसके बाद भगवान कृष्ण की क्या सुनाई है।

# महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह के पुत्र के आकस्मिक निधन पर रालोद में शोक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आज एक शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती परिणीता सिंह के पुत्र के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। शोक सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री रजनीकांत मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री बी.एल. प्रेमी, प्रदेश महासचिव श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव एवं श्री चंद्रकांत अवस्थी, प्रदेश सचिव श्री प्रमोद शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्राओं व विद्यार्थियों को डिजिटल युग से जोड़ने की दिशा में सार्थक पहल

**गौरीगंज अमेठी।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद अमेठी में आज बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा डिजिटल साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और विद्यालथयों को डिजिटल युग से जोड़ना एवं उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय अन्नी बैजल, प्राथमिक विद्यालय महेशपुर सिंहपुर तथा कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर में विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गंगा की रेती से फसल काटने में लगा सरकारी अमला



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने मंगलवार को तिगरी मेला स्थल पहुंचकर कोतवाली के लिए जमीन आदि देखी तो वहीं मेला क्षेत्र में घूमकर ट्रैक्टर मार्ग, घाट आदि का भी जायजा लिया।

मंगलवार को दोपहर के समय मेला स्थल पहुंची सीओ अंजलि कटारिया ने प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के साथ मेले में बनने वाली कोतवाली के लिए जमीन आदि देखी। कुछ दिनों बाद जमीन चिन्हीकरण के बाद कोतवाली का निर्माण शुरू होगा। सीओ ने जमीन चिन्हित कराने के बाद ट्रैक्टर मार्ग, गंगा घाट व सदर चौक आदि का भी जायजा लिया। मंगलवार की शाम तक मेले में एक वाच टावर बनकर तैयार हो गया था। मेले में लगभग दस वाच टावर बनेंगे, जिन पर खड़े होकर पुलिसकर्मी असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। मेला क्षेत्र में आ रही फसलों को काटने पर इस समय प्रशासन का सबसे ज्यादा जोर है, क्योंकि इस बार मेले की लंबाई अधिक होने के कारण लगभग 01 हजार बीघा फसलें आ रही हैं, जिनमें लगभग दो सौ बीघा पर बने दो फार्म एक वर्तमान व एक पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हैं। फसल काटने का काम जल्दी पूरा हो सके इसलिए नगर पालि. का परिषद बछरायूं, धनौरा व गजरौला के साथ साथ गजरौला व धनौरा ब्लॉक के कर्मचारियों लगभग दो सौ कर्मचारियों ने भी तिगरी पहुंचकर फसल काटी। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि फसलें काटने का काम तेजी से चल रहा है। समय से सभी व्यवस्थाएं पूरी कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रयासरत है। मेले में सड़कों का काम जारी: तिगरी मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए सड़क बनाए जाने का काम मंगलवार को भी जाारी रहा। गंगा रोड बनाने के लिए तेजी से काम चल रहा है तो वहीं अन्य सड़कों का भी चिन्हीकरण किया जा रहा है।



गजरौला। तिगरी गंगा मेले के लिए बनकर तैयार वाच टॉवर।

## सांड ने किसान पर हमला बोलकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सांड के हमले में किसान घायल हो गया। किसान की चीख सुनकर आसपास के लोगों ने सांड को दौड़ाया तब जाकर किसान की जान बच सकी। जानकारी के अनुसार सलेमपुर गोंसाई गांव निवासी किसान केहर सिंह सोमवार की देर शाम खेत की सिंचाई करके घर वापस लौट रहा था। इस दौरान सांड ने अकेला देख किसान पर हमला बोलकर उसे घायल कर दिया। केहर सिंह के चीखने की आवाज सुकर दौड़े लोगों ने सांड को डंडे मारकर किसी तरह वहां से हटाया। तब कहीं जाकर केहर सिंह की जान बच सकी। केहर सिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## पूर्व प्रधान पति व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष की मौत

### परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** नगर में ढाई घंटे के अंदर दो प्रतिष्ठित लोगों जिनमें पूर्व प्रधान एवं सपा नेता व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष की मौत हो गयी। जिससे नगर में शोक की लहर दौड़ गयी। मोहल्ला बड़ी इमली मस्जिद के रहने वाले नासिर सिद्दीकी को बीती रात आठ बजे घबराहट हुई। कुछ ही देर में सीने में दर्द होने लगा। परिजन उन्हें लेकर गजरौला पहुंचे। परन्तु वहां से मुरादाबाद रैफर कर दिया गया। जहां उनकी देर रात मौत हो गयी। उनकी पत्नी दानिश परवेज प्रधान रह चुकी हैं। परिवार में पत्नी, दो बेटे व एक बेटी है। 2023 में हुए नगर पंचायत के चुनाव में मृतक नासिर सिद्दीकी सपा के टिकिट पर चेयरमैन का चुनाव लड़े थे। कांठ विधायक कमाल अख्तर भी मृतक पूर्व प्रधान पति के घर पहुंचे तथा उन्होंने सपा नेता नासिर सिद्दीकी की मौत पर गहरा दुख जातते कहा कि आज सपा ने एक मजबूत कार्यकर्ता खो दिया। दुख की इस घड़ी में उनकी पूरी सहानुभूति पीड़ित परिवार के साथ है। उधर मोहल्ला शनिदेव में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शरद गुप्ता को भी सीने में दर्द होने पर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह पिछले दो दिन से बुखार से पीड़ित थे। दिल्ली के उपचार के दौरान उनकी हार्टअटैक से मौत हो गयी। वह कास्मेटिक की दुकान चलाते थे तथा 1992 में राम जन्म भूमि विवाद से जुड़ कारसेवक आंदोलन में जेल भी गये थे। परिवार में एक बेटी व एक बेटा है। विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने मृतक के परिजनों को शोक सांत्वना दी।

## सिपाही ने तीस हजार लेकर बदल दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कस्बे से न्याय की गुहार लगाती एक माँ का मार्मिक शिकायती पत्र डीआईजी मुरादाबाद तक पहुँचा है। मोहल्ला गांधी नगर निवासी आशा देवी ने अपने बेटे विवेक पर हुए जानलेवा हमले और थाने में हुई कथित धांधली का विस्तृत विवरण देते हुए पुलिस तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पत्र के अनुसार बीते मंगलवार शाम आशा देवी का पुत्र विवेक घर के बाहर खड़ा था, तभी पड़ोस के कुछ लोगो सहित अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। पहले उसे स्थानीय अस्पताल भेजा गया, फिर अमरोहा और गंभीर हालत के कारण मेरठ रेफर कर दिया गया।

## अंगूठा लगवाने के बाद भी डीलर नहीं दे रहा राशन

### कार्ड धारकों ने किया कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ग्रामीणों ने राशन डीलर पर अंगूठा लगवाने के बाद अगले माह राशन दिये जाने का झूठा वादा किये जाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया है।

तहसील क्षेत्र के गांव नगला खादर के ग्रामीण एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंच गये। नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर मुकेश कुमार पुत्र छत्तर सिंह कार्ड धारकों से अंगूठा लगवा लेता है। उसके बाद अगले माह राशन देने का झूठा वादा कर उन्हें टरका देता है। प्रति यूनिट 4 किलो के हिसाब से राशन का वितरण कुछ लोगों को कर देता है। राशन डीलर विरोध करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी देता है। यदि कार्ड धारक किसी अन्य दुकान से राशन लेने के लिए जाता है तो डीलर राशन कार्ड अधिकारियों हमसाज होकर कटवा देता है। अब तक गांव के कई राशन कार्ड धारकों के यूनिट कटवा चुका है। उन्होंने कहा कि राशन डीलर कार्ड धारको को खुलेआम धमका रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में कर्मवीर सिंह, राकेश, सुखवीर, मुनि देव, कन्हैया, राजेंद्र, मुकेश सिंह, नवीन, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने भाकियू नेताओं पर लगाए गंभीर आरोप

### सरकारी जमीन पर मकान बनाने का भी आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** भाकियू नेताओं की गिरफ्तारी की मांग को कलेक्ट्रेट पहुंचे भाजपाईयों ने दोनों नेताओं पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उनका कहना कहना था कि दोनों नेता अकसर दलाली करते हैं जबकि उनके मकान भी सरकारी जमीन पर बने हुए हैं। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर के ग्रामीणों का गुस्सा आज भाकियू नेताओं गुरमीत सिंह व श्यौवीर सिंह पर जमकर फूटा। भाकियू नेताओं ने आरोप लगाया कि उक्त दोनों नेता हर समय दलाली में लगे रहते हैं तथा पैसे लेकर किसी के भी खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू कर देते हैं। इनका काम जमीनों पर कब्जा करना है। आये दिन तहसील, ब्लाक व थानों पर धरना प्रदर्शन जो किया जाता है वह सब पैसे के बल पर होता है। इसमें पुलिस कर्मी भी इनका साथ देते हैं। यही कारण है कि दोनों नेताओं की गिरफ्तारी का पुलिस द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा। आरोप तो यहां तक है कि जब भी कोई नया अधिकारी होता है तो उस पर दबाव बनाने के लिए भाकियू नेता धरने प्रदर्शन का सहारा लेते हैं। अब दोनों की हकीकत लोगों के सामने आ चुकी है।

# भाकियू नेताओं की गिरफ्तारी को भाजपाईयों का हंगामा

### धनौरा पुलिस भाकियू के आगे नतमस्तक

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी भाकियू नेताओं पर कार्रवाई न होने से खफा ग्रामीणों ने भाजपाईयों के साथ कलक्ट्रेट में जमकर हंगामा किया। उन्होंने मंडी धनौरा पुलिस पर आरोपियों से हमसाज होने का आरोप लगाया। जबकि भाकियू नेताओं पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप भी लगाया। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर के ग्रामीणों ने भाजपा की टोपी ओढ़कर कलक्ट्रेट व एसपी कार्यालय पर जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि गांव के रहने वाले नैन सिंह के साथ भाकियू नेता गुरमीत सिंह उर्फ चंपू व शौवीर निवासी धनौरा खुर्द व रसूलपुर माफी ने बीस सितम्बर को जमकर पीटा था। उसके सिर पर हडडी व दांत तक टूट गये थे। पीड़ित के बेटे सीताराम ने भाकियू नेता गुरमीत सिंह उर्फ चंपू व शौबीर के अलावा कई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जितेन्द्र उर्फ टीनू पुत्र सोमपाल, पटेल पुत्र समरपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसके विरोध में भाकियू नेताओं ने धनौरा-चांदपुर मार्ग पर जाम लगा दिया था। पुलिस भाकियू के दवाब में आकर दोनों नेताओं को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जिस कारण वह पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे है। इसके अलावा सीताराम की पत्नी बबीता के साथ भी गांव के सोमपाल, कौशिन्द्र, जागेश, राजबाला, शोभा आदि ने मारपीट की। वह कई बार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को थाने में शिकायत कर चुके है। लेकिन अभी तक पुलिस ने दोनों नेताओं व इनके साथियों को गिरफ्तार करने की जहमत नहीं उठाई है। जिससे पीड़ित परिवार डर के साये में जीवन जी रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द भाकियू नेताओं को गिरफ्तार नहीं किया तो वह इसके विरोध में उग्र आंदोलन करेंगे। आज भाजपा की टोपी लगाये लोगों ने कलक्ट्रेट व एसपी कार्यालय पर जमकर हंगामा किया। हंगामा करने वालो में सीताराम, कपिल भड़ाना, सतवीर गुर्जर, बबीता कश्यप, दीपक कश्यप, धर्मेन्द्र सिंह, पवन चौधरी, सुरेन्द्र सिंह, जोगेन्द्र सिंह शामिल रहे।




## एक दिन की बीडीओ बनीं छात्रा हिमांशी

### बीडीओ व ब्लॉक प्रमुख पति ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गजरौला में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में मोहल्ला नाईपुरा स्थित सिद्धार्थ इण्टर कॉलेज में अध्ययनरत कक्षा-12 वीं की छात्रा हिमांशी को एक दिन का खंड विकास अधिकारी बनाया गया।

मंगलवार को एक दिन की बीडीओ हिमांशी ब्लॉक कार्यालय पहुंचीं यहां बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल के साथ ही भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी के पति चौधरी वीरेंद्र सिंह ने बुके देकर उनका अभिनंदन किया। यहां हिमांशी ने दफ्तर में उनकी कुर्सी पर बैठकर अधीनस्थों से शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। वहां फरियाद लेकर आए ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। साथ ही अधीनस्थों को निर्देशित किया कि गांवों की बदहाली दूर करने को जुट जाएं। सड़क, पेयजल, बिजली आदि किसी भी तरह की कोई समस्या न रह जाए। स्वास्थ्य सेवाओं का विशेष ध्यान दिया जाए। कोई भी फरियादी यदि उनके पास समस्या लेकर आता है तो उसका समाधान कराने में रूचि दिखाएं। इस मौके पर सिद्धार्थ इंटर कालेज के प्रबंधक रविराज सिंह, प्रधानाचार्य रो. हताश सिंह, एडीओ पंचायत सतेंद्र कुमार, एडीओ आईएसबी संजीव कुमार, एपीओ सौरभ कुमार आदि भी मौजूद रहे।



## धारा 80 का आदेश नेट व खतौनी में अपलोड नहीं

### मामले से शिकायत डीएम से की

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** दो वर्ष पूर्व कृषि भूमि को आबादी में दर्ज कराने का आदेश कर्मचारियों की लापरवाही के चलते नैट व खतौनी पर अपलोड नहीं हो सका है। जिसकी शिकायत आज डीएम से की गयी है।

जोया के मोहल्ला जोई निवासी वरिष्ठ पत्रकार नासिर अली ने नोगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव लकड़हट में दो साल पहले सात बीघा कृषि भूमि खरीदी थी। 19 दिसम्बर 2023 को उन्होंने कृषि भूमि को आबादी में दर्ज कराने के लिए सभी शर्तें पूरी कर ली थीं। परन्तु नोगांवा तहसील में तैनात कर्मचारियों की लापरवाही के चलते अभी तक उक्त भूमि नेट व खतौनी पर अपलोड नहीं हो सकी है। जिसकी शिकायत आज पत्रकार ने डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स से की है। पत्रकार का कहना है कि जब वह अपनी भूमि की बाउंड्री करा रहे थे तो तभी उन्हें एक नोटिस प्राप्त हुआ कि आपकी भूमि अकृषित नहीं है। जिस पर साढ़े छह लाख का जुर्माना लगाया गया है। जब नौगांवा तहसील में जाकर पता किया गया तो पता चला कि धारा 80 के अन्तर्गत आदेश खतौनी व नेट पर अपलोड नहीं हुआ है। डिप्टी कलेक्टर मसीह नजम ने इस मामले में संबंधित कर्मचारियों को तत्काल कार्रवाई करते हुए अभिलेखों में धारा 80 का आदेश नेट व खतौनी में दर्ज करने के आदेश दिये हैं।

## एसडीएम ने थामी हंसिया, काटी फसल

### अफसर बनी कृषक, धान काटकर उपज का किया आंकलन

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** खेत की मेड़ पर खड़े किसानों ने शायद ही कभी सोचा होगा कि कोई अफसर खुद हंसिया थामकर धान की कटाई करेगा। लेकिन गांव लिसड़ी खुर्द में मंगलवार का दिन कृषि प्रशासन की संवेदनशील छवि का गवाह बना। फसल उत्पादन का आकलन करने पहुंचीं तेजतर्रार पीसीएस अधिकारी एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने औपचारिक निरीक्षण को पीछे छोड़ सीधे खेत में प्रवेश किया और हंसिया उठाकर धान की फसल काटनी शुरू कर दी। क्रॉप कटिंग सर्वे के तहत समबाहु त्रिभुजाकार 43 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में की गई कटाई में लगभग 15 किलो धान की उपज दर्ज की गई, जिसे उन्होंने स्वयं हाथों से परखकर गुणवत्ता का आकलन किया।

धान की बालियों को देखते हुए एसडीएम ने किसानों से बीज, उर्वरक, कीटनाशक और आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल को लेकर विस्तार से चर्चा की। एसडीएम ने कहा कि क्रॉप कटिंग एक मात्र सर्वे नहीं, बल्कि वह वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से फसल की वास्तविक उत्पादन क्षमता, मूल्य निर्धारण और बीमा दावों का आधार तैयार होता है। किसान भी हैरान थे जब एक अधिकारी ने फाइलों की जगह खेत की मिट्टी को प्राथमिकता दी। वार्ता के दौरान एसडीएम ने किसानों को भरोसा दिलाया कि यदि वे आधुनिक तरीकों और नवाचारों को अपनाएंगे, तो न केवल पैदावार बढ़ेगी बल्कि फसल की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार योगेश लोधी, राजस्व निरीक्षक जबर सिंह, लेखपाल मोहित चौधरी, राजीव पाल सहित राजस्व कर्मी और किसान मौजूद रहे। यह दृश्य इस बात का प्रमाण बना कि जब प्रशासन धरातल पर उतरता है, तो किसानों का मनोबल कई गुना बढ़ जाता है।



## ओयो होटल में रंगरेलियां मनाते युवतियां दबोची

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** सिटी गेस्ट हाउस ओयो होटल नारंगपुर में दो लड़कियों को रंगरेलियां मनाते पकड़ लिया गया। जब एक लड़की को उसके परिजनों ने दबोच लिया। हाइवे पर सर्विस रोड स्थित सिटी गेस्ट हाउस ओयो होटल है। आज यहां परिजनों ने छापा मारकर एक युवती को दबोच लिया। इसके अलावा जब होटल की तलाशी ली गयी तो दो और लड़कियां वहां मौजूद थीं। जिन्हें ठेकेदार अरूण ने मौके से भगा लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। यह होटल नारंगपुर निवासी अनूप सिंह का बताया जाता है। जिसे दीपक ने किराये पर ले रखा है। मैनेजर के रूप में यहां पिंटू सिंह निवासी गांव यकबगड़ी तैनात है। काफी देर तक होटल में हंगामा होता रहा।

## जुआरियों के सरगना पर पुलिस मेहरबान

### दस का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक घर में जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने संबंधित धारा में जुआरियों का चालान कर दिया।

सोमवार की रात कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगर के मोहल्ला मनापुर में एक खंडरनुमा मकान में जुआ खेले जाने की सूचना पर छापा मार दिया। पुलिस ने काविन्द्र पुत्र हरि सिंह, बिट्टू पुत्र महावीर सिंह, शिवा पुत्र वीर सिंह, सुरेंद्र पुत्र नत्थू, बबली पुत्र करन सिंह, अभिषेक, अजय पुत्र वीर सिंह, सूरज पुत्र राम सिंह, अमन पुत्र राजू, अभिमन्यु पुत्र जोगेश को ताश की गड्डी एवं पैसों के साथ मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये जुआरियों का संबंधित धारा में चालान कर दिया। मोहल्ला मनापुर एवं आसपास चर्चा है कि पकड़े गये जुआरियों में से सरगना का नाम गायब था। इसके बारे में बताया जाता है कि यही मोहल्ले में जुआ करवाने के साथ सट्टा भी करता है। सरगना का नाम गायब होने से लोग इस पर चर्चा कर रहे हैं।

## भाजपा सरकार में किसान और नौजवान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी की अगुवाई में पीडीए चौपाल का आयोजन ग्राम मीरपुर में किया गया। कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में भूपेन्द्र सिंह का स्वागत किया। चौपाल को सम्बोधित करते हुए भूपेंद्र चौधरी ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि, किसानों द्वारा खाद मांगने पर लाठियां भांजी जा रही हैं। किसान धान की फसल बेचने के लिए भटक रहा है। किसान को उसकी फसल का सही दाम नहीं मिल रहा है। पूरे प्रदेश में खुले में घूम रहे सांड व आवारा पशु आए दिन किसानो की जान ले रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को सत्ता से हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है। चौपाल में जाकिर अली, प्रहलाद सिंह, योगिन्द्र सिंह समरपाल सिंह, अहसान अली, धर्मेन्द्र सिंह, शीशपाल सिंह, लोकेन्द्र सिंह, जयवीर सिंह, इशरत अली, अमन सिरोही, देवेन्द्र सिंह काले, अनिल प्रधान, कुलदीप देवल आदि मौजूद रहे।

**मीरपुर में सपा नेता भूपेन्द्र चौधरी ने लगाई पीडीए चौपाल**



## पंचायत चुनाव को लेकर एमआईएम ने बनाई कमेटी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि पार्टी आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से एक कमेटी भी गठित की गई है जो चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों की कुंडली टटोलेगी और उसके बाद ही पार्टी हाईकमान से टिकट दिलाने के लिए पहल करेगी। कमेटी में प्रदेश मुख्य महासचिव हाजी शमीम अहमद तुर्क की देखरेख रहेगी।

**पार्टी पूरी ताकत के साथ लड़ेगी चुनाव: साजिद**

जिलाध्यक्ष साजिद अली चौधरी ने बताया कि जिताऊ उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारने की प्राथमिकता रहेगी। कहा कि जिला पंचायत की सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। कमेटी में प्रदेश महासचिव शहजाद खान, एस सी/एसटी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष डॉ.टीपी सिंह, पश्चिमी प्रदेश सचिव नईम मंसूरी, नबीहसन सैफी, आदिल अंसारी, जाने आलम, शराफत अली, इरफान सिद्दीकी, महताब शेख आदि भी शामिल रहेंगे।

# गौ पर्यटन की संभावनाएं तलाशेगी योगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक नई पहल शुरू की है।

इसके तहत प्रदेश की प्रत्येक गोशाला को आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ-साथ हर जिले में एक आदर्श गोशाला विकसित की जाएगी, जिसे पर्यटन स्थल का रूप दिया जाएगा।

सरकार का लक्ष्य 'काऊ टूरिज्म' को बढ़ावा देकर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर सृजित करना है। सरकार का फोकस है कि गाय से प्राप्त उत्पाद गोबर, गोमूत्र, दूध, घी और अन्य गौ-आधारित वस्तुओं के व्यावसायिक उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। इस अभियान में महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि वे स्थानीय स्तर पर गोबर से बने उत्पादों का निर्माण और विपणन



कर सकें। दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने गोबर से बने दीपों, मूर्तियों और सजावटी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इन उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि 'दीपावली पर गोबर से बने दीप और मूर्तियों के उपयोग को लेकर बड़े स्तर पर अभियान चलेगा। बाजारों में इन उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि नागरिक 'वोकल फॉर लोकल' को प्रोत्साहित कर सकें। प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास मुकेश मेश्राम ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गोशालाओं में गोबर और गोमूत्र के व्यावसायिक उपयोग के लिए स्थानीय योजनाएं तैयार की जाएं। उनके अनुसार, यह पहल गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगी।

## योगी ने सतीश महाना को दी जन्मदिन की बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए उनको अखंड ऊर्जा की प्राप्ति हो। योगी ने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री सतीश महाना जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। प्रभु श्री राम की कृपा से आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन हेतु अखंड ऊर्जा की प्राप्ति हो।आपका जीवन लोकतंत्र और लोक-कल्याण का आलोक बने। गौरतलब है कि योगी सरकार के मौजूदा कार्यकाल में सतीश महाना उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं। वह पिछली सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। वह अब तक आठ बार विधायक निर्वाचित हो चुके हैं और वर्तमान में कानपुर के महाराजपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने 2009 के आम चुनावों में कानपुर से भाजपा उम्मीदवार के रूप में भाग लिया था।

# आईआईएम लखनऊ के छात्र को मिला 3.95 लाख प्रतिमाह का पैकेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ ने अपने 2025-27 बैच के लिए समर प्लेसमेंट प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है।

इस वर्ष संस्थान ने पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) और पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन एग्रीबि. जनेस मैनेजमेंट (पीजीपी-एबीएम) के छात्रों के लिए 580 से अधिक ऑफर सुरक्षित किए। संस्थान की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक स्टाइपेंड 3.95 लाख रुपये प्रति माह, जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 2.5 लाख रुपये प्रति माह रहा। औसत स्टाइपेंड 1.67 लाख प्रति माह दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष के 1.43 लाख से अधिक है। वहीं मीडियन स्टाइपेंड 1.72 लाख प्रति माह रहा। बैच के शीर्ष 50 फीसदी छात्रों को औसतन 2.18 लाख प्रति माह का स्टाइपेंड मिला, जो उद्योग जगत में आईआईएम लखनऊ की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

आईआईएम लखनऊ के प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो. प्रेम प्रकाश देवानी ने कहा कि इस वर्ष विविध क्षेत्रों से शीर्ष कंपनियों की भागीदारी ने संस्थान की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा, "यह सफलता आईआईएम लखनऊ की प्रतिभा और प्रशिक्षण गुणवत्ता का प्रमाण है। हम उद्योग जगत के साथ अपने संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संस्थान के 2025-27 बैच में 187 फ्रेशर्स और 345 अनुभवी प्रोफेशनल्स शामिल हैं, जिन्होंने कंसलटेंसी, फाइनेंस, मार्केटिंग, प्रोडक्ट मैनेजमेंट, ऑपरेशंस और ई-कॉमर्स जैसे विविध क्षेत्रों में अवसर प्राप्त किए। इस बार की प्लेसमेंट प्रक्रिया की एक खास बात अदाणी समूह की भागीदारी रही, जिसने चयनित छात्रों को ट्यूशन फीस छूट के साथ आकर्षक स्टाइपेंड की पेशकश की। वहीं प्लेसमेंट के दौरान शामिल होने वाली कम्पनियों में एक्सेंचर, अमेज़न, बैन एंड कंपनी, बीसीजी, डेलॉयट, गोल्डमैन सैक्स, गूगल, एचयूएल, जेपी मॉर्गन, केपीएमजी, मैकिंजी, प्रॉक्टर एंड गैम्बल, रिलायंस, टाटा एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेजु, वीज़ा जैसी बड़ी कंपनियों ने इस साल छात्रों को अवसर प्रदान किए। इसके साथ ही बार्कलेज, डी.ई. शॉ, एडलवाइस, एचएसबीसी, मॉर्गन स्टेनली, नेस्ले, क्वालकॉम, वेल्स फार्गो, शापूरजी पालोनजी, वेक्टर कंसल्टिंग जैसी नई कंपनियों ने भी पहली बार भागीदारी की।

## बांदा में शातिर बदमाश गिरफ्तार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के मटौन्ध क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में अंतरप्रांतीय बदमाश को घायल हालत में गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने मंगलवार को बताया कि रविवार की रात्रि बांदा नगर के खाई पार मोहल्ला निवासी डिलीवरी बॉय गोविंद कुमार को मटौन्ध थाना क्षेत्र में रास्ते चलते तमंचे की नोक पर लूट लिया गया था। इस मामले में पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही थी। इस बीच बीती रात एक सूचना पर एसओजी और थाना पुलिस ने चमरहा गांव के निकट गौरीहार मोड पर बृजेंद्र उर्फ भाऊ को रुकने का इशारा किया जिस पर उसने गोली चलाते हुए भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

# पांच देशों के कलाकार बनेंगे अंतर्राष्ट्रीय रामलीला का आकर्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** दीपोत्सव के नौवें संस्करण के मौके पर अयोध्या में एक अभूतपूर्व अंतर्राष्ट्रीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल और श्रीलंका के कलाकार भाग लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की भागीदारी अयोध्या को न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र भी बनाएगी।

इस बार कुल 90 विदेशी कलाकार अयोध्या की पावन भूमि पर अपनी कला और सांस्कृतिक धरोहर के माध्यम से रामकथा को जीवंत रूप में पेश करेंगे। अयोध्या के राम कथा पार्क में इस वर्ष विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध रामल. ीलाओं का मंचन किया जाएगा। रूस से आए 15 कलाकार रामल.



ीला के दौरान स्वयंवर का दृश्य प्रस्तुत करेंगे। उनके मंचन में रूस की पारंपरिक रंगमंचीय तकनीक और भारतीय कथा का अनूठा मिश्रण दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। रूस के कलाकारों ने इस प्रस्तुति के लिए महीनों की तैयारी की है और वे दर्शकों को राम और सीता के दिव्य मिलन की अनुभूति देंगे। थाईलैंड से आए 10 कलाकार रामलीला में शूर्पणखा और राम-लखन संघर्ष, मारीच से संघर्ष और राम-रावण युद्ध का मंचन करेंगे। इन युद्धों के माध्यम से राम और रावण के बीच धर्म और अधर्म की कहानी दर्शकों के सामने प्रस्तुत होगी। थाईलैंड के कलाकारों की पारंपरिक नृत्य-नाट्य शैली इस प्रस्तुति को और भी जीवंत बनाएगी। इंडोनेशिया के 10 कलाकार रामल. ीला में लंका दहन और अयोध्या वापसी के दृश्य को अद्भुत ढंग से प्रस्तुत करेंगे।

यह प्रस्तुति दर्शकों को राम के जीवन के महत्वपूर्ण मोड़ों का अनुभव कराएगी और अयोध्या की सांस्कृतिक धरोहर को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाएगी। नेपाल से आए 33 कलाकार इस बार रामल. ीला में पहली बार लक्ष्मण पर शक्ति प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले नेपाल की रामलीला मुख्य रूप से मां सीता पर केंद्रित होती थी। इस बार की प्रस्तुति अयोध्या में रामल. ीला के अंतर्राष्ट्रीय स्तर को और भी प्रतिष्ठित बनाएगी और दर्शकों को रामकथा का नया दृष्टिकोण दिखाएगी। श्रीलंका से आए 22 कलाकार में से दो कलाकार पहले ही अयोध्या पहुंच चुके हैं। यह टीम रामेश्वर की भूमि पर रावणेश्वरा का दृश्य प्रस्तुत करेगी।

श्रीलंका वासी आज भी रावण को ईश्वर की भूमिका में मानते हैं और इस भाव को मंच पर जीवंत रूप से दिखाया जाएगा। अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के संस्थान के सलाहकार और विशेष कार्याधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय रामल. ीला 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलेगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल रामलीला की परंपरा को जीवंत रखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य महिला आयोग की सदस्य डा प्रियंका मौर्या ने तहसील गौरीगंज सभागार में की जनसुनवाई

**गौरीगंज अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने मंगलवार को तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी शिकायतों के साथ उपस्थित हुईं। जनसुनवाई के दौरान डॉ. मौर्या ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मान. सिक उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित है। डॉ. मौर्या ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, और उनका सशक्तिकरण तभी संभव है जब उन्हें न्याय, सुरक्षा और सम्मान मिले। जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान भी निकाला गया। कई मामलों में संबंधित पुलिस थानों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं, लंबित मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। डॉ. मौर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर फॉलोअप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और शिकायतकर्ता को उसकी जानकारी भी दी जाए। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। कानून आपके साथ है और महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार हो रही है। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मौर्या ने यह भी कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल सुनवाई करना नहीं, बल्कि पीड़िता को न्याय दिलाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। इस जनसुनवाई में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के अंत में डॉ. मौर्या ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर सतत निगरानी रखी जाए और महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें न केवल उम्मीद मिलती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। आज जनसुनवाई के दौरान कुल 12 महिलाओं ने आयोग की सदस्य के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई जिन्हें उन्होंने गंभीरता पूर्वक सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही तीन गंभीर मामलों में पुलिस विभाग को एफआईआर दर्ज करने के भी आदेश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, बीएसए संजय तिवारी, महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों व निर्माण कार्यों ( सीएम डैशबोर्ड ) की मासिक समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों व निर्माण कार्यों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली, तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभान्वित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### फूल के बर्तनों में लगेगा रामलला का भोग, बर्तन व्यापारी खुश

**मिर्जापुर।** पीतल नगरी मिर्जापुर के फूल का बर्तनों में अयोध्याधाम में प्रभु श्री रामलला को भोग लगाया जाएगा। यह अवसर पाने पर यहां के बर्तन व्यवसायी खुश हैं। वे आर्डर के अनुरूप भोग के बर्तन का विधिवत पूजन कर भेज रहे हैं। प्रभु राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मिर्जापुर में देवरहवा बाबा आश्रम में बने लड्डुओं का भोग लगाया गया था और अब यहां के निर्मित फूल धातु के बर्तन में रामजी को भोग लगाया जाएगा। एक सप्ताह पहले मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन पूजन के लिए यहां आए विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राम मंदिर न्यास के महामंत्री चंपत राय ने मिर्जापुर के प्रसिद्ध स्वास्थ्य और आध्यात्मिक दृष्टि से सबसे शुद्ध फूल धातु के बर्तनों में भोग लगाने की इच्छा जताई थी और स्थानीय विहिप मनोज श्रीवास्तव को इन बर्तनों की जिम्मेदारी सौंपी थी। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि यहां बर्तन व्यवसायी गर्व महसूस करते हैं।

# दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म कांड पर माफी मांगे ममता सरकार: विहिप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल की छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान को बेहद शर्मनाक करार देते हुए कहा है कि यह बयान अपराधियों को संरक्षण देकर पीड़ितों के घाव पर नमक छिड़कने जैसा है।

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा ,'आज के युग में एक मेडिकल की छात्रा के लिए भी यह कहना कि वह मेडिकल कॉलेज परिसर से बाहर कैसे आ




गई। लड़कियों को रात को बाहर नहीं निकलना चाहिए। क्या यह बयान एक महिला मुख्यमंत्री का हो सकता है। क्या अब टीएमसी बंगाल में बेटियों को बंधक बनाकर रखना चाहती है। श्री बंसल ने लिखा कि अपनी प्रशासनिक और कानून व व्यवस्थागत विफलताओं को ऐसे बयानों से मुख्यमंत्री छुपा नहीं सकतीं। पहले भी आर जी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ हुए दुर्दांत कांड में उनका बयान लज्जाजनक और अपराधियों को बचाने वाला था जिसकी सर्वथा निंदा हुई थी। उन्होंने कहा है कि छात्रा के साथ 'सामूहिक बलात्कार' में संलिप्तता के आरोपी अपू बौरी, शेख फिरदौस, शेख रियाजुद्दीन, शेख नसीरुद्दीन और शेख सफीकुल जैसे जिहादियों की गिरफ्तारी से यह भी स्पष्ट हो गया है कि ममता दीदी शायद इन इस्लामिक जिहादी दरिंदों को बचाने के लिए ही इस प्रकार के बयान दे रहीं हैं। श्री बंसल ने कहा है कि इन वहशी भेड़ियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से शीघ्रा. तिशीघ्र मौत की सजा होनी चाहिए तथा मुख्यमंत्री महोदया को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से हुई सामूहिक बलात्कार की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। आरोप है कि ओडिशा के बालासोर की रहने वाली पीड़िता बीते शुक्रवार रात अपने दोस्त के साथ कॉलेज परिसर के बाहर खड़ी थी, तभी पांच युवकों ने उसे अगवा कर दरिंदगी का शिक. ार बना डाला। यह भी आरोप है कि इसके बाद उसे मुंह बंद रखने के लिए आरोपियों ने पांच हजार रुपए का ऑफर भी दिया।

## युवक की मौत आक्रोशित परिजनों ने लगाया जाम

**वाराणसी।** वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के काजिसराय में चार दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल अस्थाई सफाईकर्मी सत्य प्रकाश (32) की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। नाराज परिजनों और सफाईकर्मियों ने मुआवजे व कार्रवाई की मांग को लेकर शिवपुर थाना क्षेत्र के बड़ा लालपुर में शव सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर को काजिसराय में हुए सड़क हादसे में सत्य प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# अयोध्या दीपोत्सव के लिए बनाए जा रहे 15 अस्थायी चिकित्सालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** दीपोत्सव 2025 को अविस्मरणीय और पूर्णतः सुरक्षित बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने अयोध्या में पुख्ता इंतजाम किए हैं।

इस बार दीपोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 15 अस्थायी चिकित्सालय बनाए जा रहे हैं। साथ ही संपूर्ण मेला क्षेत्र में 10 स्थानों पर चौबीसों घंटे एंबुलेंस की तैनाती की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष निर्देश पर इस वर्ष नौवें संस्करण के दीपोत्सव के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

इस आयोजन में एक-एक व्यक्ति के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील कुमार बानियान ने बताया कि दीपोत्सव के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाएगी। सभी चिकित्सालयों में आवश्यक दवाएं, पैरामेडिकल स्टाफ और विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। कंट्रोल रूम, श्री राम जन्मभूमि परिसर, श्री हनुमानगढ़ी, श्री कनक भवन मंदिर परिसर, पक्का घाट, बंधा तिराहा (वीणा चौराहा), हनुमानगुफा (श्री राम कथा संग्रहालय), साकेत पेट्रोल पंप, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और श्री नागेश्वर नाथ मंदिर पर एंबुलेंस हर समय मौजूद रहेंगी। पोत्सव में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अमेठी, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और सुल्तानपुर जनपदों से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीमें भी अयोध्या पहुंचेंगी। ये टीमें संपूर्ण आयोजन के दौरान अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहकर श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी।

## सड़क हादसे में चचेरे भाई-बहन की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी जिले के जंसा थाना क्षेत्र में मंगलवार को सजोई गांव के पास रिंग रोड पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए हादसे में बाइक सवार और उसकी चचेरी बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी चाची गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों ने आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि अतुल पटेल (21) अपनी चचेरी बहन परी और चाची सोनी पटेल को अपाचे बाइक पर लेकर पास के गांव में मेला देखने और सामान खरीदने जा रहा था।

# अयोध्या के कैंट क्षेत्र से पकड़ा गया तेंदुआ

**अयोध्या।** अयोध्या के अति सुरक्षित और डोगरा रेजिमेंट के कैंट क्षेत्र से वन विभाग ने एक वर्ष से इस क्षेत्र में टहल रहे तेंदुआ को आखिरकार आज पकड़ लिया गया। जिला प्रभागीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता ने बताया कि वन विभाग की टीम ने तेंदुआ को ट्रेंकुलाइज कर बेहोश करके पिंजड़े में कैद कर ट्रक पर लाद लिया।

कंटोनमेंट क्षेत्र से आज तेंदुआ पकड़े जाने के बाद क्षेत्रवासी राहत में हैं। पिछले एक साल से जिला प्रशासन, कंटोनमेंट बोर्ड और सेना के अधिकारियों से स्थानीय नागरिक तेंदुआ होने की शिकायत कर रहे थे। आज सुबह कुछ लोग टहल रहे थे, उन्होंने देखा कि एक तेंदुआ सेना द्वारा लगाए गए लोहे के तार के जाल में फंस गया है। इसकी जानकारी कैंट पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कैंट थानाध्यक्ष पंकज सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ जहां तेंदुआ फंसा था वहां पहुंचे और सूचना वन विभाग को दिया। प्रभागीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता भी सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग के प्रशिक्षित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पहुंचकर उसको ट्रेंकुलाइज्ड किया और बेहोश होते ही लोहे के पिंजरे में बंद कर ट्रक पर लाद कर अपने उच्चाधिकारियों को सूचित किया।

## कंटेनर की टक्कर से पांच श्रद्धालु घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच के घने कोहरे के चलते मंगलवार सुबह एक बोलेरो वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया, जिसमें पांच श्रद्धालु घायल हो गए। सभी लोग श्री बालाजी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर स्थित जालिम नगर पुल के पास सड़क किनारे एक कंटेनर खड़ा था। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से बोलेरो उसमें जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुंचाया।

# शातिर हिस्ट्रीशीटर समेत तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले की सिरसागंज पुलिस ने मंगलवार तड़के एक सशस्त्र मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर समेत तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोहसिन के साथ उसके दो अन्य साथियों को अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में घायल दो बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने चें. कंग अभियान के दौरान सोथरा रोड पर संदिग्ध मोटरसाइकिल और कार को रोकने का प्रयास किया गया मगर पुलिस को देखकर बदमाशों ने भागने का प्रयास करते हुए फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में मोटरसाइकिल लड़खड़ा कर साथ चल रही कार के आगे गिर पड़ी। पुलिस की फायरिंग में मोटरसाइकिल सवार बदमाश घायल हो गए जबकि कार सवार बदमाश उनका ही साथी निकला है। मोहसिन थाना सादाबाद का हिस्ट्रीशीटर डी गैंग का भी शातिर बदमाश है। उसके दो साथी साहिल उर्फ रफीक तथा कमल है। तीनों ही थाना सादाबाद शेर के निवासी हैं।

## ट्रैक्टर से टकरायी बाइक, दो मरे, दो गंभीर

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के महोबकंठ क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो छात्रों की मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उप अधीक्षक रविकान्त गौड़ ने बताया कि पनवाड़ी कस्बे में एक कालेज में अध्ययनरत पंचेश्री अलग अलग गांवों के चार छात्र बीती देर रात एक बाइक में सवार होकर महोबकंठ की ओर कहीं जा रहे थे, तभी उनकी बाइक रिवई तिगैला के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। इस हादसे में सभी छात्र बुरी तरह से घायल हुए, जिसमें एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई।

# सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के बाहर मंगलवार को बड़ी संख्या में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने आयोग व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा को तुरंत रद्द कर दिया जाये और इस परीक्षा को फिर से कराया जाए। अभ्यर्थियों का यह भी कहना है कि 15 और 16 अप्रैल को जो यह परीक्षा हुई थी, इसमें सेंधमारी हुई थी।

नकल करते लोग पकड़े गए थे, इसके बाद भी अभी तक परीक्षा को रद्द नहीं किया गया। कुछ दिन पहले ही आयोग की अध्यक्ष प्रोफेसर कीर्ति पांडेय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से अभ्यर्थियों में और नाराजगी थी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती का कुछ दिन पहले रिजल्ट घोषित किया गया था।

# श्रीराम के राज्याभिषेक की भव्य लीला का हुआ मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** राम-रावण युद्ध के उपरांत रावण वध एवं प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की भव्य लीला का मंचन किया गया। मंच पर कलाकारों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और रावण के पात्रों को जीवंत करते हुए ऐसा अभिनय प्रस्तुत किया कि दर्शक भक्ति भाव में डूब गए। लीला के दौरान जब प्रभु श्रीराम ने रावण का वध किया तो जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोषों से पूरा परिसर गूंज उठा।

तत्पश्चात श्रीराम के अयोध्या आगमन और राज्याभिषेक की दिव्य झांकी ने भक्तों के हृदय को आनंद और आस्था से भर दिया। मंचन के इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने भगवान की इस भक्तिमय लीला का दर्शन कर स्वयं को धन्य अनुभव किया।

# कफ सीरप के नमूने भेजे लैब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आगरा में पायी गयी नकली दवाओं एवं कफ सीरप जिससे बच्चों की मृत्यु हुई, के प्रकरण में औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद द्वारा मंगलवार को जिले के मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। साथ ही उपरोक्त मेडिकल स्टोरों के क्रय-विक्रय बीजकों की गहन जांच की गयी। उक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्ति उपरान्त विधिक कार्यवाही की जायेगी। औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को मेसर्स राजीव कुमार रजत कुमार, सीएचसी के सामने, स्टेशन रोड मोहल्ला नारायनगंज उझानी, थाना कोतवाली जनपद -बदायूँ उ०प्र० से 02 नमूनें (01 कफ- सीरप) एवं मेसर्स पूजा मेडिकल स्टोर, रेलवे रोड, उझानी, थाना-कोतवाली उझानी, जनपद- बदायूँ से 03 नमूना (02 कफ- सीरप) संदेह के आधार पर गहन निरीक्षण उपरान्त संग्रहीत कर राजकीय प्रयोगशाला को भेजा गया।

# रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम कर किसान करें नैनों डीएपी का प्रयोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मंडी समिति दातागंज परिसर में सहकारी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमे मा0 विधायक दातागंज राजीव कुमार सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करने एवं जैविक तथा नैनो तकनीक पर आधारित उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ाने का आहवान किया। उन्होंने मंडी समिति परिसर में सुविधा के लिए इफको बाजार विस्तारित केंद्र का उद्घाटन किया। उप महाप्रबंधक इफको शैलेंद्र सिंह ने किसानों को 05 मि0ली0 प्रति किग्रा की दर से गेहूं बीज को नैनो डीएपी से उपचारित करने की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि नैनो डीएपी के उपचार से फसल की जड़ बढ़ती हैं एवं उत्पादन में वृद्धि होती है। क्षेत्र प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने अतिथियों एवं सहकारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी दाताग.ंज धर्मेंद्र कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मुन्ना लाल मिश्रा सहित लगभग 200 सहकारी बंधुओं ने भाग लिया।

# पंचायत घर से हजारों का सामान हुआ चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना मूसाझाग सिविल लाइन के गाँव पडौआ में सोमवार की रात चोरों ने पंचायत घर के दरबाजे का ताला तोड़कर पंचायत घर में लगे इन्वर्टर,दो बैटरी,हार्ड डिस्क समेत कीमती सामान चोरी कर लिया सुबह 10 बजे के करीब केयर टेकर प्रीति सिंह पत्नी देवेश पंचायत घर की ओर गईं तो उन्होंने पंचायत घर का ताला टूटा देख कर ग्राम प्रधान जयप्रकश को फोन द्वारा सूचना दी मौके पर ग्राम प्रधान जयप्रकाश पहुंचे उन्होंने ज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। इस संबंध में केशव पुलिस चौकी प्रभारी नीरज कुमार ने बताया घटना के संबंध में जानकारी मिली है जांच की जा रही है जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगा।

# जय श्रीराम" के उद्घोषों से पूरा वातावरण भक्तिरस से गूंजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** की असीम कृपा से चल रहे सात दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में वैदिक आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियाँ अर्पित कीं। धूप, दीप, नैवेद्य और पुष्पों से सुसज्जित यज्ञमंडप में भक्ति और पवित्रता का दिव्य वातावरण व्याप्त रहा। कथा व्यास पूज्य पं. राधेश्याम जी महाराज (सतना, मध्यप्रदेश) ने श्रीराम कथा के तृतीय दिवस में मां भगवती सती के वियोग, भगवान भोलेनाथ के विरह, माता पार्वती के रूप में पुनर्जन्म तथा शिव-पार्वती के पुनर्मिलन की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उनके ओजस्वी वचनों और मधुर वाणी ने श्रद्धालुओं को भक्ति में मग्न कर दिया। कथा के दौरान "हर हर महादेव" और "जय श्रीराम" के उद्घोषों से पूरा वातावरण भक्तिरस से गूंज उठा। कथा का आयोजन महंत श्री फुलबाबा शरण जी महाराज के सान्निध्य एवं निर्देशन में आयोजन मंडल द्वारा अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ किया जा रहा है। प्रत्येक संध्या मंगला आरती के पश्चात होने वाली रामकथा में न केवल सोई आश्रम के भक्त बल्कि आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागी हो रहे हैं। संध्याकालीन कथा का समापन जय श्रीराम और हनुमानजी महाराज की जयघोषों के साथ हुआ, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्ति और आनंद की तरंगों से भर गया। इस पावन अवसर पर यजमानों के साथ पप्पू बाबा, धर्मदास बाबा, देवानंद बाबा, करुणा शरण महाराज, राजपाल बाबा, वीरपाल बाबा, विना.ेद पचौरी, सुभाष चंद्र गुप्ता, लटूरी सिंह, सत्यपाल यादव, महावीर सिंह सहित असंख्य श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे।

# वजीरगंज: धूमधाम से हुआ रावण का दहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** कस्बा वजीरगंज में चल रहे श्रीरामलीला महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को एक विशाल मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम ने जैसे ही अपना दिव्य बाण चलाया, अहंकारी रावण और कुंभकरण के पुतले धू-धू कर जल उठे। रावण दहन के इस दृश्य को देखने के लिए वजीरगंज सहित आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग उमड़े। मेले में महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की, जिससे दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। रंग-बिरंगी रोशनी से सजे बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेले की रौनक बढ़ा दी। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए वजीरगंज थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मेले में पूरी मुस्तैदी से तैनात रहे। इस दौरान श्रीरामलीला का मंचन कर रहे कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# 17 अक्टूबर को होगा किसान मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अवनीश राय अध्यक्षता में किसान दिवस पूर्व की भांति विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार दिनांक 15 अक्टूबर 2025 आयोजित किया जाना प्रस्तावित था। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह: 10:30 बजे से तीर्थंकर महाव.ीर विश्वविद्यालय, दिल्ली रोड, मुरादाबाद में होने के कारण किसान दिवस स्थगित किया गया है। अब 17 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से डायट परिसर आडिटोरियम में किसान मेला व किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगें, किसान कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं।

# पेट्रोल पम्प के पास पुलिस को मिला नवजात शिशु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बाल कल्याण समिति की देखरेख में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। नगर के समीप दबतोरी रोड पर कन्नू पट्रोल पम्प पर झाड़ियों में एक नवजात शिशु के पड़े होने की जानकारी होते ही कोतवाल हरेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। इसके बाद उस मासूम को नगर के निजी चिकित्सक के यहाँ भर्ती कराया गया। एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां बाल कल्याण समिति ने इसे अपनी देख रेख में ले लिया। अस्वस्थता के चलते नवजात को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अब यह देखना है कि बाल कल्याण समिति किस दम्पति को सौंपती है। इधर कोतवाल हरेंद्र सिंह ने बताया कि नवजात शिशु मिलने की जानकारी होते ही कई लोग उसे गोद लेने को तैयार हो गए थे। इधर कोतवाल हरेंद्र सिंह की तत्परता ने नवजात की जान बचा दी, इसकी नगर में चर्चा है।

# शिक्षक नेता मेजर देवेंद्र सिंह का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** चित्रगुप्त इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य व माध्यमिक शिक्षक संघ कद जुझारू नेता मेजर देवेंद्र सिंह जी का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार कल होगा उनके निधन पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देशराज सिंह यादव,जिला मंत्री आलोक पाठक,राजीव शर्मा शैलेन्द्र सिंह नरेंद्र सिंह,डॉ घनश्याम सिंह,राकेश कुमार शर्मा,राजकुमार शर्मा,महावीर प्रसाद,नीरज चौहान आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# डीएम ने पराली प्रबन्धन जागरुकता प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इनसीटू मैनेजमेंट ऑफ कॉप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत कृषकों को पराली प्रबन्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत खेतों में पराली न जलाने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पराली प्रबन्धन जागरुकता प्रचार वाहन को जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने कृषकों में पराली जलाने से होने वाले नुकसान तथा पराली प्रबन्धन के उपायों को अपनाकर मृदा स्वास्थ्य में वृद्धि एवं मृदा में जीवांश की मात्रा बढ सकें, के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी मौजूद रहे।

# एक नजर

## बुधवार तक बेरोजगार करें रोजगार महाकुम्भ में आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 के बेरोजगारों के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा 14 से 15 अक्टूबर 2025 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में दो दिवसीय रोजगार महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार महाकुम्भ के माध्यम से सरकार द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ओमान की 46 कम्पनियों में चयन के अवसर मिलेंगें। कुल 10656 पदों पर भर्ती की जायेगी। यह रोजगार संगम पोर्टल https%@@rojgaarsangam-up-gov-in पर अपना जॉबसीकर के रूप में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इनमें कंस्ट्रक्शन वर्कर, सुपरवाइजर रिंगिंग, मोबराल, पंप आपरेटर, ट्रांजिट मिक्सर डाइवर, बस चालक शटरिंग, कारपेन्टर, कंस्ट्रक्शन हैल्पर जैसे पद सम्मलित है। चयनित उम्मीदवारों को 24 हजार से सवा लाख रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। इच्छुक कुशल व अकुशल वर्ग सभी तरह के अभ्यर्थी जिनके पास वैद्य पासपोर्ट होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि रोजगार महाकुम्भ में सम्मलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थी अपना पंजीकरण करते हुए प्रतिभागी कम्पनी में समस्त शैक्षिक योग्यता एवं बायोडाटा सहित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में रोजगार महाकुम्भमें प्रतिभाग कर सकते हैं। उपरोक्त मेला में शामिल होने हेतु अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

## 15 अक्टूबर को होगी जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर 2025 बुधवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे जनपद बदायूँ में मा0 सदस्य उ0प्र0, राज्य महिला आयोग लखनऊ अवनी सिंह द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला जनसुनवाई लोक निर्माण विभाग बदायूँ के गेस्ट हाउस में की जाएगी तथा अपरान्हन 01 बजे से ब्लाक उझानी में पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सम्बन्धित अधिकारीगण जनसुनवाई व पोषण पंचायत कार्यक्रम में समस्त सूचनाओं सहित ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं जनपद में विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 7830155078 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 8954188786 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9259362222 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 74649466 37 |
| अनुराग मिश्रा | संवाददाता | वजीरगंज | 9759558639 |
| बी.के तोमर | संवाददाता | खेड़ा नवादा | 9412302152 |
| पुनीत कुमार | संवाददाता | बिसौली | 9528968192 |


# रावण के पुतले का हुआ दहन, लगे जय श्री राम के नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुदायन।** नगर में स्थित ज्वाला देवी मंदिर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कल रात करीब 7:30 बजे मंदिर के पास श्री राम ने रावण का वध किया। धर्म ग्रंथो के मुताबिक इस दिन भगवान श्री राम ने लंका पति रावण का वध किया था तभी से हर साल इस दिन रावण के पुतले को जलाया जाता है। रामलीला समिति ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और लंकापति रावण के बीच युद्ध का मंचन किया। भगवान श्री राम, लक्ष्मण, वानर सेना और राक्षसी सेना के बीच हुए।

इस युद्ध को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। मंचन के दौरान श्री राम और लक्ष्मण ने कुंभकरण और मेघनाद का वध किया। युद्ध के समापन पर, श्री रामचंद्र जी ने रावण के विशाल पुतले में अग्नि प्रज्वलित की। देखते ही देखते रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। रावण दहन के साथ ही पूरा मैदान जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर रामवीर सिंह अपने पुलिस बल के साथ, कमेटी अध्यक्ष पदम गुप्ता, राजू गुप्ता, गुड्डू ठाकुर, विकास शर्मा, अमन गुप्ता, रामवीर सिंह, गोविंद गुप्ता, धीरज गुप्ता, शिवांग गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, अनमोल गुप्ता, आकाश कश्यप, राकेश कश्यप, संगीत कश्यप, रोहित और पप्पू आदि लोग मौजूद रहे।

# सक्रियता व गंभीरता से कार्य कर विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त करें अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत पशुपालन विभाग, पोषण मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति आदि की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को सक्रियता व गंभीरता से कार्य कर विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं अपने विभागीय कार्यां की नियमित समीक्षा व अनुश्रवण करें। पोषण मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने पोषण पुनर्वास केंद्र में अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों का इलाज कराने के लिए कहा। पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों से कहा कि सड़क पर निराश्रित गोवंश नजर ना आए, उनको गो आश्रय स्थलों में संरक्षण दिया जाए तथा सहभागिता योजना में भी अधिक से अधिक गो सेवकों को निराश्रित गोवंशों को संरक्षण हेतु दिया जाए।

शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में डीएम ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाते हुए उसकी नियमित समीक्षा करने तथा शिक्षा का स्तर ऊंचा रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अन्तर्गत पात्रों को गैस सिलेण्डर सुगमता से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने करवाई धान की फसल की क्रॉप कटिंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सदर के ब्लॉक जगत के गांव दौरी निरोत्तमपुर में कृषक नरेंद्र सिंह के खेत में जाकर अपने सामने धान की फसल की क्रॉप कटिग करवाकर धान की तौल करवाई, जिसका वजन 18.87 किलो ग्राम प्राप्त हुआ, जो कि लगभग पौने चार क्विटंल प्रति बीघा पैदावार अथवा लगभग 45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की पैदावार रहेगी। डीएम ने बताया कि क्रॉप कटिंग के प्रयोग के आधार पर जनपद में औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते हैं। जिससे जिले में हो रहे उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल हो जाती है। क्रॉप कटिंग के प्रयोग से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर किसानों के फसल में होने वाले नुकसान का आकलन एवं फसल बीमा की क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित करने में सहायक होती है। इस मौके पर अपर सांख्यिकीय अधिकारी अजय विक्रम सिंह, गगन पटेल, तहसीलदार दीपक कुमार, फसल बीमा से जिला प्रबंधक धीरेन्द्र दीक्षित, राजस्व निरीक्षक शरबत अली, लेखपाल सत्यम कुमार एवं शैलेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सभी बेटियां जीवन में बनें स्वावलम्बी : एडीजे



**शाह टइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला प्रोबेशन कार्यालय की तरफ से छवि वैश्य द्वारा अपने वक्तव्य में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न टोल फ्री नम्बर 181, 1090, 1098, 112 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उक्त शिविर में थानाध्यक्ष, थाना क्रायम ब्रान्च, बिल्सी, बदायूँ, विनोद कुमार द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए मां काली एवं तुलसी दास जी का जिक किया एवं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न प्रकार की योजनाओं व संचालित टोल फ्री नम्बर 181, 1930 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उक्त शिविर में उपजिलाधिकारी, तहसील, बिल्सी, जनपद बदायूँ, प्रेमपाल सिंह, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि अब पुराने जमाने में न जियें हिम्मत दिखाकर आगे बढ़े और ऊँचे-ऊँचें पदों पर पहुंचें साथ ही केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया। इसी कम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को उक्त शिविर के अन्त में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं से अपील की गयी कि इन्टरनेट का सही उपयोग करना चाहिए तथा सोशल मीडिया साइटों यथा फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का उपयोग उचित दिशा में करना चाहिए एवं अश्लील सामिग्री से दूरी बनाये रखना चाहिए ताकि विद्या अध्ययन करने वाले युवक-युवतियों का विद्यार्थी जीवन नष्ट न हो इसके अतिरिक्त उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये साथ ही अच्छी सोच और पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए एवं भारतीय संविधान में वर्णित महिलाओं के मौलिक अधिकारों व कार्य स्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, नि:शुल्क विधिक सहायता अधिनियम 1987 की धारा 12 के बारे में एवं गुड टच बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी इसके अतिरिक्त उनके द्वारा स्त्री-पुरूष सामानता सम्बन्धित प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सम्बन्धित विधिक प्रावधानों को विस्तृत रूप में बताया गया।

# उम्मीद पोर्टल पर अपलोड होंगी वक्फ सम्पत्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लालमन ने बताया कि शासन ने एकीकृत वक्फ प्रबन्धन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम के अनुसार उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल https%@@umeed-minorityaffairs-gov-in पर मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों का विवरण निर्धारित समयावधि 05 दिसम्बर 2025 तक अपलोड किये जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जनपद स्तर पर दो सुन्नी एवं एक शिया वक्फ कोआर्डिनेटर तैनात किये गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उम्मीद पोर्टल पर मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड करने के लिए सुन्नी एवं शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के दो उच्चाधिकारियों को अप्रूवर के रूप में तथा मुख्य कार्यपालक/कार्यपालक अधिकारियों/मास्टर ट्रेनर को चेकर के रूप में नामित किया गया है। इसके साथ ही बोर्ड द्वारा जनपद के बड़े औकाफ से सम्बन्धित मुतवल्ली/प्रबन्ध समिति अनीस अहमद 9719453965 जावेद अहमद 8433114873(सुन्नी वक्फ्फ बोर्ड) एवं जाबिर जैध्दी 8439501230(शिया वक्फ बोर्ड) को जनपद के नोडल/कोआर्डिनेटर के रूप में नामित किया गया है,जो जनपद में अन्य मुतवल्लियों से सम्पर्क स्थापित कर उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पर वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड कराए जाने की कार्यवाही करेंगे।

उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पर वक्फ्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड करने में आ रही समस्या के समाधान हेतु वक्फ्फ बोर्डों के नामित कार्मिकों से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। जिनका विवरण निम्नवत है। जनपद नोडल/कोआर्डिनेटर के रूप में नामित अनीस अहमद तथा जावेद अहमद(सुन्नी वक्फ बोर्ड) एवं जाबिर जैध्दी(शिया वक्फ बोर्ड) को निर्देशित किया जाता है कि वह जनपद में स्थित मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों के सम्बन्धित मुतवल्लियों से सम्पर्क स्थापित कर उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पर वक्फ सम्पत्तियों का विवरण निर्धारित समयावधि 05 दिसम्बर 2025 तक फीड/अपलोड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल पर फीड कराये जाने के सम्बन्ध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ कार्यालय कक्ष संख्या-86 कलैक्ट्रेट बदायूँ में हेल्पडेस्क स्थापित की गयी है।

उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए वक्फ का मुतवल्ली कम्प्यूटर के जानकार व्यक्ति के साथ किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क स्थापित कर सकता है। अथवा वक्फ बोर्ड द्वारा नियुक्त मुतवल्ली/ कोऑर्डिनेटरों से सम्पर्क स्थापित कर सकता है। बोर्ड द्वारा नियुक्त मुतवल्ली/कोऑर्डिनेटरों को निर्देशित किया जाता है कि बोर्ड के निर्देशानुसार वक्फ सम्पत्तियों का सम्पूर्ण विवरण पोर्टल पर समयान्तर्गत फीड कराना सुनिश्चित करें तथा प्रगति से प्रतिदिन अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## डीएम से भेदभाव मुक्त से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग, दिए कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** मंगलवार को नजदीकी गांव ईंधजागीर की श्री रामचरित मानस सेवा समिति के अध्यक्ष नानक चन्द ने जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में भेदभाव मुक्त होकर अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है। उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देकर इस शिकायत में ग्राम की शमशान भूमि के गाटा संख्या 183 से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है। इसके साथ ही नानक चन्द ने कस्बे के पुराने से मेन रोड और नया पुल से बाईपास रोड धर्मकांटे तक उपमार्ग, बंजर, खलिहान के साथ ही पनघैली नदी के गाटा संख्या 200 को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग अपने शिकायती पत्र में की है। डीएम ने शिकायत को काफी गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के आदेश दिए हैं।


# बरेली बवाल: वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मौलाना तौकीर की हुई पेशी

**कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाई**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** फतेहगढ़ जेल में बंद मौलाना तौकीर रजा की वीडियो क्रॉन्फ्रेंसिग के जरिए मंगलवार को बरेली कोर्ट में पेशी हुई। पुलिस ने तौकीर रजा को बरेली बवाल का मुख्य आरोपी बताया है। कोर्ट ने उसकी 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है।

बवाल के मामले में आरोपी मौलाना तौकीर रजा की मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सीजेएम अलका पांडेय की कोर्ट में पेशी हुई। तौकीर रजा फर्रूखाबाद की फतेहगढ़ जेल में बंद है। वहीं से वह वर्चुअल माध्यम से जुड़ा। बरेली पुलिस ने उसे बवाल का मुख्य आरोपी बताया है। कोर्ट ने मौलाना तौकीर की 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। अब 28 अक्तूबर को अगली सुनवाई पर कोर्ट ने पेशी के आदेश दिए हैं।



कोतवाल अमित पांडेय ने बताया कि बवाल से संबंधित सभी मुकदमों में रिमांड मंजूर कर ली गई है। कोतवाली में दर्ज मुकदमे में मौलाना तौकीर को बवाल का मुख्य आरोपी बताया गया है। अन्य 10 मुकदमों में साजिश रचने का आरोपी है। उधर, सीजेएम कोर्ट में तौकीर के करीबी नदीम, डा. नफीस, नफीस का बेटा और अनीस सकलैनी को पेश किया गया। बरेली में 26 सितंबर (शुक्रवार) को आई लव मोहम्मद के समर्थन में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के बुलावे पर भीड़ जुटी थी। मौलाना के नदारद रहने से भीड़ बेकाबू हो गई। पुलिस का दावा है कि भीड़ ने दुकानों और वाहनों में तोड़फोड़ की थी। बेकाबू भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। आंसू गैस के गोले दागे गए थे। पुलिस के मुताबिक बवाल में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

बवाल के दिन ही शहर के अलग-अलग थानों में पुलिस ने 10 मुकदमे दर्ज किए थे। बाद में एक और मुकदमा लिखा गया। कोतवाली में दर्ज मुकदमे में मौलाना तौकीर को मुख्य आरोपी बनाया गया है। अन्य मुकदमों में साजिशकर्ता के तौर पर नाम है। बवाल के अगले दिन 27 सितंबर को पुलिस ने तौकीर रजा को गिरफ्तार किया था। सुरक्षा की दृष्टि से मौलाना तौकीर रजा को फतेहगढ़ जेल में रखा गया है। अब तक सौ से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें मौलाना के कई करीबी भी शामिल हैं।

### नफीस का बारात घर ध्वस्त, कई अवैध संपत्तियां सील

मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी के बाद बीडीए और नगर निगम ने आरोपियों और उनके मददगारों पर कार्रवाई की। बीडीए ने आरोपी नफीस के बारात घर को अवैध बताकर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। मौलाना के करीबी सपा पार्षद के अवैध चार्जिंग स्टेशन पर नगर निगम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की थी। विद्युत निगम ने बिजली चोरी के आरोप में आठ मुकदमे दर्ज किए थे। इसके अलावा तौकीर रजा के करीबी के दो बारात घर, एक होटल और शरण देने वाले फरहत का मकान सील किया गया है। बीडीए ने कई अन्य अवैध संपत्तियों पर भी सीलिंग की कार्रवाई की है।

## हाईकोर्ट के आदेश जारी होते ही हरकत में आया तहसील प्रशासन



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** आज मंगलवार को ही उच्च न्यायालय का 90 दिनों में अतिक्रमण हटाए जाने के सख्त आदेश दिए, जिसपर तहसील प्रशासन और नगर पालिका हरकत में आ गया, और तालाब पर बने आधा दर्जन से अधिक पक्के मकानों की निशान देही की गई। राजस्व कर्मियों की इस कार्यवाही से समूचे क्षेत्र के अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मच गया है।

**तालाब पर बने मकानों की निशान देही, मचा हड़कंप**

दो साल पहले नगर पालिका परिषद में शामिल हुआ ग्राम वहोरनगला में गाटा संख्या 619 जो कि तालाब था। ग्राम को नगर पालिका में शामिल होने से पहले ही इस तालाब पर कई ग्रामीणों ने कब्जा कर पक्के मकान तक बना डाले हैं। जब उक्त गांव वहोरनगला नगर पालिका में शामिल हो गया तो अब तालावों से अवैध कब्जा हटवाए जाने की जिम्मेदारी नगर पालिका चेयरमैन के सिर पढ़ गई। पदभार संभालने के बाद नगर पालिका परिषद और राजस्व टीम ने नगर पालिका के इस वार्ड का निरीक्षण कर तालाब से कब्जे हटवाए जाने के निर्देश दिए थे, लेकिन किसी ने भी अपना कब्जा नहीं हटाया। राजस्व निरीक्षक लालाराम गंगवार और क्षेत्रीय लेखपाल प्रेमपाल गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक मंगलवार को उन्होंने नगर पालिका कर्मियों के साथ नगर पालिका के वार्ड वहोरनगला के इस तालाब पर भगवान दास, कुंवर सेन, सुनील, तेजपाल, वीरेन्द्र कुमार, रमेश, नत्थू देवी आदि के कब्जे पाए गए। राजस्व टीम ने इस तालाब की पैमाईश कार निशान दही की गई।

राजस्व निरीक्षक लालाराम गंगवार ने बताया कि जेसीबी मशीन छोटी न होने की वजह से तालाब से अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका, जल्द ही छोटी जेसीबी मशीन मंगाकर तालाब से अवैध कब्जा हटवाया जाएगा। नगर पालिका परिषद की इस कार्यवाही से इस वर्ग में हड़कंप मचा हुआ है।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव और अवैध वसूली का आरोप

**दुकानदारों ने नगर आयुक्त से की शिकायत**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पार्षद राजेश अग्रवाल के साथ दुकानदारों ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मुलाकात की। दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव और अवैध वसूली करने का आरोप लगाया।

नगर निगम की टीम पर अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव और अवैध वसूली का आरोप लगा है। मंगलवार को दोपहर करीब 12:30 बजे नगर निगम कार्यालय में रामपुर गार्डन के कार बाजार से कई दुकानदार पहुंचे। कर निर्धारण अधिकारी एवं अतिक्रमण प्रभारी राजवीर सिंह का घेराव कर आरोप लगाए।



पार्षद राजेश अग्रवाल के साथ दुकानदारों ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मुलाकात की। उन्हें बताया कि बटलर प्लाजा के सामने अतिक्रमण करने वालों से अवैध वसूली होती है। वहां कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इसके विपरीत छोटे-छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई का विरोध या अपना पक्ष रखने के लिए अगर कोई आता है तो उसके साथ अभद्रता की जाती है। उन्होंने अतिक्रमण प्रभारी राजवीर सिंह और राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह का नाम लेकर आरोप लगाए।

अतिक्रमण प्रभारी राजवीर सिंह ने आरोपों को गलत ठहराया। नगर आयुक्त ने जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया।

नगर आयुक्त से मिलने के बाद पार्षद राजेश अग्रवाल और दुकानदार कुशराज सिंह ने कहा कि अभद्रता करने पर राजवीर सिंह और सच्चिदानंद सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हैं। इनके खिलाफ कोतवाली में तहरीर देने की बात कही।

## बवाल के आरोपी आसिफ को किया जिला बदर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में अक्सर झगड़े और बलवा कर माहौल खराब करने वाले खुराफाती आसिफ उर्फ आशू को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने जिला बदर कर दिया है। पुलिस टीम आसिफ को बरेली जिले की सीमा पार कर पीलीभीत जिले की सीमा में छोड़कर लौट आई, उसे तय अवधि तक वापस न लौटने की हिदायत दी गई है।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र में अक्सर झगड़ा व बलवा करके आसिफ माहौल खराब करता था। जोगी नवादा में दो साल पहले हुए बवाल के मामले में भी आसिफ की भूमिका सामने आई थी। इस बारे में बारादरी पुलिस ने उच्चाधिकारियों के जरिये प्रशासन को रिपोर्ट भेजी थी। जिला मजिस्ट्रेट ने पत्रावली अवलोकन के बाद आसिफ पर लगे आरोपों को सही माना। उन्होंने आदेश दिया कि जोगी नवादा निवासी आसिफ अली को बरेली जिले की सीमा से छह माह के लिए बाहर कर दिया जाए। बारादरी पुलिस ने आदेश तामील कराया और आसिफ को जिले के बाहर ले जाकर पीलीभीत क्षेत्र में छोड़ दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आसिफ को चेतावनी दी गई है कि अगर बरेली जिले में छह माह से पहले आएगा तो उसके खिलाफ गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत दर्ज कराएं अपने सुझाव

**उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने हेतु अपने सुझाव ऑनलाइन पोर्टल पर भेजकर अभियान में सक्रिय भागीदारी करें नागरिक**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की एक दूरदर्शी पहल विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के अन्तर्गत सुझाव प्रेषित किए जाने के सम्बन्ध में एक आवश्यक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित किए जाने हेतु समावेशी विकास, तकनीकी नवाचार और सतत प्रगति के मिशन को आधारित किया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक



प्रबुद्ध समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण करने हेतु सुझाव भेजे जाने का सुभ अवसर प्रत्येक नागरिकगण को प्राप्त है, लेकिन इस कार्य में अपेक्षित गति नहीं आ रही है, जिसपर डीएम ने मंगलवार को समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं व अपने स्टाफ योजनाओं के आवेदकों व उनके लाभार्थियों के साथ ही आमजन मानस को देश के प्रति उनके दायित्वों का निर्वहन करने के लिए जागरूक करें, जिससे लोग बड़ी संख्या में देश के विकास का रोड मैप तैयार करने हेतु अपनी राय व सुझाव पोर्टल पर दर्ज कराएं।

डीएम ने कहा कि विकास भारत की संकल्पना को साकार करने हेतु जो रोडमैप तैयार किया जा रहा है, उसमें भारत का नागरिक होने के नाते अपना अमूल्य योगदान देना हर देशवासी के लिए गर्व की बात है। इसलिए बढ़-चढ़ कर अपना सुझाव दें और विकसित भारत का हिस्सा बनें। डीएम ने उक्त कार्य में आईएमए के चिकित्सकों, एयरपोर्ट, बारएसोसियेशन, उद्यमियों, स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से भी सुझाव दर्ज कराने के निर्देश दिए।

विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प 2047 एवं समृद्धि का शताब्दी वर्ष के मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है।

यह विजन डॉक्यूमेंट 03 थीम-अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति एवं 12 सेक्टर-कृषि एवं संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास आईटी एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए तैयार किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्टेट बैंक ने दिलाया प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ




**एसडीएम ने मृतक महिला के पति को सौंपा दो लाख रुपये का चेक**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** भारतीय स्टेट बैंक ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए एक गरीब परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की है। बैंक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक दुर्घटना में मृत्यु होने वाली महिला के परिवार को दो लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की है।

बहेड़ी के गांव गुरबोझ निवासी मिथलेश देवी पत्नी जमुना प्रसाद का भारतीय स्टेट बैंक की बहेड़ी शाखा में जनधन टाइनी बचत खाता था। इस खाते पर उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा पॉलिसी और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा पॉलिसी भी कराई हुई थी। 26 जून 2025 को मिथलेश देवी की एक सड़क दुर्घटना में चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई थी।

मृतक के पति जमुना प्रसाद जब बैंक में खाते से पैसे निकालने गए तो बैंक प्रबंधक विनीत कुमार ने उन्हें बताया कि उनकी पत्नी की दोनों बीमा पॉलिसी सक्रिय हैं, और उन्हें बीमा राशि का लाभ दिया जा सकता है। बैंक प्रबंधक ने तत्परता दिखाते हुए आवश्यक कार्यवाही पूरी की, और दो लाख रुपये की बीमा राशि जमुना प्रसाद को दिलवाई।मंगलवार को बहेड़ी उप जिलाधिकारी इशिता किशोर ने जमुना प्रसाद को दो लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आम जनमानस को आगे आना चाहिए।

भारतीय स्टेट बैंक के इस कदम की सराहना करते हुए लोग कह रहे हैं कि बैंक ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए एक गरीब परिवार की मदद की है। बैंक प्रबंधक विनीत कुमार की तत्परता और संवेदनशीलता की भी प्रशंसा हो रही है।

## डीएम ने की ओपन कुकीवॉन कप विजेताओं को पांच-पांच हजार रुपये देने की घोषणा

**सभी बच्चियों को सीखने चाहिए आत्मरक्षा के गुण: डीएम**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह से मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय ओपन कुकीवॉन कप प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों ने मुलाकात की। डीएम ने इन खेल प्रतिभाओं को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि एक स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ दिमाग विकसित होता है, इसलिए बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के साथ खेल-कूद में प्रतिभाग करना जरूरी है, और इन्हीं प्रतिभाओं में से कुछ प्रतिभाएं देश में विदेश में बरेली जनपद व अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। डीएम ने पदक विजेताओं में अधिकांशत: बच्चियों के होने पर और भी प्रसन्नता जताई और कहा कि सभी बच्चियों को आत्मरक्षा के गुण सीखने चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय ओपन कुकीवॉन कप प्रतियोगिता 09 से 12 अक्टूबर 2025 के मध्य केडी जाधव इंडोर हॉल, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम न्यू दिल्ली में सम्पन्न हुई, जिसमें बरेली



के 14 खिलाड़ियों द्वारा पदक जीते गए। उक्त खिलाड़ियों व उनके प्रशिक्षकों ने आज मंगलवार को डीएम से मुलाकात की। डीएम द्वारा समस्त खेल पदक विजेताओं को पांच-पांच हजार रुपए की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान करने के आदेश दिए। पदक विजेताओं में माही गंगवार (तीन स्वर्ण/कांस्य), निशु भारद्वाज (रजत/कांस्य), शुभम रौतेला (रजत), अधृत श्रीवास्तव (स्वर्ण), करण कुमार कनौजिया (स्वर्ण/कांस्य), भानु प्रताप सिंह (स्वर्ण/रजत), साँची सिंह (स्वर्ण), माधुरी (स्वर्ण/ कांस्य), आरोही (रजत), परिक्रमा (रजत), जोया खान (रजत), साजात (कांस्य), तवेज कुमार (स्वर्ण), रूप (रजत/कांस्य) सम्मिलित रहे। इस अवसर पर कोच मो0 अकमल खान, साक्षी बोरा व जगमोहन पटेल की भी उनके अद्वितीय मेहनत के लिए प्रशंसा की गयी।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

### एक नजर

## प्रियंका वर्मा बनीं एक दिन की तहसीलदार, दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियान में मंगलवार को क्षेत्र के गंगापुर स्थित एशियन लॉ कॉलेज की बीए एलएलवी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका वर्मा एक दिन की तहसीलदार बनीं।



तहसीलदार की कुर्सी पर बैठकर छात्रा प्रियंका वर्मा ने जहां कई प्रार्थना पत्रों को देखकर निर्देश दिए, वहीं एक दीन की तहसीलदार बनीं छात्रा को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने कोर्ट से संबंधित जानकारी भी दी। इस दौरान लॉ कॉलेज के एमडी एड नंदकिशोर, विद्यालय की प्रो. मिस्बाह अल्ताफ, पेशकर कामरान रिजवी मौजूद रहे। इसके साथ ही कस्बे के राजकीय इण्टर कॉलेज के कक्षा 11 की छात्रा साक्षी गंगवार एक दिन की एसडीएम बनीं। कार्यालय में एसडीएम की कुर्सी पर बैठकर छात्रा ने एसडीएम की कार्य प्रणाली को समझा, और कार्यालय में आए शिकायती पत्रों पर निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम उदित पवार ने छात्रा को महत्वपूर्ण जानकारी भी दीं।

## तीन अवैध निर्माणों पर चला बीडीए का बुलडोजर, दो निर्माण सील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में बीडीए ने मंगलवार को अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। बीडीए की टीम ने तीन अवैध निर्माणों को ध्वस्त करा दिया। दो को सील कर दिया। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में तीन अवैध निर्माणों पर मंगलवार को बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) का बुलडोजर चला। वहीं, दो अवैध निर्माण सील किए गए। बीडीए की कार्रवाई से लोगों में खलबली मची रही।



बीडीए के प्रवर्तन दल ने फतेहगंज पश्चिमी के गांव चिटौली में पप्पू के 2500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल, शिवअवतार शर्मा के 3000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल और इंद्रजीत के 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में कॉलोनी विकसित करने के इरादों पर पानी फेर दिया। तीनों ने कॉलोनी के लिए कुछ सड़कें, साइट ऑफिस और अन्य निर्माण शुरू कराए थे। इन्हें प्रवर्तन दल ने ध्वस्त कराया। इसके अलावा दौलतराम गुप्ता और राजेश सिंह की ओर से कराए जा रहे निर्माण कार्य को रुकवाकर सील कर दिया गया। दोनों के मानचित्र स्वीकृत नहीं थे। यह जानकारी बीडीए की ओर से दी गई है।

## बेकुसूरों की मदद को आरएसी ने बनाया लीगल पैनल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पैनल में आठ वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद अली खघन करेंगे नेतृत्व**

**बरेली।** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) ने 26 सितंबर के प्रकरण में गिरफ्तार किए गए बेकुसूरों की मदद के लिए आठ सदस्यीय लीगल पैनल यानी वकीलों का पटल गठित किया है। जो लोग अपने बेकुसूर रिश्तेदारों की पैरवी में मदद चाहते हैं, वो खघ्वाजा कुतुब स्थित आरएसी मुख्यालय बैतुर्रजा पर संपर्क कर सकते हैं।

आरएसी की ओर से गठित किए गए लीगल पैनल का नेतृत्व वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद अली खघन करेंगे, जो सहायक लोक अभियोजन अधिकारी भी रहे हैं। पैनल में एडवोकेट इरफान खान, श्यामवीर सिंह, यदुवेंद्र सिंह, जहाँगीर बेग, आमिर खघन, इमरान खान और जमाल अजहरी शामिल हैं। यह लीगल पैनल बरेली में 26 सितंबर के प्रकरण में गिरफ्तार किए गए बेकुसूर लोगों की कानूनी मदद करेगा। जिन लोगों को कघनूनी मदद की दरकार है वो आरएसी मुख्यालय पहुँचकर अपने बेकघ्सूर रिश्तेदारों के नाम, पते और मुकघ्दमों की जानकारी उपलब्ध कराएं। उनकी हर संभव कानूनी मदद की जाएगी।

नबीरा-ए-आला हजरत व आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कघदरी ने कहा है कि देश का संविधान सभी नागरिकों को कानूनी पैरवी का अधिकार देता है। हमारे देश का कघनून साफ कहता है कि जब तक किसी पर दोष सिद्ध न हो जाए, तब तक उसे अपराधी नहीं माना जा सकता। लीगल पैनल के जरिए आरएसी संवैधानिक रूप से बेकघ्सूरों की मदद के लिए आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस किसी को भी यह महसूस होता है कि देश में कानून का राज होना चाहिए, और बेकघ्सूरों की मदद करनी चाहिए वो संवैधानिक दायरे में रहते हुए आगे बढ़ें, और बेकघ्सूर नागरिकों को इंसाफ दिलाए

## डीएम ने हीमोफीलिया से पीड़ित मरीजों एवं उनके परिजनों से की वार्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में हीमोफीलिया से पीड़ित मरीजों एवं उनके परिजनों से वार्ता की।

वार्ता के दौरान डीएम द्वारा उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर समुचित उपचार एवं सुविधाएं ससमय उपलब्ध कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा डीएम को अवगत कराया गया कि हीमोफीलिया रोगियों के उपचार हेतु फैक्टर-8 दवा की उपलब्धता बहुत जरूरी है, जिसपर डीएम ने सम्बंधित अधिकारी को फैक्टर-8 दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने सम्बंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो उनके संज्ञान में लाया जाए, जिससे रोगियों का उपचार बिना अवरोध अच्छे से सुनिश्चित हो सके। डीएम ने उनके कार्यालय कक्ष में आये हीमोफीलिया रोगी बच्चों को चॉकलेट आदि का भी वितरण किया गया।

## कोर्ट के निर्णय के बाद मजार की आड़ में बनी मार्केट पर चल सकेगा बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शहर में बवाल के बाद नावल्टी चौराहा स्थित मार्केट का सील किया गया था। इस मार्केट में दुकानें हैं। सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में इस मार्केट में काबिज दुकानदारों में से कुछ ने हाईकोर्ट में दस्तक दी है। उधर, नगर आयुक्त ने भी अधिवक्ता से विधिक परामर्श लिया है। बरेली के नावल्टी चौराहे पर पहलवान साहब की मजार की आड़ में बनीं 74 दुकानों का मामला हाईकोर्ट और वक्फ ट्रिब्यूनल में विचाराधीन है। अदालत से निर्णय होने के बाद ही उन पर नगर निगम बुलडोजर चला सकेगा।

शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद नगर निगम की टीम ने इन दुकानों को सील किया था। मौलाना तौकीर रजा का करीबी डा. नफीस इस मार्केट की दुकानों का किराया वसूलता था। इसी मार्केट में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) का दफ्तर भी संचालित किया जा रहा था। आरोप है कि नाले पर कब्जा कर यह मार्केट बनाई गई है। बवाल के बाद हुई कार्रवाई के विरोध में काबिज दुकानदारों में से कुछ ने हाईकोर्ट में दस्तक दी है।

इस जानकारी के बाद नगर आयुक्त ने मामले की पत्रावली निकलवाई है। उच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में अपने अधिवक्ता को स्थलीय जानकारी व अब तक हुई कार्रवाई का ब्योरा देकर विधिक परामर्श लिया है। यह भी स्पष्ट किया कि अवैध मार्केट को सील तो कर दिया गया, लेकिन अगली कार्रवाई अदालत से स्पष्ट आदेश मिलने के बाद ही होगी। सील की गई मार्केट फिलहाल पुलिस-पीएसी की निगरानी में है। अगर किसी ने सील से छेड़छाड़ की तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि हाईकोर्ट में अभी इस मामले में कोई तारीख नहीं लगी है, लेकिन हम अपनी ओर से पैरवी तेज कराएंगे, ताकि प्रकरण निस्तारित हो सके।

# किसान की शिकायत पर बिलासपुर मंडी समिति पहुंचे सांसद नदवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने मंगलवार को शहीदे आजम स्टेडियम बमनपुरी में बाउंड्री वॉल का लोकार्पण किया। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। शहीदे आजम स्टेडियम बमनपुरी में लोकार्पण के समय सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी के साथ जिलाधिकारी रामपुर पुलिस अधीक्षक रामपुर नगर विधायक भी साथ रहे। सांसद नदवी ने शहीदे आजम स्टेडियम बमनपुरी के बाउंड्री वाल करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल में भी भाग लेना चाहिए खिलाड़ी बच्चों को सरकारी नौकरियों में भी अलग से कोटा मिलता है छात्र खेलने पर स्वस्थ रहते हैं और अच्छे से अपनी पढ़ाई कर पाते हैं। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने तहसील स्वार के ग्राम समोदिया में सीसी रोड का फीता काटकर लोकार्पण किया।

सांसद नदवी जी ने अभी 2 दिन पहले स्वार में नूर हसन का इंतकाल हो गया था उनके घर जाकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की। मिलक खानम में शमी खा का एडवोकेट की मां का इंतकाल हो जाने पर उनके घर जाकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की बिलासपुर में युवा सपा नेता अनस खान की फुफो का इंतकाल हो गया था उनके घर जाकर भी मगफिरत की दुआ की।



बिलासपुर अनाज मंडी समिति में किसानों ने फोन करके सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी से धन तोलने की शिकायत की कि मंडी समिति में कांटे बंद पड़े हैं और हमारे धन को नहीं तोला जा रहा है। किसानों की शिकायत सुनकर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी बिलासपुर अनाज मंडी समिति पहुंचे और मंडी सचिव से पूछा कि आप लोग किसानों का धान क्यों नहीं तोल रहे हो और के कांटे क्यों बंद किए है। मंडी समिति सचिव ने सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी को बताया की सुबह के समय दो कांटे बंद हो गए थे और कांटे बंद होने के कारण कुछ किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया था मैंने तुरंत कांटों को सुचारू रूप से चलवा दिया है और किसानों का धान हम लोग एम एस पी पर ले रहे हैं। मैं आपको पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि आगे आपको किसी भी तरह की किसने की कोई शिकायत सुनने को नहीं मिलेगी किए हो। इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, सरदार साहब सिंह कोटिया, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर, बदन सिंह यादव, नरेश यादव, अनस खान, नगर पालिका बिलासपुर प्रतिनिधि अथर खान, नगर पालिका रामपुर प्रतिनिधि डॉक्टर अब्दुल कलाम, याकूब खान, जुबेर अहमद, जमील सैफी, इंतजार खान, हाफिज नूरी, नासिर शेख, अरशद अली एडवोकेट, आसिफ अली, डॉक्टर मोहम्मद आजम, डॉक्टर मकतूब अहमद, सेफ, कल्बे अली, हाजी अयूब अली आदि उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने किया हस्तशिल्प कला केन्द्र आरसेटी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने पहाड़ी गेट स्थित हस्तशिल्प कला केन्द्र, आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) एवं जिला उद्योग केन्द्र के आवासीय परिसर का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग निहारिका जैन को निर्देशित किया कि परिसर की बाउंड्रीवाल के सौन्दर्यीकरण का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए, साथ ही परिसर में इण्टरलॉकिंग टाइल्स बिछाने और सुरक्षा की दृष्टि से तार लगवाने का कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र प्रशिक्षणार्थियों एवं हस्तशिल्प से जुड़े उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है, इसकी सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

उन्होंने जिला उद्योग केन्द्र के खाली आवासों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्यालय स्टाफ को आवंटित किया जाए, जिससे सरकारी संपत्तियों का सदुपयोग सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने नलकूप विभाग से समन्वय स्थापित कर पानी की टंकी को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश भी दिए, ताकि परिसर में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बनी रहे। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान परिसर के चारों ओर स्वच्छता और हरियाली पर विशेष बल देते हुए कहा कि ईओ नगर पालिका रामपुर द्वारा परिसर के बाहर पौधारोपण का कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि हरित वातावरण से न केवल परिसर का सौन्दर्य बढ़ेगा, बल्कि प्रशिक्षण एवं कार्य करने का माहौल भी बेहतर होगा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकासात्मक एवं रख-रखाव कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प कला केन्द्र और उद्योग केन्द्र जैसे संस्थान जनपद में रोजगार सृजन और स्थानीय उद्यमिता विकास के प्रमुख माध्यम हैं।

# गैंगस्टर एक्ट में दो आरोपियों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** थाना टांडा पुलिस ने एक संगठित अपराधी गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, यशवीर यादव (38 वर्ष), पुत्र गुलफाम, निवासी ग्राम भायपुर पैदुरिया, थाना मूण्डापाण्डेय, मुरादाबाद, इस गिरोह का सरगना है, जबकि सद्दाम (22 वर्ष), पुत्र जमीर अहमद, निवासी ग्राम बैजनी, थाना टांडा, रामपुर, इसका सक्रिय सदस्य है। यह गिरोह रात के समय घरों, मकानों और बंद पड़े भवनों में चोरी करने में संलिप्त है। पुलिस को स्थानीय लोगों से सूचना मिली थी कि यह गिरोह अपने आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। इनके आतंक के कारण लोग थाने में शिकायत दर्ज कराने या गवाही देने से डरते हैं। इस गिरोह के खिलाफ पहले भी थाना टांडा में 29 जुलाई को विभिन्न पुलिस कर्मियों द्वारा बीट सूचनाएं दर्ज की गई थीं, जिनकी जांच में तथ्य सही पाए गए। प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा, जो 6 अक्टूबर से थाना टांडा में तैनात हैं, ने बताया कि 13 अक्टूबर को रात्रि 8:19 बजे वह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था, संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की जांच और वांछित अपराधियों की तलाश में भ्रमण पर थे। इस दौरान स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई। गैंग चार्ट को पूर्व प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने उच्च अधिकारियों को भेजा था, जिसे जिलाधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुमोदित कर दिया। अभियुक्तों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी गति. विधियां निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# श्री गुरु नानक देव जी महाराज जी के 556 वें आगमन दिवस के उपलक्ष में निकाली प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री गुरु नानक देव जी महाराज जी के 556 वें आगमन दिवस के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी बीपी कॉलोनी सिविल लाइंस रामपुर से प्रभात फेरियां आरंभ हुई। यह प्रभात फेरियां दिनांक 1 नवंबर 2025 को समाप्त होगी तथा दिनांक 02 नवंबर को विशाल नगर कीर्तन खालसा मोहल्ला रामपुर से निकाला जाएगा तथा दिनांक 3 , 4 एवं 5 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रभात फेरी के पहले दिन सुबह 5:30 गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा से प्रभात फेरी प्रारंभ हुई जो गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार पहुंची जहां पर गुरुद्वारा प्रधान गुरजीत सिंह आहुजा द्वारा प्रधान दर्शन सिंह खुराना एवं जत्थेदार महेंद्र



सिंह होरा को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आई हुई संगत का स्वागत किया गया अरदास उपरांत प्रसाद का वितरण हुआ उसके बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा रोड से होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंची गुरुद्वारा साहिब में प्रधान निर्मल सिंह द्वारा जत्थेदार महेंद्र सिंह होरा को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया अरदास उपरांत प्रसाद एवं चाय का वितरण हुआ उसके पश्चात प्रभात फेरी मंदिर वाली गली से होते हुए श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क पहुंची वहां से वापस गुरुद्वारा साहिब में सुबह लगभग 7:30 बजे प्रभात फेरी की समाप्ति हुई। प्रभात फेरी में काफी संख्या में महिलाएं ,बच्चे व पुरुषों ने भाग लिया तथा प्रभात फेरी का मार्ग में जगह-जगह स्वागत हुआ। प्रभात फेरी में प्रधान दर्शन सिंह खुराना के अतिरिक्त प्रबंधक कमेटी के मेंबरान में जत्थेदार पपिंदर सिंह राधेश्याम अरोड़ा, जसमीत सिंह ,अमरजीत सिंह, हरीश अरोड़ा, प्रेम अरोड़ा ,संतोख सिंह खालसा , राज सिंह , सचिन गुलाटी , ग्रंथि विक्रमजीत सिंह एवं नरेंद्र सिंह, जगजीत सिंह, अवतार सिंह, सुरेंद्र सिंह अरोड़ा, गुलशन जुनेजा , भूपेंद्र सिंह , त्रिला. चन सिंह, जोग अरोड़ा, पारस अरोड़ा एवं कीर्तन करती हुई महिलाओं में अमरजीत कौर ,गुरमीत कौर, रविंदर कौर, कमलेश भाटिया आदि उपस्थित रहे।

# दो नफर वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 2 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रविवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी इन्तेजार अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी सडक का मझरा 2 जमशेद आलम पुत्र अहमद नूर निवासी स्वार खास को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0सुग्रीव सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, हे0का0, संजीव कुमार, संदीप कुमार,सुमित कुमार, कमलजीत सिंह, अंकुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवी का हृदयगति रुकने से हुआ स्वर्गवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार एसोसिएशन के संरक्षक डॉ कोतवाल वर्मा उम्र 75 का हृदयगति रुकने से देहान्त हो गया। डॉक्टर कोतवाल वर्मा सरल, सौम्य एवं हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने लगभग अर्ध शताब्दी तक मसवासी के सामाजिक व राजनैतिक जीवन एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अपने मसवासी आगमन के पश्चात ही वे यहां की समस्याओं के प्रति चिंतित रहते थे सन 1980 के आसपास ही उन्होंने ष्जन कल्याण समितिष नाम से एक संगठन बनाया था जिसके माध्यम से वे मसवासी के



युवाओं को स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करने के लिए प्रेरित करते थे । उसके पश्चात वे लगातार यहां के सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन में सक्रिय रहे । वे स्वयं तो स्वस्थ पत्रकारिता करते ही थे साथ ही नवोदित पत्रकारों का मार्गदर्शन भी करते थे । वे सदैव युवाओं को प्रेरणा देते रहे। नगर के नई पीढ़ी के अधिकांश राजनैतिक कार्यकर्ता उनके साथ बैठकर चर्चाएं करते थे ।उनके स्वर्गवास से नगर क्षेत्र मे शोक छा गया। उनके शुभ चिन्तकों का उनके मकान पर ताता लगा रहा उनके अन्तिम दर्शनों के लिए उनके मकान पर आने जाने वालो का ताता लगा रहा। दो बजे उनका अन्तिम संस्कार सुल्तानपुर पट्टी कोसी नदी घाट पर किया गया उनके अन्तिम संस्कार मे नगर के गणमान्य लोगो सहित सेकडो की संख्या मे लोग मौजूद रहे। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। नगर के पत्रकारों ने भी उनके स्वर्गवास पर शोक संवे. दना व्यक्त की।

# भाकियू चौधरी के जिला अध्यक्ष ने आजम खां से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** सोमवार भारतीय किसान यूनियन (चौधरी) रामपुर द्वारा पांच सदस्यीय दल ने भाकियू (चौधरी) के जिलाध्यक्ष इमरान बाबा के नेतृत्व में पूर्व सांसद/पूर्व कैबिनेट मंत्री मौ. आजम खां से उनके निज निवास पहुंच कर मुलाकात की।



इस दौरान भारतीय किसान यूनियन चौधरी के जिलाध्यक्ष इमरान बाबा ने शिष्टाचार मुलाकात कर मौ.आजम खां से स्वास्थ्य का हाल चाल जाना।और संगठन की और से उनकी रिहाई पर मुबारकबाद पेश की।और कहा कि अजीम यूनिवर्सिटी बनाकर आपने देश विदेश में एक मिसाल कायम की है।मोहम्मद अली यूनिवर्सिटी वाकई बेमिसाल धरोहर स्थल है देश और प्रदेश की शान है।शिक्षा की ओर उठाया गया बहुत बड़ा कदम है।

इस दौरान पांच सदस्यीय दल में जिलाध्यक्ष इमरान बाबा,जिला सचिव गुफरान खां,सुलेमान अहमद, नासिर, एवं जैंद हुसैन मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के चरण फेज-5 के अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा, महिला उप निरीक्षक आराधना तोमर महिला हेड कांस्टेबल नीतू चौहान व कांस्टेबल पूनम द्वारा महाराजा पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में बालिकाओं की चौपाल लगाकर सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन और यातायात के सभी नियमों के विषय में बताया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वल योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ




योजना, प्रधान मंत्री जन अरोग्य योजना,नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से अवगत कराते हुए तथा महिलाओं को उनकी सुरक्षा सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पावर लाइन-1090,महिला हेल्पलाइन नंबर -181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112,स्वास्थ्य सेवा-102, 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098,तथा 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## सैफनी अध्यक्ष ने की सड़क निर्माण की मांग जर्जर मार्ग से होती हैं दुर्घटनाएं और जलभराव

**शाह टाइम्स संवादाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने लोक निर्माण विभाग, रामपुर के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर अकबरपुर-सैफनी मार्ग के निर्माण की मांग की है। अध्यक्ष ने बताया कि यह मार्ग कई वर्षों से अत्यधिक जर्जर अवस्था में है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग नगर सैफनी को लगभग 30 से 35 बड़े गांवों और चंदौसी जैसे प्रमुख शहर से जोड़ता है। इस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। मार्ग की खराब स्थिति के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके अलावा, वर्षा ऋतु में इस मार्ग पर जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में



और भी कठिनाई होती है। फैजान खान ने बताया कि यह मार्ग लोक निर्माण विभाग, रामपुर के अंतर्गत आता है। उन्होंने पहले भी अवर अभियंता और अन्य अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की थी, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। जनमानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, अध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता से अकबरपुर-सैफनी मार्ग का शीघ्र निर्माण कराने का आग्रह किया है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# डा. भीमराव अंबेडकर फुटबाल टूर्नामेंट में एसआर रॉयल क्लब ने यूनाइटेड क्लब को पेनाल्टी शूट के माध्यम से 5-3 से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टांडा में एसआर रॉयल कमेटी द्वारा आयोजित डाक्टर भीमराव अंबेडकर आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में एसआर रॉयल क्लब टांडा ने यूनाइटेड क्लब टांडा से मैच 1-1 से बराबर के बाद पेनाल्टी शूट से 5=3 के गोल के अंतर से मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

मैच में शुरू से ही दोनों टीमों ने गोल करने के प्रयास में तेज आक्रमण करना शुरू किए। 22 वें मिनट में एसआर रॉयल क्लब के सेंटर फारवर्ड आकाश ने सौरव के पास के जरिए पहला गोल किया।खेल के 28 वें मिनट में पलटवार करते हुए यूनाइटेड क्लब, के खिलाड़ी अजहर ने बॉल



को मु० शारिक को दिया और गोल कर, यूनाइटेड क्लब को मैच में बराबरी पर कर दिया।

दूसरे हाफ में भी कांटे की टक्कर के साथ कोई गोल नहीं हुआ और 1-1 से मैच बराबर रहा। मैच रेफरी राहत अली द्वारा पांच-पांच पैनाल्टी शूट लगवाने का फैसला लिया जिसमें एसआर रॉयल क्लब ने यह मैच 5-3 से जीत कर अगले राऊंड में प्रवेश कर लिया।एसआर रॉयल क्लब के खिलाड़ी आकाश कुमार को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार महफूज मुन्ना द्वारा दिया गया।

मैच रेफरी, राहत अली, लाइन मैन जुबैर आलम और ओसामा रहे।स्कोरर की भूमिका मु० मुईन खान ने निभाई।

कमेंटेटर मुहम्मद सईद सागर व जहीर जिया रहे।

इस अवसर पर टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष कारी रिजवान, उवैस प्रिंस, अमीर अहमद, मुहम्मद दाऊद, जैद कुरेशी, मु० मुकीम, महफूज मुन्ना, हाजी मुबीन, अलकमा अमान, सैफ रहमान, कारी जुनेद, वसी खान, जुबैर आलम, तौसीफ ,मुहम्मद बिलाल ,हनी, मु० आमिर, यासिर हयात और जकी दद्दा आदि मौजूद रहे।

## डीएम और एसपी ने गोल्फ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ रामपुर शहर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, समूह केंद्र पहुंचकर गोल्फ कोर्स में आयोजित मन्थली मेडेल राउण्ड-2025 गोल्फ प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल खेल एवं शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि आपसी सहयोग, टीम भावना एवं अनुशासन के गुणों को भी सुदृढ़ करती हैं।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाते हैं।

इस अवसर पर मुख्य आयोजक पुलिस उपमहानिरीक्षक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, समूह केंद्र रामपुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, प्रतियोगिता के प्रतिभागी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शहीद-ए-आजम स्पोर्टस स्टेडियम में विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को सांसद मोहिबुल्लाह नदवी, शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से शहीद-ए-आजम स्पोर्टस स्टेडियम बमनपुरी में कराये गये विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में स्टेडियम परिसर की बाउन्ड्रीवॉल का उच्चीकरण (पुर्नस्थापना), स्टेडियम परिसर के अन्दर इन्टरलॉकिंग टाईल्स, फेंशिंग का कार्य, बैडमिन्टन के 03 सिन्थेटिक कोर्ट का





पुर्नस्थापना का कार्य, 03 क्रिकेट पिच का निर्माण कार्य, पवेलियन पर हाईमास्ट लाईट का कार्य, स्टेडियम परिसर से पहुँच मार्ग तक रोड का कार्य, स्ट्रीट लाईट का कार्य एवं बास्केटवाल सिन्थेटिक कोर्ट पुर्नस्थापना, सिन्थेटिक लॉनटेनिस कोर्ट का पुर्नस्थापना कार्य एवं पिकल गेम कोर्ट के निर्माण का शिलान्यास किया गया।

उन्होंने बताया कि बाउन्ड्रीवॉल का उच्चीकरण ( पुर्नस्थापना) का कार्य 32.717 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। इसके अतिरिक्त स्टेडियम परिसर के अन्दर इन्टरलॉकिंग टाईल्स, फेंशिंग का कार्य अनुमानित धनराशि 15 लाख रुपये, बैडमिन्टन के 03 सिन्थेटिक कोर्ट का पुर्नस्थापना, तीन क्रिकेट पिच का निमार्ण, पवेलियन पर हाईमास्ट लाईट का कार्य 36 लाख रुपये, शिलान्यास के कार्यों में बास्केटवाल सिन्थेटिक कोर्ट पुर्नस्थापना, सिन्थेटिक लॉनटेनिस कोर्ट का पुर्नस्थापना कार्य एवं पिकल गेम कोर्ट के निर्माण का कार्य अनुमा. नित धनराशि 25 लाख रुपये की लागत से कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान अण्डर 14 बालक/बालिका एवं ओपन पुरूष सिंगल/डबल बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें 40 महिला/पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अण्डर 14 बालिका प्रतियोगिता में विजेता परी, उपविजेता अनीता, अण्डर 14 बालक प्रतियोगिता में विजेता अहमद खान, उपविजेता अन्क्ष, ओपन सिंगल में विजेता सउद गुल उपविजेता अमित तैजान एवं ओपन डबल में विजेता सउद, फैजान उपविजेता जावेद एवं तिव्यान रहे।

इस दौरान अतिथिगणों द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों एवं निर्णायकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता आर.ई.एस. आर.डी.ए., अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी, खेल प्रेमी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाजपा की नीतियों से किसान परेशान, कारोबार पर ध्यान दें किसान : मुस्तफा हुसैन

**जन्नत फर्नीचर हाउस पर किसानों को सम्मानित किया जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सैदनगर क्षेत्र के नसीमगंज चौराहे पर जन्नत इलेक्ट्रॉनिक हाउस का शुभारम्भ करते हुए रामपुर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि वर्तमान समय में किसान भाजपा की नीतियों से परेशान हैं, लोगों को खाद तक नहीं मिल रहा है। किसान अपने बच्चों को कारोबार से लगाए। सैदनगर क्षेत्र के नसीमगंज चौराहे पर इमरान पाशा के प्रतिष्ठान जन्नत इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस पर



जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रतिष्ठान के स्वामी इमरान पाशा ने बताया कि हमारे यहां पर शादी के समान तोहफे मुनासिब रेट पर दिए जा रहे हैं। गरीबों के लिए विषय छूट दी जा रही।

इस मौके पर इमरान पाशा, नन्हे पाधान, आसिफ अली, दानिश अली, रुस्तम अली, विरासत अली, कुर्बान अली, राशिद अली, असगर अहमद, अमजद अली, पप्पू, अख्तर प्रधान, फिरासत पधान, शमशाद मुखिया मुल्ला, अहमद रजा, मो नादिर आदि मौजूद रहें।

# नशेड़ी ने चाकू से गला काट सौतेले पिता को मार डाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नशे में धुत युवक ने सौतेले पिता की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। तड़के करीब 4:30 बजे झगड़े के दौरान घर में हत्याकांड को अंजाम दिया। दिन निकलते ही वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल को कवर कर लिया। फॉरेंसिक टीम के साक्ष्य जुटाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी-सीओ ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू के साथ आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।



घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में कैलसा बाईपास मार्ग स्थित माया धर्मकांटा के पास बसी बस्ती की है। यहां पर स्व.फहीम अहमद का परिवार रहता है। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ साल पहले बीमारी के चलते उनकी मृत्य हो गई थी। उनके परिवार में पत्नी रजिया के अलावा तीन बेटे व एक बेटी है। सबसे बड़ी बेटी राबिया की शादी हो चुकी है

## आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जबकि तीन बेटों में अहमद, उस्मान व अयान हैं। सहारे के लिए रजिया ने दिल्ली निवासी रिश्तेदार जावेद (48 वर्ष) के साथ दूसरा निकाह कर लिया था। इसके बाद से जावेद ने भी अमरो. हा शहर में आकर रहना शुरू कर दिया था। परिजनों के मुताबिक रजिया का दूसरे नंबर का बेटा अहमद नशा करने का आदि है। नशे की हालत में घर पहुंचने पर उसका सौतेले पिता जावेद से अक्सर झगड़ा होता रहता था। सोमवार रात भी अहमद नशे की हालत में घर पहुंचा था। तड़के में करीब 4:30 बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। विवाद इस कद्र बढ़ा कि उसी दौरान अहमद ने घर में रखे चाकू से जावेद पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बचाव में के दौरान गले पर हुए गहरे वार से खून से लथपथ जावेद वहीं गिर गए। शोर सुनकर परिवार के लोग जाग गए लेकिन खून ज्यादा बहने के कारण उस वक्त तक जावेद की मौत हो चुकी थी। हत्याकांड अंजाम देकर घर से भाग रहे अहमद को परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने पकड़ लिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेने के साथ आरोपी अहमद को हिरासत में लेते हुए कोतवाली भेज दिया। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फोरेंसिक टीम व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी अमित कुमार आनंद व सीओ सिटी शक्ति सिंह ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। परिजनों के अलावा मोहल्ले के लोगों से पूरी जानकारी ली। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि आरोपी अहमद को हिरासत में ले लिया गया है। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद हो गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# कूटरचित दस्तावेज से लिया आठ लाख का लोन

## तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कूट रचित दस्तावेजों से किसान के नाम पर आठ लाख रूपये का लोन ले लिया गया। बैंक प्रबंधक की शिकायत पर तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के मुताबिक बैंक प्रबंधक भूपेंद्र सिंह का कहना है कि गांव कंकरखेड़ा निवासी किसान भगवंत सिंह ने अपना आधार व पैन कार्ड के अलावा खतौनी से बैंक में ऋण के लिए आवेदन किया था। जिसमें गांव हादीपुर निवासी साबिर शाह गारंटर था। उसने भी अपना आधार, पैन कार्ड फाइल में जमा किया था। जिसके आधार पर बैंक से 16 दिसंबर 2024 को पांच लाख रुपये का ऋण लिया गया लेकिन बाद में गांव पृथ्वीपुर कलां निवासी भगवत सिंह ने बैंक को जानकारी दी कि उनके पिता ने कभी बैंक से अपनी कृषि भूमि पर ऋण नहीं लिया है। मामले को गंभीरता से लेकर बैंक ने जांच कराई तो सामने आए खेल ने बैंक अधिकारियों के होश उड़ा दिए। पता चला कि भगवंत नाम का कोई व्यक्ति गांव कंकरखेड़ा में नहीं रहता है। किसी अन्य व्यक्ति ने भगवंत सिंह बनकर फर्जी दस्तावेज से ऋण लिया है। जांच-पड़ताल के दौरान ये भी सामने आया कि फर्जी दस्तावेज से नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर खुर्द निवासी रजा हुसैन के आधार व पैन कार्ड लगाकर तीन दिसंबर 2024 को आठ लाख रुपये का ऋण लिया है। रजा हुसैन ने ही भगवंत सिंह की जमानत ली थी। इतना ही नहीं बैंक की ऋण फाइल में आरोपियों की फोटो भी लगे थे। बैंक प्रबंधक ने कंकरखेड़ा निवासी भगवंत सिंह, गांव बहादुरपुर खुर्द निवासी रजा हुसैन तथा गांव हादीपुर निवासी साबिर शाह पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने मामले में शाखा प्रबंधक की तहरीर पर तीन लोगों पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की बात कही। बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# खेत की रखवाली कर रहे किसान को पीटा

**हसनपुर।** खेत की रखवाली करने गये किसान को दबंगों ने लाठी डंडों से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी लखपत पुत्र गोपाल सिंह सोमवार की रात धान की फसल रखाने के लिए खेत पर गये थे। इस दौरान वहां पड़ोस के गांव के पांच अज्ञात लोगों ने उन पर हमला बोल दिया। और जमकर लाठी डंडों से उनके साथ मारपीट की। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंच गये। मंगलवार को गंभीर हालत में परिजन घायल को लेकर कोतवाली पहुंचे। परिजनों ने दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

# किसान की बेटी से दुष्कर्म, शादी के बनाए फर्जी दस्तावेज

## दूसरे सम्प्रदाय की युवती ने तांत्रिक से बताया जान का खतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तांत्रिक ने युवती के फर्जी दस्तावेज बनाकर शादी के कागज तैयार करा लिये। मामला खुलने पर पीड़िता ने आरोपी से जान को खतरा बताते कोर्ट की शरण ली। जिस पर न्यायालय ने मंडी धनौरा पुलिस को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सात दिन में रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल करने के आदेश दिये हैं। युवती दूसरे समुदाय की होने के कारण मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

मामला मंडी धनौरा थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। यहां कस्बे में एक किसान का परिवार रहता है। उनके बेटे की हादसे में मौत हो गई थी। आरोप है कि थाना क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर मिलक निवासी जयपाल का घर आना-जाना था जो तांत्रिक है। आरोप है कि तांत्रिक जयपाल ने घर में साया होने की बात कहते हुए किसान को अपने जाल में फंसा लिया। इसके साथ ही किसान के बेटे की मौत के मामले में क्लेम दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि कुछ दिन बाद जयपाल अपने शहर के मोहल्ला छेवड़ा निवासी अपने रिश्तेदार श्याम कुमार सागर को लेकर किसान के घर आया। बाद में दोनों किसान व उनकी बेटी को अमरोहा कचहरी ले गए और वहां धोखे से सादे कागज व स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद श्याम कुमार सागर ने किसान की बेटी से फोन पर बातचीत शुरू कर दी।

**■ कोर्ट ने मंडी धनौरा पुलिस को सात दिन में जांच कर मांगी रिपोर्ट**

10 मार्च 2024 को श्याम कुमार सागर घर आया और अकेला पाकर उसने किसान की बेटी के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि बाद में श्याम कुमार ने बताया कि उसने शादी के कागज तैयार करा लिए हैं, धमकी देते हुए पत्नी बनकर रहने की बात कही। श्याम कुमार सागर ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर कर युवती को अपनी पत्नी दर्शाया जबकि युवती दूसरे समुदाय की है। उसने अपना धर्म परिवर्तन भी नहीं किया है। आरोप है कि कि श्याम कुमार सागर ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर परिवार न्यायालय में युवती को पत्नी बताते हुए वाद दाखिल कर दिया। युवती ने खुद की जान को खतरा बताते हुए पुलिस से शिकायत की। मामले में सुनवाई नहीं होने पर आखिर में अदालत की शरण ली। सीजेएम कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेकर मंडी धनौरा थाना पुलिस को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं। कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट सात दिन के भीतर अदालत में तलब की है।

## एक नजर

### डेढ़ किलो चरस के साथ दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत, थाना आदमपुर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कुमरेश त्यागी के नेतृत्व में आदमपुर पुलिस टीम ने सोमवार की रात चेकिंग के दौरान ग्राम मरौरा कूड़ाघर के पास से रामकुंवर उर्फ छुट्टन और सचिन कुमार त्यागी को गिरफ्तार किया। दोनों ही ग्राम मरौरा, थाना आदमपुर के निवासी हैं।गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक थैले में 1.5 किलोग्राम चरस (सुल्फा) बरामद हुई है। जिसकी अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने उनके पास से 29,500 रुपये नकद, दो मोबाइल और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी जब्त किया है।

### देश के विकास में अटल का प्रमुख योगदान



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नायाब अब्बासी डिग्री कालेज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। प्राचार्या डा. लुबना हामिद ने कहा कि स्व. वाजपेयी देश की समृद्धि का प्रतीक थे। भारत के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डा. महताब अमरो. ही ने कहा कि वाजपेयी ने जीवनभर कुंवारे रहकर करोड़ो परिवारों को जीना सिखाया तथा युवाओं को नई दिशा देकर देश के विकास में योगदान की सीख दी। इस मौके पर डा. नसीम अहमद, कसीम अशरफ, डा. रेशमा जैदी, अरमान सिद्दीकी, डा. निगहत नकवी, मुबारक अली, रूचि अग्रवाल, अर्चना शर्मा मौजूद रहे।

### हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** हीरा इंटरनेशनल स्कूल में मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत पुलिस विभाग द्वारा आयोजित सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में छात्राओं को आत्मरक्षा का महत्त्व सिखाया गया। कार्यशाला का नेतृत्व एसआई मोनिका तोमर और दुर्गावती ने किया, जिन्होंने छात्राओं व शिक्षिकाओं को समझाया कि अपनी सुरक्षा स्वयं के हाथ में है, और इसके लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, अनचाहे व्यवहार या खतरे के संकेत को कभी नजरअंदाज न करें, बल्कि तुरंत साहस दिखाते हुए मदद मांगें। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान सिंह समेत आदित्य साहू, सुभा साहू, सुमन भाटिया, कमलेश अग्रवाल, कोमल यादव, मेघा गर्ग, विजय अग्रवाल, वरुणा त्यागी, शुभ्रा अग्रवाल, नेहा शर्मा सहित तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# गर्भवती नवविवाहिता की मौत में पति समेत छह फंसे

## पीएम के बाद शव का अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नवविवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका चार महीने की प्रेग्नेंट थी। मारपीट के बाद से पेट में दर्द था। मायके वाले अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार करा रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद परि. जनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मामले में पुलिस ने आरोपी पति समेत छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव दुर्गपुर में किसान सरदार सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने करीब सात महीने पहले अपनी बेटी शिवानी की शादी संभल जिले के भदरौला के रहने वाले राजकुमार के साथ की थी। आरोप है कि शादी की शुरुआत से ही ससुराल में शिवानी को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल वाले मायके से पांच लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर शिवानी के साथ मारपीट की जाती थी। किसान सरदार सिंह के मुताबिक बीते रविवार की रात ससुराल वालों ने शिवानी के साथ मारपीट की। हमले में वह गंभीर घायल हो गई। जिसके बाद उसके पेट में तेज दर्द उठा, वह चार महीने की गर्भवती थी। घर लाने के बाद मायके वाले अस्पताल में भर्ती कराकर उसका उपचार करा रहे थे, जहां सोमवार को शिवानी की मौत हो गई। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। घटनास्थल संभल जिले का है। मामले में पिता की तहरीर पर पति राजकुमार, ससुर रामवीर सिंह, सास कश्मीरी, ननद शिवली व शिंटी के अलावा जगशरण के खिलाफ दहेज हत्या व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सौ मीटर दौड़ में लविश व नीलाक्षी रहीं प्रथम

## जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का दूसरा दिन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग में सिख इंटर कालेज नारंगपुर के लविश व बालिका वर्ग में चौधरी ज्ञान प्रकाश इंटर कालेज की नीलाक्षी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

मिनी स्टेडियम में चल रही जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन पांच हजार मीटर पैदल चाल में बालक वर्ग में परसदीप ने पहला, निखिल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। चार सौ मीटर दौड़ में सोनू प्रथम, ताहिर दूसरे स्थान पर रहे। चक्का फेंक में अक्षत सिंह ने पहला, अनमोल ने दूसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में सोनू ने पहला स्थान हासिल किया। 400 मीटर बाधा दौड़ में निशांत प्रथम रहे। बालिका वर्ग सीनियर 400 मीटर चक्का फेंक में अंजलि ने पहला व प्रिंसी दूसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में विजय लक्ष्मी प्रथम, तीन हजार मीटर दौड़ में रोनक ने पहला जबकि अंजलि ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर 17 बालक वर्ग सौ मीटर दोड़ में सिख इंटर कालेज नारंगपुर के लविश ने पहला, विशेष दूसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर रिले में बादशाहपुर पहले व नारंगपुर दूसरे स्थान पर रहा। चक्का फेंक में सुशांत ने प्रथम व युवराज सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग तीन हजार मीटर पैदल चाल में पारूल ने पहला स्थान प्राप्त किया। सौ मीटर दौड़ में निलिक्षी प्रथम व वंशिका दूसरे स्थान पर रही। 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रीत सिंह सिंधू ने पहला व निलाक्षी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 बालक वर्ग चक्का फेंक में लक्ष्य प्रथम, अब्दुल रजा दूसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में शिव कुमार व अनमोल शुरू के दो स्थानों पर आये। बालिका वर्ग लम्बी कूद में संध्या ने पहला तथा पारूल ने दूसरा स्थान हासिल किया। ऊंची कूद में निति प्रथम, संध्या दूसरे स्थान पर रहे। चक्का फेंक में संजलि ने पहला व प्रेरणा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार, डा. जीपी सिंह, नरेश सिद्धू, सुरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, चारू शर्मा, जमशेद कमाल, आस्था, गुरनाम सिंह, डा. धर्म सिंह, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

## ब्लू बर्ड्स में हुआ आंदोलन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता ने स्कूल परिसर को उत्सव और रचनात्मकता की छटा से भर दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य त्योहार के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रदर्शित करना था। प्रतियोगिता में महिला सशक्तिकरण, दीपावली भक्ति और पूजा का पर्व, ग्रीन दीपावली, राम और सीता का अयोध्या आगमन पर रंगोली बनाई। विद्यार्थियों ने अपने रंगोली डिजाइन के माध्यम से संदेश और संस्कृति का सुंदर सम्मिश्रण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीमवर्क और सांस्कृतिक समझ बढ़ाने का बेहतरीन माध्यम है। निर्देशिका राखी अग्रवाल ने कहा कि रंगोली के माध्यम से बच्चों में सौंदर्यबोध, धैर्य और सहयोग की भावना विकसित होती है। प्रिंसिपल अंजली दुबे ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों को जिम्मेदारी और समर्पण के साथ काम करना भी सिखाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया कि वे हमेशा रचनात्मकता और संस्कृति का संगम बनाए रखें

# मोबाइल हैक कर किसान के खाते से दो लाख उड़ाए

## साइबर ठगों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर ठगों ने किसान का मोबाल हैक कर खाते से दो लाख की नकदी निकाल ली। सूचना मिलते ही उसके होश उड़ गये। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

शहर के मोहल्ला डाक बंगला में सुरेंद्र कुमार का परिवार रहता है। उनके बेटे सुनील कुमार का नौगावां सादात क्षेत्र में गांव अकबरपुर पट्टी स्थित केनरा बैंक शाखा में बचत खाता है। 12 अप्रैल 2025 को करीब नौ बजे उनका अचानक मोबाइल अचानक हैक हो गया। इसके बाद अलग-अलग तीन खातों से 1,99,300 निकाल लिए। सुनील कुमार के तीनों खाते केनरा बैंक की एक ही शाखा में है। इतना ही नहीं कुछ देर बाद सुनील कुमार का सिम भी ब्लॉक हो गया। जैसे ही उन्होंने अपना सिम एक्टिव कराया तो बैंक द्वारा खाते से पैसे निकलने का अलर्ट मैसेज मिलते ही होश उड़ गए। लिहाजा, उन्होंने तुरंत बैंक पहुंचकर तीनों खातों से लेनदेन पर रोक लगवाई। इसके बाद शिकायत शहर कोतवाली पुलिस से की। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साइबर सेल टीम के सहयोग से आरोपियों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलटा ट्रेलर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे पर पशु आहार लदा ट्रेलर पलट जाने के कारण करीब पांच घंटे तक जाम के हालात बने रहे। पुलिस ने हाइवे को वनवे करके वाहनों का आवागमन कराया तब जाकर जाम खुल सका। जाम में फंसे वाहनों में सवार लोग काफी परेशान रहे। कई एंबुलैंस भी जाम में फंसी नजर आई। बता दें कि पंजाब के

**■ हाइवे पर लगा लंबा जाम, यात्री हुए परेशान**




भसीड़ा निवासी गुरूदीप ट्रेलर वाहन में पंजाब से पशु आहार लादकर बनारस जा रहा था। मंगलवार की सुबह करीब चार बजे जब वह बगद नदी के पास पहुंचा तो अचानक उसे नींद की झपकी आ गई, जिसके बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक ओर जहां गुरूदीप घायल हो गया तो वहीं दूसरी ओर हाइवे पर एक दिशा में आवागमन बाधित हो गया और जाम के हालात बन गए। करीब पांच घंटे तक जाम के हालात बने रहे।ुलिस ने हाइवे को वनवे करके वाहनों का आवागमन कराया तब जाकर जाम खुल सका, हालांकि जाम खुलने के बाद भी काफी देर तक वाहन रेंग रेंग कर चले। जाम के कारण अनेकों यात्री अपनी मंजिल पर समय से नहीं पहुंच सके।

# टाइल्स भरा ट्रेलर पेड़ से टकराया, दुकान में घुसने से बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** टाइल्स लदे ट्रेलर का स्टेयरिंग जाम होने से वह अनियंत्रित पेड़ से टकरा गया। इस दौरान नगर पालिका के नाले के स्लैब भी क्षतिग्रस्त हो गए तो वहीं दुकान के बाहर रखी नमक की बोरियां और फर्नीचर आदि को भी नुकसान पहुंचा, गनीमत रही कि ट्रेलर पेड़ से टकराकर रूक गया अन्यथा परचून की दुकान में घुस जाता तो बड़ा हादसा हो जाता। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार राजस्थान के जनपद भीलवाड़ा निवासी महेन्द्र ट्रेलर में टाइल्स लादकर नूरपुर जा रहा था। इंदिरा चौक से कुछ आगे निकलने पर उसका स्टेयरिंग जाम हो गया और ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क

**■ नगर पालिका परिषद के स्लैब भी हुए क्षतिग्रस्त**

किनारे पेड़ से टकरा गया। पेड़ के पीछे एक परचून की दुकान स्थित है, गनीमत रही कि ट्रेलर दुकान में नहीं घुसा, वरना बड़ा हादसा हो जाता। हादसे के बाद ट्रेलर का




अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद धमाके जैसी तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# राहुल की फिफ्टी: भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता

**● भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में मंगलवार को सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। पांचवें दिन के खेल में उन्हें जीत के लिए सिर्फ 58 रनों की जरूरत थी, जिसे उन्होंने केएल राहुल के अर्द्धशतक की मदद से पांचवें दिन एक घंटे के भीतर ही हासिल कर लिया। हालांकि इस दौरान उन्हें अपने दो विकेट गंवाने पड़े। दिन की शुरूआत में राहुल और साई सुदर्शन (39) आराम से लक्ष्य की तरफ़ बढ़ रहे थे। राहुल ने दिन के पांचवें ओवर में जोमेल वारिकन की गेंद पर आगे निकलकर मिड ऑफ के ऊपर से चौका लगाया और दिन की पहली बाउंड्री अपने नाम की। इसके बाद उन्होंने खारी पिएर के ओवर में कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका भी हासिल किया। वहीं सुदर्शन पूरी तरह शांत रहें और जब उन्होंने रॉस्टन चेज की एक फुलर गेंद को ड्राइव लगाने की कोशिश की, तो गेंद ने उनके बल्ले का बाहरी किनारा लिया और स्लिप में शाई होप ने दायीं ओर डाइव लगाकर एक बेहतरीन कैच लपका। इसके बाद आए भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने चेज को निशाना बनाते हुए कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका लगाया, लेकिन उसी ओवर में एक और छक्का मारने के चक्कर में गेंद को हवा में खेल बैठे और जस्टिन ग्रीव्स ने मिडविकेट से पीछे दौड़कर एक खूबसूरत कैच अपने नाम किया। हालांकि इसके बाद आए ध्रुव जुरेल ने कोई गलती नहीं की। इस बीच राहुल ने वारिकन की गेंद को फ़ाइन लेग की ओर दो रनों के लिए खेल अपना अर्द्धशतक पूरा किया और वारिकन के अगले ओवर में मिडविकेट पर चौका मारकर जीत की औपचारिकता पूरी की। सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद भारतीय टीम सीमित ओवर सीरीज के लिए




## घर में सर्वाधिक टेस्ट जीत तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत

**● भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने दिल्ली टेस्ट के पांचवें दिन सुबह जीत के लिए आवश्यक 58 रन आसानी से हासिल कर लिए और सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज यह देखकर संतुष्ट हो सकता है कि उन्होंने इस साल का अपना सबसे मजबूत बल्लेबाजी प्रदर्शन करते हुए मैच को पांचवें दिन तक खींचा, लेकिन भारत की जीत पर कभी कोई खतरा नहीं था। इसके साथ ही भारत ने सीरीज स्वीप के साथ कई रिकॉर्ड्स भी बनाए।

एक नजर मैच से जुडे अहम आंकड़ों पर। भारत अब अपने घरेलू मैदानों पर कुल 122 टेस्ट मैच जीत चुका है। इस मामले में भारत अब दक्षिण अफ्रीका (121) को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब भारत से आगे सिर्फ़ इंग्लैंड (241) और ऑस्ट्रेलिया (262) हैं। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब लगातार 10 सीरीज जीत हासिल कर ली है। यह क्रम 2002 से चला आ रहा है। भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ 10-0 का रिकॉर्ड बनाया था। यह भारत का वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 27वां टेस्ट रहा, जिसमें उसे हार का सामना नहीं करना पड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ भारत का यह सबसे लंबा अपराजेय सिलसिला है। आखिरी बार भारत को वेस्टइंडीज ने 2002 में हराया था। दिल्ली में भारत लगातार 14 टेस्ट मैचों से अपराजेय है। आखिरी बार भारत यहां 1987 में वेस्टइंडीज से हारा था। 1993 के बाद से भारत ने दिल्ली में 14 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 12 जीते और दो ड्रॉ रहे हैं। इस नतीजे के साथ दिल्ली ने मोहाली (1997 से 13 टेस्ट) और मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम (1948-1965 के बीच 13 टेस्ट) को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे लंबे अपराजेय घरेलू मैदानों में शीर्ष पर जगह बनाई। ध्रुव जुरेल अब तक जितने भी टेस्ट खेले हैं, उन सभी में भारत विजेता रहा है। उन्होंने 2024 की शुरुआत में राजकोट टेस्ट (इंग्लैंड के खिलाफ) में डेब्यू किया था। इससे पहले भुवनेश्वर कुमार अपने पहले छह टेस्ट तक हर बार विजेता टीम का हिस्सा रहे थे। इस सीरीज में भारत ने कुल 13 विकेट गंवाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पेरिस 2024 फेयर प्ले अवार्ड्स के विजेताओं की घोषणा

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सोमवार को पेरिस 2024 फेयर प्ले अवार्ड्स के विजेताओं की घोषणा की। यह पुरस्कार मैत्री, खेल भावना और एकजुटता के प्रतीक हैं। नॉर्वे के डेकाथलीट सैंडर स्कोथीम, स्पेन के एंटोनियो रोजास और जर्मन ओलंपिक खेल परिसंघ ने ओलंपिक संग्रहालय में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्राप्त किए। आईओसी द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय फेयर प्ले समिति ने स्कोथीम का चयन इसलिए किया क्योंकि उन्होंने पोल वॉल्ट में एक निश्चित ऊंचाई तक पहुंचने में असफल रहने के बावजूद पुरुषों की डेकाथलॉन प्रतियोगिता में भाग लेना जारी रखा।

### पर्थ वनडे में नहीं खेलेंगे जम्पा और जॉश इंगलिस

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा पितृत्व कारणों से पर्थ में भारत के खिलाफ पहला वनडे मिस करेंगे। उनकी जगह मैथ्यू कुनमन को टीम में शामिल किया गया है, जबकि जॉश फ़िलिपे को जॉश इंगलिस के कवर के रूप में पर्थ बुलाया गया है क्योंकि एलेक्स केरी एशेज की तैयारी के तहत एक शेफ़ील्ड शील्ड मैच खेल रहे हैं। जम्पा की पत्नी हैरियट अपनी दूसरी संतान के अंतिम गर्भावस्था चरण में हैं और डिलीवरी की तारीख नजदीक होने के कारण जम्पा ने उत्तरी न्यू साउथ वेल्स के अपने घर पर ही रहने का फैसला किया है, क्योंकि पर्थ से लौटना अपेक्षाकृत कठिन है। वह एडिलेड और सिडनी में होने वाले दूसरे और तीसरे वनडे में वापसी कर सकते हैं, क्योंकि इन दोनों शहरों से घर लौटना आसान है। वह पूर्वी तट पर खेले जाने वाले पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी शामिल रहेंगे।

# गिल ने इंग्लैंड में कप्तानी की परीक्षा पास कर ली थी: गंभीर



**● व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है खासकर उनके लिए जो तीनों फॉर्मेट में खेलते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कोच गौतम गंभीर का कहना है कि भले ही क्रिकेट कैलेंडर बहुत व्यस्त है, लेकिन फिर भी जिस तरह से खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को महत्व दे रहे हैं और उसकी तैयारी के लिए घरेलू क्रिकेट और ए सीरीज खेल रहे हैं, उसे देखना सुखद है। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से ठीक पहले भारतीय टेस्ट दल के 15 सदस्यों में से आठ ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनाधिकृत टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था। जबकि इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी जसप्रीत बुमराह सहित कुछ अन्य खिलाड़ी उस समय एशिया कप में व्यस्त थे। 2-0 से सीरीज जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गंभीर ने मंगलवार को कहा कि व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है, खासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो तीनों फ़ॉर्मेट खेल रहे हैं। लेकिन जिस तरह से इस सीरीज की तैयारियों के लिए कुछ टेस्ट खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ए सीरीज खेली, वह बहुत महत्वपूर्ण है। इसी तरह से इन खिलाड़ियों का दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ से पहले रणजी ट्रॉफ़ी खेलना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह कुछ ऐसी चीज़ है, जिसे इन खिलाड़ियों ने बहुत ही बेहतरीन ढंग से अपने ऊपर लागू किया है। वे टेस्ट क्रिकेट की तैयारी सही ढंग से कर रहे हैं और वह परिणामों में भी दिख रहा है। मुझे लगता है कि जो भी खिलाड़ी सिर्फ़ टेस्ट क्रिकेट का हिस्सा हैं, उनके लिए घरेलू क्रिकेट खेलना बहुत जरूरी है, बजाय इसके वह सिर्फ एनसीए जाए और अपने स्किल पर काम करें।

## हर्षित राणा पर सवाल उठाना शर्मनाक है: गंभीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** हर्षित राणा के तीनों फॉर्मेट में चयन पर लगातार हो रही आलोचनाओं पर भी भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कठोरता से जवाब दिया है। राणा घरेलू टेस्ट सीरीज में भारतीय दल का हिस्सा तो नहीं थे, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी-20 दोनों टीमों का हिस्सा हैं। पूर्व भारतीय कप्तान और पूर्व प्रमुख चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत सहित कई अन्य लोगों ने राणा के चयन की अपने यूट्यूब चैनल पर आलोचना की थी और कहा था कि उनका चयन सिर्फ़ इसलिए हुआ है क्योंकि वह गंभीर के बहुत करीब हैं। गंभीर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह शर्मनाक है। आप अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए किसी 23-वर्षीय बच्चे को निशाना नहीं बना सकते। राणा के पिता चयनकर्ताओं के कोई पूर्व चेयरमैन या कोई पूर्व क्रिकेटर या कोई एनआरआई नहीं हैं। आप किसी की आलोचना उसके प्रदर्शन पर करिए और इसके लिए भी कोच और चयनकर्ता बैठे हुए हैं।

## गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर पिचों की वकालत की

**● भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाई, अहमदाबाद में विंडीज की दो बार खराब बल्लेबाजी हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पांचवें दिन के पहले घंटे में ही 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि दिल्ली की पिच बेहतर हो सकती थी।

न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर 3-0 से मिली करारी हार के बाद, जहां काफ़ी स्पिन मिल रही थी, भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाईं। अहमदाबाद में, वेस्टइंडीज को दो बार खराब बल्लेबाजी का सामना करना पड़ा, जहां टीम 44.1 और 45.1 ओवर में ढेर हो गई। लेकिन दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कुछ सबक सीखे और एक ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन किया जो और भी सपाट लग रही थी। गंभीर ने इस पर ज्यादा रन न बनाने पर कड़ी आपत्ति जताई। गंभीर ने कहा कि मुझे लगा था कि यहां हमें बेहतर विकेट मिल सकता था। हां, हमें पांचवें दिन नतीजा जरूर मिला, लेकिन मुझे लगता है कि किनारों को स्लिप में पहुंचने की जरूरत है। भारत ने दिल्ली में दोनों पारियों में कुल 200-4 ओवर खेले, जिनमें से 118-5 ओवर दूसरी पारी में खेले, जब शुभमन गिल ने फ़ॉलो-ऑन दिया। बुमराह ने इस मैच में 31-5 ओवर फेंके,

जबकि सिराज ने 24 ओवर डाले। उन्होंने फिर भी बिना किसी रुकावट के शानदार मौके बनाए, लेकिन अक्सर बल्लेबाज़ों ने गेंद की लाइन के पीछे आसानी से पहुंचकर उन्हें नाकाम कर दिया। गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि तेज गेंदबाज़ों के लिए भी कुछ होना चाहिए।मुझे पता है कि हम स्पिनरों की अहम भूमिका के बारे में बात करते रहते हैं, लेकिन जब आपके पास दो अच्छे तेज गेंदबाज़ हों।

## इंग्लैंड की नजरें संघर्षरत पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथी जीत पर

**कोलंबो, वार्ता।** लगातार तीन जीत के साथ, इंग्लैंड महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 16वें मैच में पाकिस्तान महिला टीम के खिलाफ अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। कप्तान नैट शिवर-ब्रंट की अगुवाई में, इंग्लैंड ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें शक्तिशाली बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी का संयोजन अपने विरोधियों को मात देने के लिए किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में 117 रनों की शानदार पारी खेलने वाली शिवर-ब्रंट और केवल 17 रन देकर चार विकेट लेने वाली बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन इंग्लैंड की सफलता के केंद्र में रही हैं। उनके मैच जिताऊ प्रदर्शन ने टीम को तालि.

# भरथ थम्मिनेनी 8000 मी. से ऊंची 9 चोटियां फतह करने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पर्वतारोहण इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। आंध्र प्रदेश के कर्नूल के रहने वाले 36 वर्षीय पर्वतारोही भरथ थम्मिनेनी ने दुनिया की 8,000 मीटर से ऊंची नौ चोटियों पर चढ़ाई कर एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है।

सोमवार सुबह चीन के समयानुसार 6:55 बजे भरथ ने चो ओयू (8,188 मीटर)-जो विश्व की छठी सबसे ऊंची चोटी है। के शिखर पर पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की है। भरथ थम्मिनेनी भारत की अग्रणी पर्वतारोहण संस्था बूट्स एंड क्रेम्पोंस के संस्थापक हैं। उन्होंने अब तक दुनिया की 14 एट थाउजेंडर (8,000 मीटर से ऊंची) पर्वत चोटियों में से नौ पर सफलता प्राप्त की है। नेपाल की संस्था क्लीम्बलाया के सहयोग से यह चढ़ाई उन्होंने स्व. समर्थित अभियान के रूप में पूरी की है जिसकी सफलता के साथ वे भारत के सबसे सफल उच्च-ऊंचाई पर्वतारोहियों में शुमार हो गए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद भरथ ने कहा कि यह चढ़ाई सिर्फ मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि हर उस भारतीय पर्वतारोही को समर्पित है जो दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों को छूने का सपना देखता है। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार, दोस्तों, बूट्स एंड क्रेम्पोंस की टीम और भारत की उस अदम्य भावना को समर्पित करता हूं जो हर बार मुझे नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा

## भारत के जॉबी मैथ्यू ने पैरा पावर लिफ्टिंग विश्व चैंपियन में जीता कांस्य पदक

**काहिरा, वार्ता।** भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जॉबी मैथ्यू ने काहिरा, मिस्र में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर अपने शानदार करियर में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया। 65 किग्रा लीजेंड (मास्टर्स) वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, जॉबी ने 148 किग्रा और 152 किग्रा का प्रभावशाली भार उठाकर कुल 300 किग्रा का भार उठाया और पोडियम स्थान हासिल किया। थाईलैंड के फोंगसाकोन चुमचाई ने 162 किग्रा (155, 159, 162) उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरू के नील ग्रासिया ने 161 किग्रा भार उठाकर रजत पदक जीता। जॉबी का पदक तक का सफर धैर्य और दृढ़ संकल्प की कहानी है। 147 किग्रा का उनका पहला भार अमान्य घोषित होने के बाद, उन्होंने इसे एक व्यक्तिगत चुनौती के रूप में लिया और दूसरे प्रयास में 148 किग्रा तक भार उठाया और इसे त्रुटिहीन तरीके से पूरा किया। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने अपना वजन 152 किलोग्राम तक बढ़ाया और दो महीने पहले बीलजग विश्व कप में हासिल किए गए अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किलोग्राम को पार करते हुए सफलतापूर्वक भार उठाया। यह पदक जॉबी का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है, इससे

## तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा ने आसान जीत दर्ज की, चारों एकल खिलाड़ी आगे बढ़े





**गुवाहाटी, वार्ता।** पदक की दावेदार तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री आर ने मंगलवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की, जबकि चारों बालक एकल खिलाड़ी भी अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने पोलैंड की विक्टोरिया कालेत्का को मात्र 11 मिनट में 15-2, 15-1 से हराया, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने हांगकांग की लियू होई अन्ना को 23 मिनट में 15-8, 15-9 से आसानी से हरा दिया। इसके बाद रक्षिता श्री ने कनाडा की लुसी यांग को 15-5, 15-9 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। लड़कों के एकल वर्ग में, 11वीं वरीयता प्राप्त रौनक चौहान ने श्रीलंका के थिसाथ रूपाथुंगा को 15-3, 15-6 से हराया, 15वीं वरीयता प्राप्त सूर्याक्ष रावत ने तुर्किये के यिगितकन एरोल को 15-5, 15-8 से हराया, जबकि लालथाजुआला हमार ने अमेरिका के रायलन टैन को 15-11, 15-5 से हराया। कुछ घंटे बाद, ज्ञान दत्तू टीटी ने भी अपने साथियों के साथ राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया और ब्राज़ील के जोआकिम मेंडोंका को 15-10, 15-13 से हराया। अगले दौर में, ज्ञान दत्तू प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए सूर्याक्ष से भिड़ेंगे। भारत के लिए एकल वर्ग में एकमात्र उलटफेर तब हुआ जब एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के अपनी लय नहीं बना पाई और दूसरे दौर में थाईलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त टोनरुग साएहेंग से 6-15, 5-15 से हार गईं।

# सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है: गिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान के तौर पर शुभमन गिल ने अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज पर 2-0 की जीत के बाद उन्होंने कहा कि अब वह ष्टीम के सभी खिलाड़ियों को मैनेज करने की आदत डाल रहे हैं। प्रेजेंटेशन समारोह में उन्होंने कहा कि यह सब कुछ सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है। मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं, उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए। कभी-कभी आपको कुछ कड़े फैसले भी लेने पड़ते हैं।

उस एक्स-फैक्टर को चुनना होता है, जिनसे आपको रन या विकेट मिल सकते हैं। सात टेस्ट में चार जीत किसी भी कप्तान के लिए शानदार शुरुआत है, लेकिन जब आप भारत की कप्तानी करते हैं तो इसके साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी भी आती है। दिल्ली टेस्ट में भारत ने 270 रन की बढ़त के बाद वेस्टइंडीज़ को फ़ॉलो-ऑन दिया। इसके बाद दूसरी पारी में जॉन कैंपबेल और शाई होप के बीच 177 रन की तीसरे विकेट की साझेदारी हुई और मैच पांचवें दिन तक पहुंच गया। फ़ॉलो-ऑन के सवाल पर गिल ने कहा कि हम लगभग 300 रन आगे थे और विकेट काफ़ी डेड था। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लें तो हमें पांचवें दिन छह या सात विकेट लेने होंगे, जो मुश्किल हो सकता था। नीतीश कुमार रेड्डी इस एकादश में तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के तौर पर खेलें, लेकिन उन्होंने पूरे मैच में एक भी ओवर नहीं फेंका। गिल ने कहा कि (उन्होंने) इस मैच में ओवर नहीं फेंका,

**● मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए कभी-कभी कुछ कड़े फैसल भी लेने पड़ते है**

लेकिन हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी सिर्फ़ विदेशों में ही खेलें। इससे उन पर बहुत दबाव पड़ता है। अगर हम कुछ खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें विदेशों में जीत दिला सकें, तो हमें उन्हें मौके देने होंगे। इस सीरीज़ में रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने एक अहम भूमिका निभाई। इसमें कुलदीप को प्लेयर ऑफ द मैच और जडेजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला।

जडेजा ने मज़ाक में हंसते हुए कहा कहा कि मुझे (अश्विन की अनुपस्थिति में) ज्यादा ओवर डालने का मौका मिला। हम एक टीम के रूप में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमें पता है कि पिछले पांच-छह महीनों से हम किस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं। यह हमारे लिए एक अच्छा संकेत है और हम इसे लंबे समय तक जारी रख सकते हैं। जडेजा ने हाल के समय में बल्लेबाज़ी क्रम में ऊपर खेलना शुरू किया है और अब वह नंबर छह पर खेल रहे हैं। इस नंबर पर उनका प्रदर्शन बहुत शानदार रहा है। इंग्लैंड में उन्होंने मैनचेस्टर में एक शतक लगाया था और अब अहमदाबाद में भी उन्होंने ऐसा ही किया है। इसके साथ ही उन्होंने कई और अच्छी पारियां भी खेली हैं। इस बाबत उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से मैं नंबर आठ या नंबर नौ पर बल्लेबाज़ी कर रहा था, तो मेरा माइंडसेट अलग था। लेकिन अब मैं कोशिश करता हूं कि जब भी



मौका मिले तो ज्यादा समय क्रीज पर बिताऊं। अब उन्हें टीम के युवा स्पिनरों जैसे कुलदीप और वॉशिंगटन सुंदर को गाइड करने का भी मौका मिल रहा है।

# सम्पादकीय

बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

## पीएम की प्रशंसा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर पीएम मोदी की चर्चा की है। उन्होंने भारत को महान देश बताते हुए पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उनका यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान आया है। यह सम्मेलन गाजा में युद्ध विराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। जिसमें पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। जब वह पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे, तब ट्रम्प ने अपने पीछे खड़े शहबाज शरीफ की ओर देखा, जिस पर शरीफ ने भी उनकी हां में हां मिलाई। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत से विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी शरीक हुए। वहां उन्होंने ट्रम्प से मुलाकात भी की। भारत ने अपने वही पुराने स्टेंड को दोहराया और कहा कि भारत इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम और गाजा में शांति के लिए समझौते का स्वागत करता है। देर रात भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस ऐतिहासिक समझौते का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति होगी। भारत ने राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा शांति योजना का पूरी तरह समर्थन किया और इस शांति के मार्ग को आगे बढ़ाने में मिस्र और कतर की भूमिका की सराहना की। पाकिस्तान ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल पुरस्कार से नवाजने की बात कही है। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि मध्य पूर्व में शांति स्थापित होने का श्रेय ट्रम्प व उनकी टीम का है। उनका कहना था कि पाक ने पहले भी ट्रम्प को शांति के नोबेल के लिए नामित किया था और अब वह दोबारा नामित करना चाहते हैं। ट्रम्प ने अपने बयान में उम्मीद जताई कि तीसरा विश्वयुद्ध नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर होता भी है तो यह मध्य पूर्व में शुरू नहीं होने वाला है। अपने बयान में उन्होंने यह भी कह डाला कि उन्हें लगता है कि भारत-पाक अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। अब ऐसा उन्हें क्यों लगता है यह तो वही जानें। भारतीय सैनिक अधिकारियों के हवाले से जो बयान आ रहे हैं वह तो इस तरफ इशारा नहीं करते, क्योंकि मंगलवार को प. सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कटियार ने पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि पाक की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अभी भी जारी है और उन्होंने पाक से सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि पाक भारत से लड़ने की स्थिति में नहीं है लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर से कोशिश कर सकता है, लेकिन भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मतलब साफ है कि पाक की तरफ से अभी कुछ बदलता दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान अच्छे से साथ रहेंगे। भले ही ट्रम्प पीएम मोदी की प्रशंसा कर रहे हों, और अपना अच्छा मित्र बताते हो, लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि जमीनी स्तर पर उनकी तरफ से ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं देता, क्योंकि जिस तरह के फैसले उन्होंने भारत के प्रति टैरिफ के रूप में लिए हैं और उससे भी पहले जिस तरह उन्होंने अप्रवासी भारतीयों को वापस भेजा था, इसे देखकर तो ऐसा नहीं लगता।

## ऊंचे पदों पर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं



आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है, वे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है, यह पूरा प्रकरण इस बात का सबूत है कि भाजपा राज में ऊंचे पदों पर पहुंचकर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं हैं और न ही उनके लिए न्याय है, ऐसी शर्मनाक घटनाएं देश और समाज के लिए कलंक हं।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव, कांग्रेस**

# बिहार विधानसभा चुनावः पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी





यशोदा श्रीवास्तव

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद बीस साल पुराने मामले में लालू परिवार के खिलाफ आरोप तय होने का न्यायालईय फरमान आया है। इसमें लालू यादव,उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उनके पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित कुछ बड़े होटल मालिक और अफसरों के खिलाफ आरोप तय हुआ है। काफी संभावना है कि अक्टूबर बीतते-बीतते इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और तेज हो। ऐन चुनाव के वक्त इस कार्रवाई को दो नजरिए से देखा जा रहा है। एक यह कि कानून अपना काम कर रहा है और दूसरा यह कि चुनाव के वक्त भाजपा विरोधियों के साथ ऐसा करती रहती है। ए दोनों तर्क अब बिहार की जनता की कसौटी पर है।

इस बीच यदि बिहार की राजनीति में लालू परिवार के राजनीतिक दबदबे को देखें तो पता चलता है कि 2014 के बाद जब जब इस परिवार पर कानूनी शिकंजा कसा गया है तब तब यह परिवार राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर नहीं हुआ है। चाहे 2015 का चुनाव रहा हो या 2020 का। दोनों ही बार गठबंधन में रहकर चुनाव में आए और गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों से अधिक सीटें जीतने में कामयाब हुए। आरजेडी के साथ गठबंधन में लड़े गए 2015 के चुनाव में आरजेडी को 80 सीटों पर कामयाबी मिली थी जबकि जनता दल यूनाइटेड को 71 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। भाजपा 53 सीटों पर जीत हासिल की थी। जदयू और आरजेडी की गठबंधन सरकार सत्ता में आई थी। अधिक सीटें जीतने के बाद भी आरजेडी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। 2020 के चुनाव में आरजेडी को 75 सीटों पर जीत हासिल हुई और जदयू को 49 सीटों पर जीत मिली जबकि भाजपा 74 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस चुनाव के शुरुआती दौर में भाजपा और जदयू गठबंधन की सरकार थी।

बाद में आरजेडी और जदयू की सरकार बनी और अब फिर भाजपा और जदयू की सरकार है। 2015 के मुकाबले 2020 में आरजेडी की सीटें घटकर 75 हो गई वहीं जदयू भी 71 से घटकर 49 पर आ गई लेकिन भाजपा आश्चर्यजनक रूप से 53 से बढ़कर 74 सीटों तक पहुंच गई। 2020 में बढ़ी सीटों को पैमाना मानते हुए 2025 के चुनाव में भाजपा ने जदयू के साथ बराबर बराबर सीटों पर समझौता किया है ताकि चुनाव परिणाम बाद सरकार के नेतृत्व का फैसला करने में कोई अड़चन न आए। भाजपा गठबंधन यदि सत्ता में वापसी करता है और वह जदयू से दो चार सीटें भी अधिक पा लिया तो नितीश बखूबी जानते हैं कि उन्हें महाराष्ट्र के एक नाथ शिंदे ही होना है। 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव पिछले दो तीन चुनावों से हटकर होने जा रहा है। नीतीश कुमार ने पहले ही बिहार की महिलाओं के लिए ढेर सारी योजनाओं का अंबार लगा दिया है दूसरे प्रधानमंत्री मोदी ने जो 75 लाख महिलाओं के खाते में दस दस हजार नगदी की इमदाद दी है, वह भी कहीं न कहीं चुनाव को प्रभावित करेगा ही।

हालांकि प्रधानमंत्री के इस दस हजार के इमदाद को विपक्ष प्रधानमंत्री के दो लाख के वायदे के सापेक्ष महज झुनझुना करार दिया है लेकिन जनता यह मानें तब न। इसके अलावा 2020 में चिराग पासवान अकेले दम पर चुनाव लड़े थे। माना जा रहा है कि तब वे भाजपा को ही नुकसान पहुंचाए थे इस बार वे 39 सीटों के साथ भाजपा के साथ चुनाव मैदान में हैं। मुमकिन है कि भाजपा के सहयोगी जीतन राम मांझी संतोष जनक समझौता न होने पर भाजपा गठबंधन को थोड़ा बहुत नुक्सान करने की कोशिश करें लेकिन यह कोई गुल खिला पाए,यह मुमकिन नहीं है। इस चुनाव में दूसरा जो बड़ा फैक्टर है वह हैं पीके यानी प्रशांत किशोर। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को अंडर स्टीमेट करना सत्ता की दौड़ में शामिल किसी भी राजनी. तिक दल के लिए भूल होगी।

दो साल में उन्होंने अपनी चुनाव प्रवंधन की विशेष पहचान से अलग एक ईमानदार राजनीतिक चेहरे की पहचान भी स्थापित की है। वैसे भी जो शख्स अपने कुशल चुनावी प्रवंधन से दूसरे को सत्ता दिला सकता है वह क्या अपने लिए थोड़ा बहुत भी नहीं कर पाएगा वह भी उस बिहार में जहां की राजनीति जंगलराज और कथित सुशासन और कुशासन के बीच उलझ कर रह गया हो। कहना न होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव में पीके के जन सुराज की इंट्री ने मुकाबला तितरफा बना दिया है। जबसे बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ी है तब से देखा जाए तो यह साफ दिखता है कि पीके की पार्टी आरजेडी गठबंधन और जदयू गठबंधन दोनों को बराबर बराबर नुकसान पहुंचा रही है। और ये दोनों बड़ी पार्टियां इसे लेकर मुंह भले न खोलें अंदर अंदर परेशान बहुत हैं। 35 साल से आरजेडी और जदयू के बीच उलझा बिहार पीके के रूप में एक तीसरे विकल्प को भी देख रहा है। इस चुनाव में पीके अपनी साफ-सुथरी छवि के लिए खासा चर्चित हुए हैं। जाति से ब्राह्मण प्रशांत किशोर खूब जानते हैं कि जाति के जाल में फंसे बिहार की राजनीति को उसी जाल में फंसाकर ही बदला जा सकता है। जन सुराज के अबतक घोषित करीब 140 उम्मीदवारों को देखें तो जातीय समीकरण का ख्याल बहुत सोच-समझकर कर किया हुआ जान पड़ता है। पीके ने ईमानदार छवि के कुछ पूर्व नौकरशाहों पर भी दांव लगाया है तो भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह की पूर्व पत्नी ज्योति सिंह को टिकट देकर महिलाओं को आकर्षित करने का इमोशनल कार्ड भी खेला है। बिहार की राजनीति में अन्दर तक पकड़ रखने वाले विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वोटों में थोड़ा-सा झुकाव भी चौंकाने वाले परिणाम ला सकता है। चुनाव बाद बिहार के संभावित सरकार में पीके की भूमिका क्या होगी,यह कहना मुश्किल है लेकिन वे खुद कहते हैं यह चुनाव उनकी आगे की राजनीति के लिए अर्श या फर्श जैसा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नतीजा वही जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही



हफीज किदवई



लाखों मौतों के बाद गिद्धों ने कहा कि चलो अब पेट भर गया। अब शांति की बात की जाए। वह बात जो ठीक 777 दिन पहले भी हो सकती थी। वह बात जो कोई भी, कभी भी कर सकता था। मगर जब लाखों घर ढह गए, इंसान मर गए, शैतान भी बेरहमी से चीख उठा,बच्चों की लाशें चिंदी चिंदी करके वहशी खा गए, तब बात फिर वहीं पहुंची, बात. चीत और शांति। यह सब उस मिस्र में इकठे होकर शांति के समझौते को रख रहे हैं। जिस मिस्र ने गजा में मदद तक न पहुंचने दी थी। यह वह जॉर्डन और मिस्र हैं, यह वह अरब हैं, जिनकी किताबों में दर्ज था कि अगर पड़ोसी भूखा है, तो तुम पर खाना हराम है। इनका पड़ोसी भूखा तो छोड़िए, तबाह हो बर्बाद हो गया, यह अय्याशियों में मस्त रहे। जब इनकी आवाम ने सुर्ख आंखे दिखाई और एक हलचल पैदा हुई कि अगर तुमने हरकत न करी, तो तख्त उलट जाएंगे। तब यह पलटे और मिस्र में इकठे हो गए।

अमरीका के पिछलग्गुओं ने देर ही में सही,कम से कम इतनी तबाही के बाद एक फिक्र को अमली जामा पहनाया। अब कम से कम यहीं से उस मिट्टी पर सुकून आ जाए। अब यहां से ही सही, फलस्तीन एक नई शुरुआत करे। उसे सब मिलकर वैसे ही उसकी जमीन पर रोप दें और मदद करें। जैसे तमाम तबाह हो चुके यहूदियों को एक बार रोपा गया था। फिलिस्तीन नाम का मुल्क अगर जमीन पर उभर आया तो यह मीटिंग का कुछ तो फायदा होगा वरना बस यही है कि जमीन जायदाद और जान छीनकर खामोश कर दिया। यह एक तारीखी पहल हो सकती है। यहीं से उम्मीद के रास्ते बन सकते हैं। इसीलिए दुनिया के तमाम लीडर्स यहां इकट्ठे हैं मगर फिर भी अगर यहां चीन और रूस होते, तो कदम ज्यादा ठोस मालूम देते। यह तो अमरीका के दोस्त इकट्ठे हुए हैं। उसकी नाजायज औलाद इजराइल के किए को लीप रहे हैं। देखते हैं कि पूरा लिप जाता है या नहीं, क्योंकि सबकी नियत में लालच और खोट है, सबकी आंखों में अमरीका का खौफ भी है।

गजा की तबाही हमारी पीढ़ी की देखी सबसे खौफनाक कहानी है। हमने अपनी आंखों से बच्चों, औरतों, नौजवानों, बूढ़ों, जानवरों, इमारतों, स्कूलों, अस्पतालों, फैक्ट्रियों को जमीन में मिलते देखा है। हमने इंसानियत पर सबसे बड़े जुल्म को होते देखा है। भूख से पिचके पेट, धंसी आंखे, सूखे होंठ और बच्चों के गालों पर झुर्रियां देखीं हैं। यह सब एक समझौते से मिट नही जाएंगी, दर्द रहेगा, सदियों रहेगा,बस सुकून आ जाए।

हम शांति चाहते थे। किसी भी हाल में शांति ही हमारा पहला मकसद था। इसलिए जब युद्ध रुका और इन सबों ने शांति के लिए कदम उठाया। सारी दुनिया यहां इकट्ठी हो गई। तो बस यही सुकून है कि चलो, मौत का नंगा नाच तो रुकेगा। बाकी सियासत, कूटनीति और बंदरबाट एक तरफ, कम से कम मौत तो रुकीं। मरना तो रुका। बस इतने के लिए यह कदम ठीक ही लग रहा है। आज से ही सही, उम्मीद और सुकून का रास्ता बन जाए। अरब अपने पड़ोस की इस तबाही को अपनी मदद से भर सकें। जमीन का यह हिस्सा भी अपने हिस्से की सुकून और तरक्की को पा सके। यहीं से ही सही,कम सेकम शांति की बात बढ़ चले। इतना ही बहुत है। आखिर में बस इतना,तमाम मतलबपरस्त मिलकर कोई फैसला ले रहे हैं। इसमे सिर्फ एक बात ही पक्की हो जाए कि अब और मौतें नहीं, अब और तबाही नहीं। दुनिया का हर मसला आखिर में बातचीत की मेज पर ही आता है । यही बात 7 दिन, 77 दिन पर हो सकती थी मगर 777 दिन लग गए। नतीजा वही,जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही, बातचीत। बस अब से यहां सुकून आ जाए,यही दुआ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस दीपावली में लाएं चेहरे पर सोने सा निखार



शहनाज हुसैन

त्योहारों का सिलसिला शुरू हो गया है। दीपोत्सव के पावन दिन हर महिला रंगों की तरह दमकना चाहती है ६ लेकिन इसके बिपरीत पहले नवरात्रों में डांडिया की धूम की बजह से घर से बाहर रहने और फिर दीवाली के लिए घर की साफ सफाई, डेकोरेशन ,लाइटिंग तथा शॉपिंग की जिम्मेदारी की बजह से से त्वचा धूल ,मिट्टी और प्रदूषण के सम्पर्क में आने से करना एकदम खराब हो जाती है। घर की साज सज्जा और मेहमानों की खातिरदारी की तैयारियों की बजह से ज्यादातर महिलाएं अपने लिए समय नहीं निकाल पाती हैं जिसकी बजह से पावन दिन पर उनका चेहरा बुझा, थका और उदास सा दिखने लगता है, लेकिन इसके लिए आपको टेंशन लेने की कोइ बात नहीं है। अगर आप इस त्योहार पर ग्लोइंग स्किन पाना चाहती है तो अभी से अपने लिए कुछ समय निकाल कर नियमित रूप से स्किन केयर रूटीन फॉलो करना शुरू कर दीजिए जिससे आप नेचुरल ग्लो के साथ सब के साथ अलग और खूबसूरत दिखें और आपके चेहरे से प्रकृतिक आभा झलके आपको महज कुछ सौन्दर्य सावधानियां अपनानी होंगी तथा बाजार के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू ऑर्गेनिक प्रसाधनों का उपयोग करना होगा जोकि आपकी बाटिका तथा किचन कैबिनेट में मौजूद हैं। इस अबसर पर परम्पारिक घाघरा-चोली, साड़ी, कुर्ता, सलवार के साथ आर्गेनिक सौन्दर्य प्रसाधनों से आपके सौन्दर्य को चार चांद लग जाएंगे तथा आप इस खास दिन आकर्षण का केंद्र बन जाएंगी। घरेलू आर्गेनिक नुस्खे अपनाकर न केवल आप त्यौहार में अपनी रंगत निखार कर इस उत्सव की आभा बढ़ा सकती हैं बल्कि आपके चेहरे का आकर्षण त्यौहार में चार चांद लगा सकता है। दिवाली के साथ-साथ मौसम भी करवट लेता है। इस मौसम में ठंडक बढ़ जाने से दिनों दिन बाताबरण में आद्रर्ता की कमी आनी शुरू हो जाती है जिससे त्वचा में रूखापन आना शुरू हो जाता है। आपके होंठ ,चेहरे, त्वचा तथा बालों पर ठंडक की मार साफ झलकने लगती है। पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की पहली बर्फबारी के साथ ही त्वचा का प्रकृति संतुलन बिगड़ना शुरू हो गया है तथा त्वचा में रूखापन आने के साथ ही त्वचा में चकते ,फोड़े, फुन्सिया, मुहांसे पैदा हो जाते हैं तथा बाल रूखे सूखे होकर बेजान तथा निर्जीव लगने लगते है। इसलिए त्वचा में नमी बनाए रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है। इस मौसम में सामान्य तथा सूखी त्वचा को जैल के साथ दिन में दो बार साफ करना चाहिए। क्लीनजर से त्वचा की हल्के तरीके से मालिश कीजिए तथा विषैले एवं गन्दे पदार्थो को गीले कॉटन वूल से हटा दीजिए। इसके बाद त्वचा पर कॉटनवूल के मदद से गुलाब जल तथा त्वचा टानिक का प्रयोग कीजिए। इस दौरान वाताबरण में प्रदूषण खतरनाक स्तर को पार कर जाता है तथा वातावरण में रासायनिक वायु प्रदूषण, गन्दगी तथा कालिख एवं मेल विद्यमान रहती है। इन सबसे त्वचा सम्बन्धी विकार पैदा होते है। शहरों में रहने वाली महिलाओं को रात्रि में अपने अंगों की सफाई आवश्यक रूप से करनी चाहिए। रात्रि में सभी प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन शरीर में हटा देने चाहिए क्योंकि इनसे त्वचा में रूखापन आ जाता है तथा त्वचा का प्राकृतिक अम्लीय-क्षारीय संतुलन भी बिगड़ जाता है जिससे त्वचा ड्राई हो जाती है। हालांकि मौसम में ठण्डक जरूर आ गई है लेकिन दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। यदि आप कामकाजी महिला हैं तथा दिन भर खुले बाताबरण में सफर करती हैं तो सुबह घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन का उपयोग कीजिए तथा यदि आप घर के अन्दर रह रही है तो त्वचा पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। आज कल बाजार में माइस्चराईजर क्रीम तथा तरल रूप में उपलब्ध है। रूखी त्वचा के लिए रात्रि में क्लीजिंग के बाद नरीशिंगध्पौषक लगाकर इसे पूरे चेहरे पर मल लीजिए तथा बाद में कॉटनवूल की मदद से इसे साफ कर लीजिए। जिसके बाद आप त्वचा पर सीरम लगा लीजिए।

तेलीय त्वचा को भी माइस्चराईजर की जरूरत होती है। अगर तैलीय त्वचा पर क्रीम लगाई जाए तो कील मुंहासे उभर आते है। तैलीय त्वचा में नमी प्रदान करने के लिए एक चम्मच शुद्ध गलीसरीन में 100 मिली लीटर गुलाब जल मिलाऐं। इस मिश्रण को फ्रिज में एयरटाईट जार में रखे। इस मिश्रण को क्लीनजिंग के बाद उपयोग कीजिए। उससे त्वचा में तैलीयपन की बजाय नमी का प्रभाव आता है। त्वचा को साफ करने के लिए दूध या फेसवॉश का उपयोग करें। फेसिअल स्क्रब से चेहरे की त्वचा में लालिमा तथा चमक आती है। हफ्ते में दो बार फेसिअल स्क्रब का उपयोग करना चाहिए। पीसे हुए बादाम या चावल पाऊडर को दही तथा थोड़ी सी हल्दी में मिलाईए। आप इसमें सूखा तथा पाऊडर संगतरा व नींबू के छिलके मिला लीजिए। इसे चेहरे पर लगाकर चेहरे की हल्की अहिस्ता से मालिश कर लीजिए तथा बाद में कुछ समय बाद चेहरे को ताजे पानी से धो डालिए। दिन में घर में बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन जरूर लगा लीजिए। आप अपनी त्वचा की प्रकृति के अनुसार सनस्क्रीन लोशन या क्रीम को उपयोग में ला सकती है। आपको दिन में क्रीम, पौषाहार तथा रात्रि में भी रात्रि क्रीम तथा सीरम का उपयोग करना चाहिए। दीवाली त्यौहार अपने साथ सर्द ऋतु की सौगात लाती है। प्रतिदिन चेहरे पर 10 मिनट तक शहद लगाइए तथा बाद में इसे ताजा स्वच्छ जल से धो डालिए। यदि आप के घर में घृतकुमारी या एलोवेरा का पौधा लगा है तो इसकी आन्तरिक हिस्से की पत्तियों में विद्यमान जैल को चेहरे पर नमी तथा ताजगी प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। गाजर को रगड़कर इसे चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगाऐ। गाजर विटामिन 'ए' में भरपूर मानी जाती है तथा सर्दियों में त्वचा को पौषाहार प्रदान करने में काफी सक्षम होती है। यह सभी प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक मानी जाती है। आधा चम्मच शहद में एक चम्मच गुलाब जल तथा एक चम्मच सूखा दूध् का पाऊडर मिलाईए। इन सबका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लीजिए तथा 20 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। यह मिश्रण सूखी तथा सामान्य दोनों प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक साबित होता है मेयोनेज या अण्डे का योक चेहरे पर लगाने से सभी प्रकार की त्वचा में सूखेपन से राहत मिलती है। सप्ताह में दो बार बालों की तेल से ट्रीटमेंट करें। जैतून के तेल को गर्म करके इसे बालों तथा खोपड़ी पर मालिश करें। इसके बाद तौलिए को गर्म पानी में डुबोए तथा पानी को निचोडने के बाद तोलिए को सिर पर पगड़ी की तरह पांच मिनट तक लपेट लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दो. हराएं तथा इस प्रक्रिया से बालों तथा खोपड़ी पर तेल को सोखने में आसानी होती है। अण्डे का सफेद हिस्सा तैलीय बालों को प्राकृतिक क्लीनजर का अदभुत कार्य करता है था इसके प्रोटिन तत्वों से शरीर को सुदृढ करने में प्रभाव मदद मिलती है। अंडे में सफेद हिससे को बालों को शैम्पू करने से आधा घण्टा पहला लगा लीजिए। बालों को पोषण प्रदान करने के लिए अण्डे के योक से खोपड़ी को हल्की-हल्की मालिश कीजिए तथा इसे आध घंटा तक रहने दीजिए तथा बाद में बालों को ताजे स्वच्छ पानी से धो डालिए। इससे बाल मुलायम हो जाते है। यदि आप दीवाली त्यौहार को यादगार बनाने के लिए घर में कड़ी मेहनत कर रही है तो आपको कुछ टिप्स कापफी मददगार साबित हो सकते है। त्यौहार में पहले आप नरव प्रसाध्न तथा पादचिकित्सा अवश्य कर लीजिए। वास्तव में हाथ तथा पांवों को गर्म पानी में डुबोने के बाद क्रीम से मसाज कर लीजिए ताकि त्वचा कोमल तथा मुलायम बन जाए। हाथों के सौंदर्य के लिए उन्हें चीनी तथा नींबू जूस से रगड़ लें। दीवाली त्यौहार से पहले वैक्सिंग तथा थ्रेडिंग की ओर भी हल्का सा ध्यान देना न भूले।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सीओपी ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने पर सहमत जताई

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में आगामी 2025 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी30) में भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने की आवश्यकता पर व्यापक रूप से सहमति व्यक्त की है। शिखर सम्मेलन के प्रभारी ब्राजील के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ब्राजील के विदेश मंत्रालय के जलवायु, ऊर्जा एवं पर्यावरण सचिव तथा सीओपी30 के अध्यक्ष आंद्रे कोर्रिया डो लागो ने ब्रासीलिया में आयोजित प्री-सीओपी30 बैठक के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुपक्षवाद को सुदृढ़ करने की इच्छा पर स्पष्ट सहमति है और सभी ने इसका उल्लेख किया।

### वेनेजुएला में खदान ढहने से 14 की मौत

**काराकस।** दक्षिण-पूर्वी वेनेजुएला के बोलिवर राज्य में सोमवार को एक सोने की खदान ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी मंगलवार को राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन प्रणाली ने दी। यह दुर्घटना रोसियो नगरपालि. का के एल कैलाओ शहर में हुई, जहां भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई जिससे खदान की संरचना कमज़ोर हो गई और वह ढह गई। अग्निशमन कर्मी और नागरिक सुरक्षा अधिकारी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से शवों को निकालने का काम कर रहे हैं।

### रूस आर्कान्जेस्क क्षेत्र में मिला 340 कैरेट का हीरा

**मॉस्को।** रूस के आर्कान्जेस्क क्षेत्र में एक भंडार से 340 कैरेट का एक उच्च गुणवत्ता वाला हीरा मिला है। स्थानीय गवर्नर अलेक्जेंडर त्सिबुल्स्की ने सोमवार को यह जानकारी दी। त्सिबुल्स्की ने कहा कि यह हीरा आधुनिक रूस में खोजे गए पांच सबसे बड़े हीरों में से एक है और यह स्थानीय वी. ग्रिब भंडार के औद्योगिक विकास के दौरान मिला। यह अब तक का सबसे बड़ा हीरा है। गवर्नर के अनुसार, यह रत्न न केवल अपने असाधारण आकार के लिए, बल्कि अपनी गुणवत्ता और बाजार के दामों के लिए भी खास है।

### वेनेजुएला का नार्वे दूतावास बंद करने का ऐलान

**काराकस।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचादो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने से नाराज सरकार ने नार्वे के दूतावास पर ताला लगा दिया है। वेनेजुएला में नोबेल समिति के फैसले की ही कघे आलोचना का ज्वार थम नहीं रहा है। लोग मानते हैं कि वह देश में सत्ता पलटने के लिए विदेशी सैन्य हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं और स्वयं भी तख्तापलट के प्रयासों में भागीदार रही हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सुमाचादो को धुर दक्षिणपंथी नेता बताते हुए कहा कि वह देश में बाहरी हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं।

# गाजा में इजरायल ने मचाई 13 एटम बमों जितनी तबाही

## मलबा हटाने में ही लगेंगे 15 साल, 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त

**गाजा सिटी।** गाजा पट्टी आज एक भूगोल नहीं, बल्कि बारूद में झुलसे मानवीय त्रास का प्रतीक है। इजरायल ने गत दो वर्षों में करीब 2 लाख टन विस्फोटक बरसाए हैं। यह इतना बारूद है जो 13 परमाणु बमों के साझा असर के बराबर है। हमास की जिद का मूल्य गाजा को एक लाख से अधिक मौतों के रूप में चुकाना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की नवीनतम अक्तूबर 2025 की रिपोर्ट रिकंस्ट्रक्शन इंडेक्स ऑफ गाजा के अनुसार, इस तबाही में 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं और हर 10 में से 8 इमारतें खंडहर हैं।

गाजा मानव निवास के लिए अयोग्य क्षेत्र है। लगभग 90 प्रतिशत आबादी के घर या तो ढह गए हैं या रहने लायक नहीं बचे। 95 प्रतिशत से अधिक बहु मंजिला इमारतें जमींदोज हो चुकी हैं। यूएनडीपी और विश्व बैंक के साझा सर्वेक्षण कहता है, गाजा में अब 6 करोड़ टन से अधिक मलबा फैला है। यह मात्रा सीरिया के अलेप्पो युद्ध के दौरान हुए कुल विनाश से तीन गुना अधिक है। मलबा हटाने की अनुमानित लागत 24 अरब डॉलर (करीब 2 लाख करोड रुपये) है जो फलस्तीनी वार्षिक जीडीपी से 4 गुना है। इंजीनियरिंग परिषद के आकलन में कहा गया है कि मौजूदा संसाधनों के आधार पर सिर्फ मलबा हटाने में ही 12 से 15 साल लगेंगे और तब जाकर किसी नए निर्माण की शुरुआत संभव होगी। इसलिए गाजा का पुनर्निर्माण एक बड़ी चुनौती है। तबाही का सबसे भयावह पहलू मानव जीवन की हानि है। संयुक्त राष्ट्र मानवीय राहत एजेंसी, डब्ल्यूएचओ और यूएनआरडब्ल्यूए की अक्टूबर 2025 तक की समेकित रिपोर्टों के अनुसार गाजा में करीब 1.52 लाख लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से 1.8 लाख मौतों की पुष्टि हुई है व 43 हजार से अधिक लोग मलबे में दबे या लापता हैं। घायलों की संख्या 3.72 लाख से अधिक है, जिनमें 60 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं-बच्चे हैं। मृतकों में 423 स्वास्थ्यकर्मी, 179 पत्रकार और 247 संयुक्त राष्ट्र राहतकर्मी हैं जो कर्तव्य निभाते हुए हमलों का शिकार बने। हमास की तरफ से इजरायल के 20 बंधकों को गाजा युद्धविराम के तहत रेड क्रास को सौंपते ही इजरायलियों में जश्न शुरू हो गया। पश्चिम एशिया समेत पूरी दुनिया को अस्थिर करने वाला दो साल से जारी विनाशकारी युद्ध खत्म होने से गाजा और इजरायल दोनों जगह लोगों ने उत्सव मनाया। लेकिन युद्धविराम और बंधकों की रिहाई संबंधी शांति योजना सिर्फ पहला कदम है। अगले कदमों पर प्रतिस्पर्धी मांगें बरकरार हैं। इस कारण युद्ध की वास्तविक समाप्ति पर अनिश्चितता है। इजरायली बंधकों को रिहा करते वक्त हमास ने कहा कि 1900 से अधिक फलस्तीनी कैदियों के बदले 20 जीवित बंधकों को रिहा किया जा रहा है।




### सांसद कीर्तिवर्धन सिंह गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रतिनिधि के रूप में उत्तर प्रदेश के गोंडा लोकसभा सीट से सांसद एवं विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शर्म अल-शेख में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी की सह-मेजबानी में आयोजित गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से मंगलवार को यह जानकारी दी। जायसवाल ने लिखा कि भारत ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करता है और आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थाई शांति स्थापित होगी।



चंडीगढ़। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार के परिवार के सदस्यों से मिलते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## ढाका में केमिकल गोदाम-कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग, नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मीरपुर इलाके के शियालबाड़ी में मंगलवार को एक रसायनिक (केमिकल) गोदाम और कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा अचानक हुआ और आग ने तेजी से पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटनास्थल से कई झुलसे हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के अधिकारी तल्हा बिन जसीम ने बताया कि आग रूपनगर इलाके में स्थित बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलाजी (बीयूबीटी) के पास लगी। केमिकल गोदाम से शुरू हुई आग फैक्ट्री तक पहुंच गई। मामले में फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के ऑपरेशन्स डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद ताजुल इस्लाम चौधरी ने जानकारी दी कि मृतकों के शव कपड़ा फैक्ट्री की दूसरी और तीसरी मंजिल से बरामद किए गए हैं।

### डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए नाउरू के राष्ट्रपति चुने गए

**सिडनी।** नाउरू में शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों के बाद वर्तमान राष्ट्रपति डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए है। नाउरू सरकार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मंगलवार को माइक्रोनेशियाई राष्ट्र की 25वीं संसद के उद्घाटन सत्र के दौरान एडियांग को निर्विरोध राष्ट्रपति चुना गया। एडियांग अक्टूबर 2023 से नाउरू के राष्ट्रपति के रूप में सेवा दे रहे हैं और 2001 से संसद सदस्य हैं। वह शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों में 25वीं संसद में नाउरू के आठ बहु-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए 19 सांसदों में से एक हैं।

## दोस्तों को बचाकर खुद हमास के चुंगल में फंसा था बिपिन

■ इजरायल को सौंपा गया बंधक बिपिन जोशी का शव

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद अब बंदियों की अदला-बदली का दौर शुरू हो चुका है। हमास ने 20 जीवित बंदियों को रिहा किया। इसी के साथ दूसरी तरफ हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड्स ने 4 मृत इजरायल बंधकों के नाम सार्वजनिक कर, उनके शव सौंप दिए हैं, जिनमें से एक हिंदू छात्र बिपिन जोशी का शव भी शामिल है, जिनकी मौत की पुष्टि कर दी गई है। हमास ने अपहृत बंदी बिपिन जोशी का शव दो साल से ज्यादा समय के बाद इजरायल को लौटा दिया गया है। 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान बिपिन जोशी को उनकी बहादुरी के लिए जाना जाता था। उन्होंने बड़ी बहादुरी के साथ उसके 4 दोस्तों को बचाया था। बिपिन जोशी, जो कि नेपाली छात्र थे, हमास के हमले के समय 22 वर्ष के थे और गाजा सीमा के पास किबुत्ज़ अलुमिम में एक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नेपाल से आए थे। माना जाता है कि वह गाजा में जीवित बचे एकमात्र गैर-इजरायली और हिंदू बंधक थे। सोमवार देर रात हमास ने उनका शव इजरायली अधिका. रियों को सौंप दिया।

## भारत में 3 कफ सिरप के खिलाफ WHO की चेतावनी

### इन सिरप से जान को खतरा, कोल्ड्रिफ भी शामिल, MP में इससे 25 बच्चों की मौत हुई

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में तीन मिलावटी कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की। इनमें श्रीसन फार्मास्यूटिकल की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेस्पिफेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ की खेप शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि तीनों सिरप गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। ये जान के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारी का कारण भी बन सकते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने दुनियाभर के देशों से कहा है कि अगर उनके यहां ये दवाओं मिल रही हैं तो हमें इसकी जानकारी दें। कोल्ड्रिफ वही सिरप है, जिससे मध्य प्रदेश में सितम्बर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की मौत हुई है। सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल (डीईजी) की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी, जिससे बच्चों की जान गई। डब्ल्यूएचओ ने 9 अक्टूबर को भारत से पूछा था कि क्या कोल्ड्रिफ कफ सिरप विदेशों में भी निर्यात किया गया था। भारत में दवाओं की निगरानी करने वाली अथारिटी, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल आर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने कहा था कि कोई भी मिलावटी दवा बाहर नहीं भेजी गई। न ही अवैध निर्यात का कोई सबूत मिला है। तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित फैक्ट्री से सोमवार रात अधिकारियों ने कोल्ड्रिफ के सैंपल जब्त किए। श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द, कंपनी भी बंद तमिलनाडु स्थित कांचीपु. रम में श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी कोल्ड्रिफ सिरप बना रही थी। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द कर दिया और कंपनी को आधिकारिक रूप से हमेशा के लिए बंद कर दिया। कंपनी के मालिक रंगनाथन गोविंदन (75 साल) को 9 अक्टूबर को चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। मध्य प्रदेश पुलिस की एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (सीट) ने उसे पकड़ा था। उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड (20 अक्टूबर तक) पर भेजा गया है। कोल्ड्रिफ में किडनी खराब करने वाला 48 प्रतिशत जहर एमपी में बच्चों की मौत के बाद श्रीसन फार्मा की यूनिट से कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) जब्त की गई थी।




सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी

## अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल

■ पाक पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले: संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है, दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि अफगान के साथ दुश्मनी भरा माहौल है। इस्लामाबाद और काबुल में किसी भी वक्त संघर्ष शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों देशों में कोई झड़प नहीं हो रही है, लेकिन दोनों देशों के बीच संबंध ठंड पड़ गए हैं। आसिफ ने आगे कहा संघर्ष की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

अगर अफगानिस्तान धमकी देता है, तो हमें तुरंत प्रतिक्रिया देने का अधिकार है। दरअसल 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए- तालिबान पाक (टीटीपी) के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 11 अक्टूबर को देर रात पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर हमला कर दिया था। बार्डर पर दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर रहीं। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और यात्रियों का आना-जाना बंद रहा। बार्डर बंद होने से सैकड़ों अफगान लोग पाकिस्तान में फंसे हुए हैं। वे अपने मुल्क नहीं लौट पा रहे हैं।

## यूएन महासभा में बोले भाजपा सांसद: पाकिस्तान उपदेश न दे

**न्यूयार्क।** भाजपा नेता और लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की आलोचना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उसकी हार का हवाला दिया। पाकिस्तान पर बच्चों और आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे (सीएएसी) के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में बाल अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के एजेंडे पर एक सेशन को संबोधित कर रहे थे। निशिकांत ने कहा कि पाकिस्तान को खुद को आईने में देखना चाहिए, इस मंच पर उपद. ेश देना बंद करना चाहिए, अपनी सीमाओं के भीतर बच्चों की सुरक्षा के लिए कदम उठाना चाहिए और अपनी सीमाओं के पार महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाना बंद करना चाहिए। निशिकांत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और विकास के लिए बेहतर वातावरण बनाना राष्ट्रीय महत्व का विषय है। भारत के प्रयासों की सराहना करने के लिए हम विशेष प्रतिवे. दक का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने भारत में चल रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसी पहलों का उल्लेख किया। यह हेल्पलाइन खतरे में पड़े बच्चों को इमरजेंसी सर्विस प्रोवाइड करती है। हमारी उज्ज्वला योजना तस्करी और यौन शोषण से बच्चों के बचाव और पुनर्वास पर केंद्रित है। दुबे ने कहा कि दूसरी ओर, पाकिस्तान में बिल्कुल उलटा है। वह एक ऐसा देश है जो सीएएसी एजेंडे के सबसे गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है।



■ पहले आईने में चेहरा देखे, महिलाओं-बच्चों को निशाना बनाना बंद करे

## भारत में एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनाएगा गूगल

■ कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही: थामस कुरियन

**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज गूगल भारत में बड़ा निवेश करने जा रहा है। गूगल ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही है।

इस निवेश के तहत कंपनी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक विशाल डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब स्थापित करेगी। गूगल के मुताबिक, यह अमे. रिका के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा एआई सेंटर होगा। गूगल क्लाउड के सीईओ थामस कुरियन ने दिल्ली में आयोजित समझौता कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह हमारे लिए अमे. रिका के बाहर सबसे बड़ा एआई हब निवेश है। भारत अब ग्लोबल टेक हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और राज्य के आईटी मंत्री नारा लोकेश भी मौजूद रहे। यह समझौता आंध्र प्रदेश में तेजी से बढ़ती डिजिटल इकानमी को गति देने वाला माना जा रहा है।

## सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 11 वां टेस्ट कामयाब

### दूसरी बार आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े, स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 11वां टेस्ट कामयाब रहा। इसे मंगलवार (14 अक्टूबर) को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था, जिसमें सुपर हैवी बूस्टर की अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई।

वहीं स्टारशिप की हिंद महासागर में वाटर लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट का मकसद भविष्य में राळकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाने से जुड़े टेस्ट करना था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप को भारतीय समय के अनुसार सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। फ्लाइट एक्सपेरिमेंट्स से नेक्स्ट-जनरेशन बूस्टर के लिए जरूरी जानकारी इकट्ठा की गई। व्हीकल के संवे. दनशील हिस्से को टेस्ट करने के लिए वहां से कुछ टाइल्स हटा दी गई थीं। बूस्टर के लैंडिंग बर्न के दौरान एक खास इंजन कॉन्फिगरेशन का प्रदर्शन किया गया। लैंडिंग के अंतिम चरण में तीन सेंटर इंजनों में से एक को जानबूझकर बंद किया गया, ताकि यह जांचा जा सके कि मिडिल रिंग का बैकअप इंजन लैंडिंग को पूरा कर सकता है या नहीं। मिशन में आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़ी गई। अंतरिक्ष में एक रैप्टर इंजन को दोबारा चालू करने का टेस्ट भी किया गया, जो कामयाब रहा। स्टारशिप के सुपर हेवी बूस्टर की अमे. रिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप का 10वां टेस्ट 27 अगस्त को किया गया था, जो कामयाब रहा था। राकेट को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। इस मिशन में स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने से लेकर इंजन चालू करने जैसे सभी आब्जेक्टिव पूरे हुए। स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट असली स्टारलिंक सैटेलाइट्स के डमी हैं। इनका इस्तेमाल स्टारशिप की सैटेलाइट डिप्लायमेंट क्षमता को परखने के लिए किया जाता है।



■ दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया

## मंगोलिया के नागरिकों को मिलेगा नि:शुल्क ई-वीजा

■ भारत मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार बताते हुए दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर मंगो. लिया के नागरिकों के लिए निशुल्क ई-वीजा की घोषणा की और कहा कि दोनों के बीच आध्यात्मिक संबंधों तथा परंपराओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत मंगो. लिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति हुरेलसुख की यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और रणनीतिक भागीदारी के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर दोनों देशों ने संयुक्त डाक टिकट भी जारी किया जो साझा विरासत, विविधता और गहरे सत्यतागत संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छह वर्ष के बाद मंगोलिया के राष्ट्रपति का भारत आना अपने आप में एक विशेष अवसर है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि भारत मंगोलिया के नागरिकों को निष्शुल्क ई-वीजा देगा और हर वर्ष मंगोलिया से युवा 'कल्चरल एम्बेसडर्स' की भारत यात्रा की भी व्यवस्था करेगा।

